रोहतास, भोजपुर, बक्सर एवं कैमूर जिले जो धान गेहूं की उत्पादकता में पंजाब की बराबरी करते हैं, के किसान इस योजना के बंद होने के कारण तबाही के कगार पर है तथा बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था भी खतरे में है। भूख-गरीबी से त्रस्त लोगों के हित में है कि सोन आधुनिकीकरण के कार्य को तत्काल पुनः प्रारंभ कर सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की जाये जिससे सिंचित जमीन के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके।

**(xviii) Need to strengthen anti-piracy measures in high seas in co-ordination and support with the nations sharing seas in Indian Ocean**

SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM): Indian seafarers are working in large number across the globe with foreign flag vessels. Mercantile Marine Division of the Government of India trains and equips them to find jobs in foreign shipping companies. Being a members of International Maritime Organization (IMO) India has been protecting its seafaring community. Increasing incidence of piracy on high seas has emerged as the new threat to the seafaring community. Most of such piracy attempts are reported in the Indian Ocean, involving pirates of Somalian origin. Most of the seafarers, abducted and kept hostage by the pirates, belong to Indian and their whereabouts or fate remain unknown to relatives in India for long periods. I urge the Government of India to prevail upon the IMO to strengthen anti-piracy measures across high seas, in close support with the navies of nations of the Indian Ocean Coast.

The future of Indian seafaring cadets is already under threat due to stiff competition from Philippines and Chinese who work for low wages. The sudden surge in incidents of piracy on high seas is making it difficult for Indians. The Government should, therefore, work out crash plan to sustain them during exigencies arising from lay off and trauma during captivity by high sea pirates.

**14.01 hrs.**

## MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS – Contd.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we will take up item No. 6, Motion of Thanks on the President's Address.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का अवसर दिया। कल से मैं सभी सम्मानित नेताओं को सुन रहा था और मैं यह समझता हूं कि शायद राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की सर्वोच्च प्राथमिकताओं को रेखांकित और दिग्दर्शित करता है। इसमें यदि हमारी सरकार का कोई लक्ष्य है तो केवल आम आदमी का लक्ष्य है। आज दुनिया के तमाम प्रजातांत्रिक मूल्य होंगे और प्रजातांत्रिक देश होंगे, लेकिन जिस तरह से हमने इस सरकार में पिछले दिनों उन तमाम व्यक्तियों को रोजगार से वंचित नहीं किया, जब तमाम दुनिया वैश्विक मंदीकरण से जूझ रही थी और तमाम यूरोपियन कंट्रीज, जापान, यू.एस. आदि देशों में लोगों की छंटनी हो रही थी, उस समय भी हमने हिंदुस्तान में लोगों के रोजगार की छंटनी नहीं की और यहां तक कि हमने भारत निर्माण और ग्रामीण विकास की जो अर्थव्यवस्था रखी, उन कार्यक्रमों से हमने लगभग साढ़े पांच करोड़ लोगों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार दिया है। आज इस देश में हमने रोजगार की गारंटी का कानून बनाया है और आज इस राष्ट्रपति के अभिभाषण में सरकार ने निश्चय किया है, जिससे इस देश के करोड़ों लोगों के बीच आज एक उम्मीद की किरण जागी है, जिन लोगों को दो जून का भोजन मयस्सर नहीं होता है, जो लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं, जो भूखे पेट सोते हैं, आज उन लोगों को खाद्यान्न की सुरक्षा देने के लिए सरकार ने कानून बनाने का निश्चय किया गया है। निश्चित तौर से आज जो कदम उठाये जा रहे हैं, ये कदम इस सरकार की उपलब्धियों को दिग्दर्शित करते हैं कि आम आदमी के लिए सरकार ने न केवल रोजी-रोटी की व्यवस्था की है, बल्कि जो किसान आत्महत्याएं कर रहे थे, उन्हें बचाने में भी यह बहुत सहायक है। पिछले दिनों आपको याद होगा, आजादी के बाद शायद पहली बार दुनिया में बैंकों जैसे कमर्शियल आर्गेनाइजेशन के कर्जों को माफ करने का फैसला कांग्रेस, यूपीए की सरकार ने किया था। जिस तरह से बुंदेलखंड में किसान आत्महत्याएं कर रहे थे, वहां हम लोग गये थे और खुद राहुल जी भी गये थे और हमने देखा था कि वहां किसान बैंकों के कर्ज के बोझ से दबे थे और ब्याज भी नहीं दे पा रहे थे। चार वर्षों से वहां सूखा पड़ा हुआ था। उन परिस्थितियों में जिस तरीके से मांग की गई थी, उस पर राज्य सरकारों ने कोई फैसला नहीं लिया। लेकिन जब उन्होंने केन्द्र सरकार और प्रधान मंत्री जी से अनुरोध किया तो सरकार के द्वारा एक साथ छः करोड़ लोगों का 72 हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया गया। आज हमने किसानों की क्रय शक्ति को बढ़ाया है। वर्ष 2004 में हमारी सरकार बनी, तब से हमने किसानों की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मूल्य भी बढ़ाया है। आज जो धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 रुपये था, उसे हमने छः साल में एक हजार रुपये किया। गेहूं का समर्थन मूल्य 630 रुपये था, जिसे बढ़ाकर हमने 1100 रुपये किया। इसी

तरीके से हमने गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाया है। आज निश्चित तौर से गांवों में किसानों की कृषि के क्षेत्र में जो राष्ट्रीय कृषि विकास योजना है, अकेले उसमें हमने 35 हजार करोड़ रुपये देश में कृषि के विकास और प्रोत्साहन के लिए दिया है। आज कृषि के क्षेत्र में हमने सात परसैन्ट, इसमें एक परसैन्ट और करके ऋण के लिए भी रिकार्ड वृद्धि की है। आज राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में हमने 90 हजार गांवों को विद्युतीकरण से आच्छादित किया है। ...(व्यवधान) ट्रांसफार्मर्स देने का काम आपका भी है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** जब आप लोगों को मौका मिलेगा तो आप अपनी बात कहियेगा।

**श्री जगदम्बिका पाल :** उपाध्यक्ष महोदय, अगर ये सरकार की उपलब्धियों को नहीं सुनना चाहते हैं तो मैं इनके नेता की बात यहां करूंगा जो कल यहां कह रहे थे कि कांग्रेस की यू.पी.ए. सरकार ने गठबंधन धर्म का पालन किया है, राष्ट्र धर्म का पालन नहीं कर रही है । मैं गम्भीरता से उस बात को सुन रहा था और मुझे लग रहा था कि शायद वह राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरकार की नीतियों और उसके कार्यक्रमों की आलोचना करेंगे लेकिन जिस तरह से राजनैतिक रूप से यह कहना कि यू.पी.ए. सरकार गठबंधन धर्म का पालन कर रही है, राष्ट्र धर्म का पालन नहीं कर रही है तो मैं समझता हूं कि अगर हम राष्ट्र धर्म का पालन नहीं कर रहे होते तो हमारे सहयोगी दल के मंत्री मंत्रिपरिषद् से बाहर नहीं होते और जेल में न होते। मेरा इन से इतना ही कहना है कि ये लोग राष्ट्र धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं । जब कर्नाटक राज्य के राज्यपाल ने मुकदमे की सैंक्शन दी और लोकायुक्त ने स्ट्रिक्चर पास कर दिया तो इनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा किया गया कार्य इल्लीगल नहीं है लेकिन इम्मोरल एक्ट है...(व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य :** उपाध्यक्ष जी, माननीय सदस्य राज्य का मामला यहां उठा रहे हैं जो नियम विरुद्ध है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** जगदम्बिका पाल जी, यह राज्य का मामला है, इसका यहां उल्लेख न करें।

**श्री जगदम्बिका पाल :** उपाध्यक्ष महोदय, मैंने किसी का नाम बिलकुल नहीं लिया है, मैंने केवल उल्लेख किया है कि जिस पार्टी के नेता या लोग गठबंधन के धर्म की बात करें जबकि उनकी पार्टी द्वारा चलने वाली किसी राज्य सरकार के लिये ऐसा कहा जाये...(व्यवधान) मैंने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया जिसे इस सदन में सफाई देने का मौका न मिले। मैने केवल राज्य के मुखिया की बात कही है और यह सही है...(व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य :** उपाध्यक्ष जी, अगर माननीय सदस्य ऐसा कहेंगे तो हम भी इनकी पार्टी द्वारा शासित राज्य की बात कहेंगे।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** जब आप लोगों को बोलने का मौका मिलेगा तो आप अपनी बात कहियेगा। आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल:** उपाध्यक्ष जी, बी.जे.पी. अथवा एन.डी.ए. गठबंधन धर्म की बात कह रही है, शायद श्री शाहनवाज जी यह बात भूल गये हैं कि बी.जे.पी. की एन.डी.ए. सरकार के तत्कालीन रक्षा मंत्री के घर पर समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से क्या बात हुई थी...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):** उपाध्यक्ष जी, आप द्वारा कहने के बावजूद माननीय सदस्य उन बातों को कंटीन्यू कर रहे हैं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप लोग बैठ जाइये।

**श्री जगदम्बिका पाल :** उपाध्यक्ष जी, मेरा ऐसा कहने का कोई तात्पर्य नहीं है।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** उपाध्यक्ष जी, इनको हम पर हमला करने के लिये खड़ा किया गया है।

**श्री जगदम्बिका पाल :** उपाध्यक्ष जी, यह कहा गया कि इस सरकार की कूटनीतिक असफलता है। मैं समझता हूं कि पिछले 63 सालों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि यू.एन. कौंसिल के पांच अध्यक्ष यहां आये और आप भी उस समय मौजूद थे। श्री बराक ओबामा हम लोगों को संसद के केन्द्रीय कक्ष में सम्बोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा था कि जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी में से गुजर रहा था तो उस समय भारत ने दुनिया को आर्थिक मंदी से बचाने में सहयोग देने का काम किया...(व्यवधान) तब इन लोगों ने भी तालियां बजायी थीं। इतना ही नहीं, उसके बाद अभी तक यह होता था...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** महोदय, यह इंडियन पार्लियामेंट है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप उन्हें बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** ये अमेरिका का रेफर कर रहे हैं।...(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल :** यह क्या बात है? ये हमें बोलने नहीं देंगे।...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** यहां गरीब आदमी परेशान है। यह भारतीय पार्लियामेंट है, ये अमेरिका का रेफर कर रहे हैं।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** लोग महंगाई से परेशान हैं।...(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल):** महोदय, ऐसे रोकना अच्छी बात नहीं है, हर-एक बात पर टोकना अच्छा नहीं है। किसी बात पर इनके मन में आया तो कह दिया, वह अलग बात है। अब अगर उन्होंने अपने भाषण में अमेरिका का जिक्र किया, अगर वे हमारे प्रधानमंत्री जी का जिक्र कर रहे हैं, अगर ये उस पर भी टोकेंगे तो यह सही बात नहीं है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप शांत रहिये और उन्हें बोलने दीजिये।

...(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल :** महोदय, कांग्रेस, यूपीए की सरकार ने जो सफलताएं पायी है, मैं उनका उल्लेख करना चाहता हूं। अभी तक यह होता था कि जब भी दुनिया का कोई भी, चाहे यूनाइटेड नेशंस काउन्सिल के, चाहे यू.एस. के राष्ट्राध्यक्ष आये हों, चाहे इंग्लैंड के राष्ट्राध्यक्ष आये हों, प्राइम मिनिस्टर या प्रीमियर आये हों, या फ्रांस के आये हों या रसिया के आये हों, अगर वे पहले भारत आते थे तो फिर उसके बाद वे पाकिस्तान जाते थे। निश्चित तौर पर अभी तक लोग बैलेंस करने की बात करते थे। वर्ष 2010 में ऐसा पहली बार हुआ कि यूनाइटेड नेशंस काउन्सिल के पांचों स्थायी सदस्यों के राष्ट्राध्यक्ष आये, एक चाइना के प्रीमियर को छोड़कर के, चाहे यूनाइटेड स्टेट के प्रेसीडेंट बराक ओबामा हों, चाहे फ्रांस के सरकोजी हों, चाहे रूस के हों या इंग्लैंड के हों, आज कोई भी भारत के दौरे के बाद पाकिस्तान नहीं गया। उन लोगों ने जो कहा है, उसे मैं निश्चित तौर पर यहां कहना चाहूंगा। यह कूटनीतिक सफलता नहीं है कि उन्हीं बराक ओबामा ने कहा कि, I can say today, in the years ahead, I look forward to a reformed United Nations Security Council that includes India as a permanent member. This he said in endorsement of India's foreign policy. उन्होंने पाकिस्तान के लिए यहीं से कहा कि, We will continue to insist to Pakistan's leaders that terrorist safe-havens within their borders are unacceptable, and that the terrorists behind the Mumbai attacks be brought to justice. यह दुनिया में हमारी सबसे बड़ी सफलता है कि आज आतंकवाद के खिलाफ, चाहे अमेरिका हो, चाहे फ्रांस हो, चाहे इंग्लैंड हो, सारे मुल्क भारत के साथ खड़े हैं और हमने डी-लिंक की है। आज वे तमाम मुल्क पाकिस्तान से अलग हुए हैं और आज पाकिस्तान अलग-थलग पड़ा है। यह हमारी कूटनीतिक सफलता नहीं है। आज जिस तरीके से उनके एक दौरे में ब्रिटिश के साथ हमारा 18 बिलियन का बिजनेस हुआ, यूनाइटेड स्टेट्स के साथ 10 बिलियन का हुआ, चाइना के साथ वर्ष 2015 तक हमारा

बिजनेस 100 बिलियन का होगा, रसिया के साथ 20 बिलियन का होगा और फ्रांस के साथ 25 बिलियन...(व्यवधान) इतना ही नहीं, French President, Mr. Sarkozy said that Indian currency will be counted as one of the major currencies. यह हमारा नहीं सरकोजी जी का कहना है। आज जैसे यूरो की कीमत है, डॉलर की कीमत है, पाउण्ड्स की कीमत है, आज रूपये की करेंसीज को भी सरकोजी रिकग्नाइज करके दुनिया में जा रहे हैं। आज हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। जहां तक उपलब्धियों की बात है, आज महंगाई की बात की गयी, मैं उस महंगाई पर कहना चाहता हूं कि आज भी हम देश में 80 परसेंट क्रूड ऑयल बाहर से मंगाते हैं, 35 परसेंट दालें बाहर से आती हैं, 39 परसेंट एडिबल ऑयल बाहर से आता है। इसके बावजूद भी हम समर्थ हैं और तभी हम उनकी कीमतों पर उन्हें मंगाते हैं। पिछले दिनों चाहे कांग्रेस यूपीए वन हो या कांग्रेस यूपीए टू हो, बहुत दिनों तक महंगाई की बात की गयी। नवम्बर-दिसम्बर में असामयिक बारिश हुई, लोगों ने सवाल किया कि कांग्रेस यूपीए की सरकार ने पहले क्यों नहीं फोरसी किया? अगर दिसम्बर में बारिश होती है, दिसम्बर में प्याज तैयार होती है तो कैसे पहले फोरसी करते, लेकिन हमने कदम क्या उठाये? अगर प्याज की कीमतों के दाम बढ़े तो निश्चित तौर से हमने प्याज के एक्सपोर्ट को रोकने के लिए उसे बैन किया। जनवरी 2011 में हमने नैफेड के द्वारा सस्ते दामों पर लोगों को प्याज उपलब्ध करायी। जिस समय प्याज का दाम 80 रूपये किलो था, उस समय हमने 35 रूपये किलो के भाव से प्याज दिया। आज मैं चुनौती के साथ कहता हूं कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पिछले सात-आठ सालों से खाद्यान्न, चाहे गेहूं, चावल या दालों को जिस दाम पर भारत सरकार दे रही है, हमने पीडीएस के खाद्यान्नों के दामों में पिछले आठ साल में कोई वृद्धि नहीं की है। हम चाहते हैं कि इंफलेशन रूके और भारत में कीमतों नियंत्रण हो।

आज हमने उपाय किये हैं। महंगाई रोकने का काम केवल केन्द्र सरकार का नहीं है, यह राज्य सरकारों का भी काम है। इसमें एक समन्वय होना चाहिए, खाली इस बात की शिकायत नहीं करनी चाहिए। पिछले दिनों जब सब्ज़ियों के दाम बढ़े, जिसके नाते इनफ्लेशन बढ़ा, उस समय भी आपको याद होगा कि दिसम्बर में दाम बढ़े, उसी समय 22 दिसम्बर 2010 को हमने प्याज के निर्यात पर रोक लगाई। घरेलू बाज़ार में प्याज की मांग बढ़ गई, उसकी आवश्यकता बढ़ गई तो हम पूरी दुनिया में कहीं से भी प्याज़ मंगा सकें इसके लिए ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की इजाज़त दी ताकि प्याज़ आ सके। मूल्यों के नियंत्रण के लिए मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस था, उसको भी हमने 275 पर मीट्रिक टन से बढ़ाकर 1200 किया है। कल कृषि मंत्री उल्लेख कर रहे थे कि आज जब पीपलगाँव मंडी में दिसम्बर के तीसरे सप्ताह में 3800 रुपये दाम चला गया था, आज वही प्याज़ का भाव जनवरी 2011 में 877 रुपये प्रति क्विंटल था और फिर अब आकर

200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। जिस समय भाव बढ़ा उस समय शोर मचा रहे थे तो आज कम से कम जब भाव गिरा है तो तारीफ करने का काम भी करिये यह प्रजातंत्र का तकाज़ा होता है। मैं निश्चित रूप से कहना चाहता हूँ कि आज कांग्रेस यूपीए की सरकार ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक गांवों में रहने वाले जो लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं, या ऐसे लोग हैं जिनको दो वक्त का भोजन मयस्सर नहीं है, आज उन्हीं लोगों के लिए हमने राइट टु वर्क का कानून बनाने का काम किया है। दुनिया के प्रजातांत्रिक मुल्कों में भारत शायद पहला मुल्क होगा जिसने रोज़ी के लिए कानून बनाने का काम किया और अब रोटी के लिए भी कानून बनाने का काम कर रहे हैं ताकि कोई भी बिना खाए नहीं रहे। आज उस खाद्यान्न के लिए, चाहे राइट टु वर्क हो या राइट टु फूड सिक्यूरिटी की बात हो, हमने राइट टु एजुकेशन की बात की है। बहुत से राज्यों ने अभी तक उस पर पहल नहीं की है लेकिन हमने इस बात की भी पहल की है कि छः से 14 साल तक के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए भी हमने कानून बनाकर अधिकार देने की बात की है। आज जो बहुत से स्कैम्स हुए हैं, शायद उनका खुलासा भी नहीं होता अगर हमने राइट टु इनफॉर्मेशन नहीं किया होता। इसका श्रेय अगर जाता है, आज भी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का कोई संकल्प था या जिस तरह से हमने कार्रवाई की है, कांग्रेस यूपीए की सरकार ने कार्रवाई की है। आप जेपीसी की मांग कर रहे थे कि क्यों नहीं जेपीसी हो। मैं समझता हूँ कि 23 दिन सत्र नहीं चला और 172 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आखिर यह बोझ किस पर पड़ेगा - जनता पर बोझ पड़ेगा। हम कह रहे थे कि अगर आज जेपीसी की मांग करनी है तो आइए इस सदन में, हम बहस के लिए तैयार हैं कि क्यों जेपीसी हो और क्यों पीएसी नहीं हो। क्योंकि आज भी सीएजी यदि कोई ऑडिट पैरा बनाती है तो 1927 से यह प्रोसीजर एस्टैबलिश्ड है कि सीएजी का पैरा पीएसी को जाएगा। पीएसी का चैयरमैन कौन है? उसके चेयरमैन उनके ही एक वरिष्ठ सदस्य मुरली मनोहर जोशी जी हैं। उनको अपने नेता पर विश्वास नहीं है और हमें विश्वास है पीएसी कमेटी के चेयरमैन मुरली मनोहर जोशी पर। प्राइम मिनिस्टर ने लिखकर दिया कि हम पब्लिक अकाउंट्स कमेटी के सामने जाने को तैयार हैं। इसके बावजूद भी यह पर्सैप्शन दिया गया जैसे प्रधान मंत्री जी कमेटी के सामने जाने के लिए तैयार नहीं हैं। आपने सीएजी श्री विनोद राय को बुलाया, तमाम अधिकारियों को बुलाया, तमाम पत्रावलियों को आपने तलब कर लिया। जब पीएसी की कार्यवाही शुरू हो गई। मैं आज सदन के माध्यम से जानना चाहता हूँ, पूरा देश जानना चाहता है कि अगर पीएसी की जाँच चलेगी, अगर कल जेपीसी की जांच चलेगी और दोनों समितियों की जांच में कंट्राडिक्ट्री रिपोर्ट्स आईं तो उसका क्या होगा? मैं समझता हूँ कि आज मैं ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए। जगदम्बिका पाल जी के अलावा किसी और की बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

*(Interruptions) …*[*]

**श्री जगदम्बिका पाल :** जेपीसी के गठन के बाद भी जो रिपोर्ट आएगी, वह एक्शन टेकन रिपोर्ट होगी या पब्लिक अकाउंट्स कमेटी की रिपोर्ट आएगी, या जेपीसी की रिपोर्ट आएगी। उन दोनों की रिपोर्ट संसद में रखी जाएगी और उस पर सरकार एक्शन टेकन रिपोर्ट लेगी। मैं कहता हूँ कि आज सरकार में कमेटी के गठन की बात हो रही है।

मैं समझता हूं कि इस समिति के गठन से पूर्व ही जिस तरीके से प्रासीक्यूशन की कार्रवाई की गई है, देश में पहली बार 2जी स्पैक्ट्रम एवं अन्य मामलों में पहली इनफोर्समेंट डायरैक्टोरेट, इन्कम टैक्स और सीबीआई जैसी एजेंसियों ने एक साथ पहली बार कांग्रेस और यूपीए की सरकार के तहत कार्यवाही की है। पूरा हिन्दुस्तान इस बात का गवाह है, उस समय भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार थी। तत्कालीन रक्षा मंत्री के घर पर समता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एक आम डील में डोनेशन लेते हुए पकड़ी गईं। उसके बाद रक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। लेकिन उन रक्षा मंत्री के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं किया गया। वे जेल नहीं गए और सरकार में फिर से वापस आ गए।...(व्यवधान) ये गठबंधन के धर्म की बात करते हैं।

महोदय, इस देश के सामने जितनी भी ज्वलंत समस्याएं हैं, सब पर हमारी सरकार ने काम किया है। काले धन की समस्या वर्ष 2004 में यूपीए की सरकार के आने से पूर्व में भी जमा होता रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि जब इनकी सरकार थी, तब उस काले धन के लिए इनकी सरकार ने क्या कार्यवाही की? यदि जर्मनी लिचेनस्टाइन देश के बैंक के एजेंट को घूस देकर के लिस्ट पा सकता है तो भारत क्यों नहीं पा सकता है? मैं समझता हूं कि भारत की भी इसमें कूटनीतिक सफलता है। जर्मनी को तो किसी तरीके से मिला होगा। लेकिन हमने यह इनफोर्मेशन सौवरन इश्योरेंस के तहत ली है।...(व्यवधान) आज सोवरनन इश्योरेंस के तहत हमने केवल इनफोर्मेशन नहीं ली है, बल्कि हम उस पर कार्यवाही कर रहे हैं।...(व्यवधान) जब हम कार्यवाही करेंगे, तब नाम अपने आप ही सामने आ जाएगा। काले धन के संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने काले धन को वापिस लाने के लिए त्री-सूत्री कार्यक्रम बनाया है। जिसने भी काला धन जमा किया है, उस व्यक्ति को चिह्नित करने का काम, दूसरा काले धन को वापिस लाने का काम, तीसरा जिसने काला धन जमा किया है, चाहे कानूनी ढंग से कमाई की हो या गैर-कानूनी ढंग से कमाया हो, उनके खिलाफ कार्यवाही करने का काम अगर आप देखेंगे, तो कांग्रेस यूपीए की सरकार ही करेगी। हम आपसे आज कहना चाहते हैं कि सबसे बड़ी सफलता हमें मिली है। स्विटजरलैंड पहले हमें

[*] Not recorded.

काले धन के बारे में कोई जानकारी नहीं देता था, वहां के जो कंट्री एन्वॉय हैं, फिलिपी वेल्टी, इन्होंने भी कहा है कि भारत सरकार से स्विटजरलैंड सहयोग करने के लिए तैयार है और हम सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए तैयार हैं।...(व्यवधान) जब आपकी बारी आएगी, तब आप अपनी बात कह लीजिएगा। यह आज की बहुत बड़ी सफलता है। यह हमारी सरकार के किसी प्रवक्ता का कथन नहीं है, बल्कि वहां के कंट्री इन्वाय फिलिपी वेल्टी का कथन है कि हम भारत सरकार को सहयोग देने के लिए तैयार हैं। इन उपायों का फायदा हुआ है कि 34600 करोड़ रुपया मिला है और 48784 करोड़ रुपयों की अतिरिक्त आय का पता चला है।

आज जो सवाल उठाए गए हैं, चाहे भ्रष्टाचार के बारे में हों या महंगाई के बारे में हों, मैं कहना चाहता हूं कि दो पैरामीटर नहीं होने चाहिए।

निश्चित तौर से अगर 2जी स्पेक्ट्रम, आदर्श स्केम या कॉमन वेल्थ गेम्स की बात उठी, मैं कहता हूं कि आदर्श स्केम में मुख्य मंत्री जी का नाम नहीं था। लेकिन इसके बावजूद अगर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने माना कि यह अनैतिक है तो हमने मुख्य मंत्री जी से इस्तीफा लिया। कर्नाटक के मुख्य मंत्री, खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वह इल्लिगल नहीं, मोरल है।...(व्यवधान) उन्हें पांच साल रहने का वरदान दे रहे हैं। आप या तो यह कहिए कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की जुबान फिसल गई।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** कृपया समाप्त करें।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल :** आपके प्रदेश के मुख्य मंत्री भ्रष्टाचार में जिस तरीके से लिप्त हैं, उन्हें आप बचाने का काम कर रहे हैं।...(व्यवधान) हमारा साहस है कि हम गठबंधन के धर्म का पालन करते हुए जिनके नाम आए, उनके खिलाफ हमने कार्यवाही करने का काम किया है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are 30 speakers to speak on this Motion of Thanks on the President's Address. Those who want to lay their written speeches, they can do so. It will be treated as part of the proceedings.

**श्री शरद यादव (मधेपुरा):** उपाध्यक्ष महोदय, यह बहस कल दो बजे से चल रही है। आज जगदम्बिका पाल जी ने इस बहस में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति जी ने 67 सवालों पर बोला है, अंतिम जो सवाल है, उसे पढ़ कर मैं अपनी बात को शुरु करूंगा। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें लोकतांत्रिक व्यवस्था का वरदान मिला हुआ है। आने वाली पीढ़ियों को चाहिए कि हम इन संस्थाओं, परम्पराओं एवं प्रयासों को सुदृढ़ करें, सुदृढ़ बना कर एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और समृद्ध लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में अपने भविष्य को सुनिश्चित करें।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कुछ बातें गलत बुलवा दीं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में दाल कहीं नहीं मिल रही, लेकिन उन्होंने लिख दिया और इनसे बुलवा दिया, इन्हें तो मालूम है नहीं। दाल कहीं नहीं मिल रही है। देश का एक बड़ा हिस्सा है, वहां न गेहूं मिल रहा है और न ही चावल मिल रहा है। बिहार में झारखंड और बंगाल में...(व्यवधान) आप दिल्ली की तो बात ही मत करिए।...(व्यवधान) मैंने किसी को नहीं टोका।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** शरद यादव जी, आप बोलिए, आपको कोई डिस्टर्ब नहीं करेगा।

**श्री शरद यादव :** ये जब बोल रहे थे तो मैं चुपचाप बैठा था, अब ये बीच में न बोलें तो ठीक रहेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, इस सारे भाषण में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसका मैं समर्थन करूं, लेकिन मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव के ऊपर बोलने हेतु इसलिए खड़ा हुआ हूं, क्योंकि मैं राष्ट्रपति की संस्था का आदर करता हूं। मैं उनके प्रति आदर के कारण बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं कहना चाहता हूं कि यह सारा दस्तावेज मैंने बड़ी तबियत से पढ़ा है। इसमें सभी चीजों को सरसरी तौर से छुआ गया है और पूरा भाषण इसी तरीके से स्वप्नों से भरा हुआ है।

महोदय, कितनी समितियां बनाने की इसमें बात कही गई है, उनकी तो कोई गिनती नहीं है। यह देश 62 वर्षों से समितियों से माथा मार रहा है, लेकिन कुछ नहीं निकल सका है। हर तरफ लिखा है कि समिति बनाई जा रही है, देखा जा रहा है, किया जा रहा है, हो रहा है और सिर्फ यही है। यह तो कांग्रेस का विशेष गुण है। ये कहते खूब हैं। सवालों के बारे में खूब कहते हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। जैसे कीर्तन करते हैं, वैसे ही ये कीर्तन करते हैं, लेकिन करते कुछ नहीं हैं। यह हाल इन्हीं का नहीं हमारा भी रहा। हमारे हाथ में भी लगभग 10 साल राज रहा, वहां भी कीर्तन ही हुआ। देश जहां 1947 में खड़ा था, आज उससे भी पीछे चला गया है।

महोदय, नागपुर का अधिवेशन हो रहा था। जहां जिन्ना साहब ने मिस्टर महात्मा गांधी कह दिया था। बड़ा हंगामा हुआ था। वहां बहुत भद्रजन बैठे हुए थे। जब गांधी जी स्टेज पर आए, तो उन्होंने कहा कि भाई मैं इन लोगों की आजादी के लिए लोक तंत्र की लड़ाई नहीं लड़ रहा हूं। ये लोग क्यों यहां बैठे हैं?

इसमें मुझे एक भी किसान या एक भी आदिवासी नहीं दिख रहा है। मुझे भारत का एक भी सही भारतीय नहीं दिख रहा है। यही हाल इस अभिभाषण का है।

महोदय, देशभर में जो नक्सल समस्या बता रहे हैं वह क्यों है, उसका क्या निदान है? वहां पूरा इलाका लुट रहा है। वहां देश की सबसे ज्यादा दौलत जमीन के नीचे बन्द है। वह मिनरल लुट रहा है और हम लोगों के यहां होते हुए, पार्लियामेंट के चलते हुए लुट रहा है। मैं कई बार इस मामले को यहां उठा चुका हूं, लेकिन वह बन्द नहीं होता है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया बैठिए। माननीय शरद यादव जी को बोलने दीजिए।

**श्री शरद यादव :** महोदय, हम इन्हें नहीं जानते हैं, लेकिन इनके पीछे जो माननीय सदस्य बैठे हैं, उन्हें जानते हैं। हमारे सामने बार-बार खड़ा होना अच्छा नहीं है।

कर्नाटक, गोआ, पूरा का पूरा आदिवासियों का इलाका है, जिसे ट्राईबल बैल्ट कहते हैं। वह गुजरात से शुरू होता है और बंगाल तक है। ये दोनों सरकारों की पालिसीज के चलते लुट रहा है। अंत में जो माननीय सदस्य बैठे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि बेल्लारी के मामले में जब मामला सदन में उठा रहे थे, तब पता नहीं, आप सो रहे थे? मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आदिवासी इलाके में जंगल, जल, जमीन और जानवर सब लुट रहे हैं।

उपाध्यक्ष जी, आपसे ज्यादा कौन इस दर्द से गुजर रहा होगा। आपको मेरी बात पर हां भरनी चाहिए। यह कुर्सी क्या चीज होती है? कुर्सी सच्चाई के लिए होती है। मुत्तेमवार जी, आप उसी इलाके में हैं, आपको मालूम है कि वह नक्सली इलाका जो बना है, वह नक्सल तब बना है, जब 50 बरस तक हमारे भाषणों को सुनने के बाद, हमारे वायदों को सुनने के बाद उनके जीवन में जरा सा भी फर्क नहीं पड़ा।

महोदय, महात्मा गांधी जी का नाम मैं इसलिए ले रहा हूं, क्योंकि हमने उनके बहुत बुत लगा कर रखे हुए हैं। हमने अपने महापुरुषों को बुत बना दिया है।

उनके विचार से हमारा कोई वास्ता नहीं है। गांधी जी ने 1937 में लिखा है कि जब राज आयेगा, दिल्ली में, लखनऊ में, बम्बई में सरकारें आएंगी और वे बहुत चिल्ला-चिल्ला कर, बहुत जोर-जोर से कहेंगी कि यह कर दिया, यह कर दिया, यह कर दिया, यह हो गया, यह हो गया। इस भाषण में भी यही है। लेकिन उन्होंने कहा कि कभी दिल्ली की, बम्बई की और अहमदाबाद के लोगों की बात को नहीं मानना। एक किलोमीटर चलना और एक किलोमीटर पर तुमको वह भारत का आदमी मिल जायेगा, जिसको बनिहार कहते हैं, जिसको हम डेली वेजिज़ कहते हैं, उसकी जिंदगी में अगर कोई फर्क पड़ गया हो तो ऊपर

सलाम करना कि हां, ठीक बात चल रही है और अगर उसकी जिंदगी में कोई फर्क नहीं पड़ा हो तो उस सरकार के खिलाफ उसी दिन से जंग और संग्राम जारी कर देना। इस पूरे भाषण में यही हाल है।

जो आदिवासी हैं, उनकी आबादी कम हो रही है, जो आदिवासियों को 60 फीसदी नौकरियां मिली हैं, उसमें अकेले 1.5 फीसदी उनको मिली है, बाकी दूसरे लोगों को चली गई हैं। वह जिंदगी में आजादी के पहले मौज में था, वह नाचता था, गाता था, उसके पास जंगल था, पानी था, पोखर था, साज थे, सामान थे, लेकिन आज हमारी आजादी में सबसे ज्यादा अगर कोई तबाह है, सब तरफ के तबकों की बात होती है, लेकिन यदि हिन्दुस्तान में अगर सबसे ज्यादा हिन्दुस्तान की आजादी के बाद तबाही और बर्बादी की कहानी किसी की है तो हिन्दुस्तान के आदिवासियों की है, ट्राइबल लोगों की है, मूल निवासियों की है। उसका कोई निदान नहीं है, कहीं निदान नहीं है।

अभी बरेली में 72 नौकरियां निकलीं, पानी के लिए, सफाई के लिए, बिस्तर लगाने के लिए, कपड़ा धोने के लिए तो पांच लाख नौजवान आ गये और जैसे बकरीद पर बकरे काटे जाते हैं, 27 लोग वहां कट गये और हिन्दुस्तान में उसका कोई जिक्र नहीं है, कह रहे हैं कि बेकारी है। खादी में एक करोड़ आदमी लगे हैं तो वह तुमने लगाये क्या? वह एक आदमी था, गांधीजी, वह खादी देकर चला गया। अब आप उसे छोड़ नहीं सकते, मजबूरी है। बेकारी का हाल यह है कि जो अंग्रेजी स्कूल में पढ़ रहा है, वह भी संकट में है। पहले बाहर जाने के बाद गिरमिटिया होता था, अब वह आई.टी. गिरमिटिया हो गया। ...(व्यवधान) गिरमिटिया, जो बाहर सूरीनाम से लेकर सारे देश बनाये हैं, वहां यू.पी., बिहार से जो लोग गये, उनको गिरमिटिया कहते थे, जो मिट्टी के गुण जानने वाले लोग बाहर गये हैं। ये अंग्रेजी और टाइपिंग जानने वाले लोग हैं, जिनके लिए मैंने कहा कि आई.टी. गिरमिटिया हैं, ये गये हैं और जो भाषाई लोग हैं, चाहे तमिल का आदमी हो, चाहे तेलुगू का हो, चाहे कन्नड़ का हो, चाहे मराठी हो, चाहे हिन्दी हो, ये पांच लाख लोग गये। हिन्दुस्तान में जो नई आर्थिक नीति मनमोहन सिंह जी की है या हमारी है या तुम्हारी है, इन पर उसका कोई असर नहीं है।

सरकारी नौकरियां सूख रही हैं, निकल ही नहीं रही हैं। प्राइवेट वाले लोग स्किल्ड आदमी को ही कमाने के लिए लेते हैं, उनको वहां भी जगह नहीं है, इसलिए वे बरेली जाते हैं। जब अध्यक्षा जी यहां बैठती हैं तो सब के ऊपर श्रद्धांजलि होती है। अजमेर में यही हुआ, यही भाषाई स्कूल के लोग कटकर वहां भी मर गये।

इस बेकारी और बेरोजगारी का इतना बड़ा चित्र हमारे सामने है। हम सब यहां बैठे हैं और यह हो रहा है। इसमें बेकारी के निदान का कहीं-कोई रास्ता नहीं है। जो अंग्रेजी नहीं पढ़ा है, वह क्या करे? क्या डूबकर मरे, देश छोड़ दे या फिर हथियार लेकर नक्सल बने, वह क्या करे? उसको आपने क्या दिया है? इस अभिभाषण में उसके लिए क्या लिखा है? चाको जी, जो बेकार है, उसके लिए इसमें क्या है? ...(व्यवधान) राइट टू एजुकेशन उसको है, जो पढ़ा हुआ है। बरेली में पांच लाख आदमी, 72 सीट के लिए गए, लेकिन वे अंग्रेजी पढ़े हुए नहीं हैं। ...(व्यवधान) मनरेगा का क्या हाल है? संजय जी, आप भी जानते हैं और मैं भी जानता हूं कि इस पैसे को हमने पानी में डाला हुआ है। ...(व्यवधान) मनरेगा हो या कोई दूसरी स्कीम हो, हमने जितनी स्कीम गरीबों के लिए चलायीं, उनका लाभ उन्हें नहीं मिला। भ्रष्टाचार पर जेपीसी के लिए झगड़ा हो रहा है। राजनाथ जी, उसका कारण भांग नहीं, कुएं में अफीम गिर गयी है। भांग तो होली पर खायी जाती है और फिर बाद में नहीं खायी जाती। यदि भांग खा ली तो जिंदगी भर ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप उनको बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** सिर्फ शरद यादव जी की बात रिकार्ड में जाएगी।

*(Interruptions) ...* *

**श्री शरद यादव :** उनकी बात छोड़ो, यह पलटूराम और बदलूराम हैं। उनकी बात को क्या सुन रहे हो? हमारे साथ थे, पलटकर वहां चले गए। ...(व्यवधान) जब आदमी अफीम खा लेता है तो अंतिम सांस तक वह चलती रहती है। गिरिजा व्यास जी जानती होंगी कि जो बार्डर वाला इलाका है, जिसने अफीम खा ली, वह बगैर अंटा लगाए खेत बेचेगा, द्वार बेचेगा, बरतन बेचेगा, लेकिन उसका अफीम का नशा नहीं छूटता है। इसी तरह भ्रष्टाचार का नशा दिल्ली से लेकर गांव तक फैला हुआ है। मनरेगा में आप पानी में पैसे डाल

* Not recorded.

रहे हैं। जो गांव, देहात और देश को नहीं जानते हैं, वह यहां बैठकर कीर्तन कर रहे हैं कि सबको रोजगार दे दिया, लेकिन वहां उनको रोजगार नहीं मिला है। वहां रोजगार नहीं है, बेईमानी है। आदमी घर बैठा है, उसे बीस रूपए मिल गए, जबकि अस्सी रूपए बेईमान खा जाता है। उस बीस रूपए से वह पाउच ले लेता है। ...(व्यवधान) इससे उसकी आदत ही नहीं खराब होती, बल्कि जिसको सत्तर साल में मरना चाहिए, वह बीस साल में ही मर जाता है। वह पाउच खाता है, खाना नहीं खाता है। आज यह हालत है।

इस देश में किसानों की क्या हालत है? हिंदुस्तान की सदियों पुरानी बस्ती हैं और यह पुराना देश है। इसके कई राजा और महाराजा पागल से पागल रहे हैं, अस्सी पर्सेंट ऐसे थे। राबर्टसन ने रिपोर्ट लिखी कि हिंदुस्तान में बगैर राज किए, बगैर इन पर रूल ऑफ लॉ लगाए, काम नहीं चल सकता। उसने 227 राजाओं का वर्णन किया, उसमें 170 राजाओं के बारे में कहा कि ये पागल हैं। वे पागल भी राज करते थे। उसने कहा कि जो पेशवाज हैं, ये सबसे ज्यादा तेज हैं। ये बहुत ही उस्ताद लोग हैं, इनका तड़ीपार करो। उनकी तड़ीपार हुई थी।...(व्यवधान) मुलायम सिंह जी के गांव के पास बिठोर जो कानपुर के पास है, वहां उनकी तड़ीपार हुई थी। तब भी किसानों की आत्महत्याएं नहीं हो रही थीं। लेकिन यह राज हमारा है, लोकतंत्र का है, लोकशाही का है। किसानों ने कई जगह मन बना लिया है कि जीना मुश्किल है, मौत ही हमें जीवन से मुक्त कर सकती है। राष्ट्रपति जी के भाषण में यह बड़ी समस्या है। इस देश में एक आदमी श्री साईनाथ हैं जिनका मैं यहां से अभिनन्दन करता हूं। उन्होंने कहा कि आज हिन्दुस्तान में हर तीन मिनट में एक किसान आत्महत्या कर रहा है। क्या यह विषय धुरी सवाल नहीं होना चाहिए? कहते हैं कि नक्सल बड़ी भारी समस्या है, पहली समस्या है, बड़ा संकट है।...(व्यवधान)

**श्री रेवती रमण सिंह (इलाहाबाद):** उनका नाम श्री स्वामीनाथन है।

**श्री शरद यादव :** श्री स्वामीनाथन नहीं श्री साईंनाथ है। श्री स्वामीनाथन अलग हैं। वे हिन्दू में लिखते हैं। वे जबरदस्त आदमी हैं।...(व्यवधान) हम कह रहे हैं कि वे सलाम के लायक हैं। कहते हैं कि हमने किसानों की हालत सुधार दी। कैसे सुधार दी, कहां सुधार दी? कहते हैं कि हमने गेहूं के एक हजार रुपये और चावल के एक हजार रुपये कर दिए हैं।...(व्यवधान) मैं वही कह रहा हूं कि यह नहीं देख रहे हैं कि दुनिया में जो लोग एक दिन में होटल के एक कमरे में लाखों रुपये देकर रोज मौज-मस्ती करते हैं, वहां हमने कह दिया कि हमने उनका थोड़ा-बहुत पैसा बढ़ा दिया। सबके पैसे बढ़ गए हैं। एमपीज़ ने अपने पैसे बढ़वा लिए। एमपीज़ के जितने पैसे बढ़े हैं, क्या उस प्रपोर्शनेट में गेहूं के दाम बढ़े हैं? नहीं बढ़े हैं। क्या सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह के बराबर उनके पैसे बढ़े हैं? हिन्दुस्तान के हिन्दू समाज के किसान, पिछड़े और दलित, उसमें दलितों का जिक्र किया गया है, लेकिन दो-तिहाई हिन्दू, दो-तिहाई मुसलमान, दो-तिहाई सिख और दो-

तिहाई इसाइयों के बारे में एक शब्द भी राष्ट्रपति जी ने नहीं बोला। वे बोलें कैसे। मनमोहन सिंह जी और कृष्णा साहब जो यहां बैठे हुए हैं, इन्हें यही पता नहीं है कि मेरा भाषण है या उनका भाषण है।...(व्यवधान) ये बैठे हुए हैं, इनकी मुद्रा देखिए, एकदम महान् लग रहे हैं। श्री कपिल सिब्बल सदन में उपस्थित नहीं हैं। वे गजब व्यक्ति हैं यानी वे सोच रहे हैं कि यह चैम्बर, यह देश वकालतखाना है। वे कह रहे हैं कि कोई घपला हुआ ही नहीं है। कुर्सी हमारे पास भी है, हम जानते हैं कि हमारी कुर्सी के पीछे कोई घपला नहीं है, पहले नहीं हुआ और अब भी नहीं हुआ।...(व्यवधान)

**श्री जे.एम.आरुन रशीद (थेनी):** आपको श्री कपिल सिब्बल के बारे में ऐसा बोलना बंद करना चाहिए।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया आप लोग बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

SHRI J.M. AARON RASHID : Mr. Deputy-Speaker, Sir, that word should be expunged.... (*Interruptions*) Shri Sharad Yadav, being a senior leader in the House, you should not accuse the hon. Minister like that.... (*Interruptions*)

Sir, that word should be expunged.

**उपाध्यक्ष महोदय:** आप सब बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** आप सब बैठ जाइये। उन्होंने किसी असंसदीय भाषा का उपयोग नहीं किया है।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा हूं कि ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** संजय जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर):** हम लोग सदन में कैसे बैठें। ...(व्यवधान) आप लोग तरीके से बात कीजिए। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** संजय जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** उन्होंने कोई भी अनपार्लियामैंट्री बात नहीं की है। आप सब बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** श्री शरद यादव के अलावा किसी भी माननीय सदस्य की कोई बात रिकार्ड में नहीं जायेगी।

...(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया आप सब बैठ जाइये और उन्हें बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** उपाध्यक्ष जी, आप शांत रहिए। इनका तो यही काम है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** संजय जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** उपाध्यक्ष जी, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर ही बोल रहा हूं। उन्होंने अपने अभिभाषण में भ्रष्टाचार के बारे में भारी जिक्र किया है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये और उन्हें बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** उपाध्यक्ष जी, मैं भ्रष्टाचार के बारे में बोल रहा हूं जिसका जिक्र राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में किया है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप फिर टोका-टाकी कर रहे हैं। आप चुपचाप बैठे रहिए।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** भ्रष्टाचार का वास्ता 2जी स्पेक्ट्रम से सीधा है। सीएजी की जो रिपोर्ट है, वह हिन्दुस्तान के संविधान में बनी हुई संस्था की रिपोर्ट है और जब एक मंत्री उस रिपोर्ट के बारे में कहता है कि उसमें कोई गड़बड़ नहीं है, तो उसका नाम लिये बगैर बहस को सार्थक और सगुण नहीं किया जा सकता। मैं किसी के अपमान में नहीं बोल रहा हूं। ..(व्यवधान) मेरा स्वभाव किसी का अपमान करना नहीं है। मैं मजे के लिए इधर-उधर के शब्द बोलता हूं। सीधी बात है कि वे देश को वकालतखाना मान रहे हैं। वे कह रहे हैं कि श्री ए. राजा ने कोई गड़बड़ नहीं की। उनकी सरकार एक तरफ श्री राजा को अरैस्ट करती है और दूसरी तरफ ऐसा कहती है। इस तरह की दो जुबानें नहीं होनी चाहिए। एक जुबान से आप उन्हें जेल में डाल रहे हैं और दूसरी जुबान से कह रहे हैं कि उसमें कोई गड़बड़ नहीं है। इतनी बड़ी बहस हो रही है। देश के लोगों के मन में इस बात से बड़ी बैचेनी, तकलीफ और दिक्कत है। जो जेपीसी बनी है, इसने इस मुद्दे को देश भर के लोगों में फैलाया है। कांग्रेस पार्टी के मित्रों आप रोज सब जगह जाते हैं। मुझे बहुत लोग

* Not recorded.

मिलते हैं और कहते हैं कि साहब, जेपीसी क्यों नहीं बना रहे? मैं कहता हूं कि आपने बहुत अच्छा किया कि जेपीसी पहले नहीं बनायी, नहीं तो 2जी स्पेक्ट्रम किसी को भी समझ में ही नहीं आता। हम भी कई जगह पहुंचे, कई जगह बोलने गये, लेकिन मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कॉमनवेल्थ गेम्स ...(व्यवधान) आप बाहर हमारा इतना आदर करते हैं, लेकिन यहां क्या कर रहे हैं? यह ठीक नहीं है। आपको हमारे बोलने के वक्त नहीं खड़ा होना चाहिए।

हम आपके हक की बात कहते हैं। मैं कॉमनवेल्थ गेम्स की बात कर रहा था। जेपीसी एक मोर्चा है। हिन्दुस्तान की फौज की लाखों हेक्टेअर जमीन के लिए चारों तरफ लूट मची है। इस देश में भ्रष्टाचार में, देश के चाहे कारपोरेट लोग हों, ब्यूरोक्रेट्स हों, चाहे दिल्ली एवं अन्य शहरों के आस-पास के किसान हों, जमीन की इस लूट में मालदार हो गए हैं। इस समय पैसा बनाने का सबसे ज्यादा आसान, सुगम और सबसे छोटा रास्ता अगर कोई है, तो वह इस देश की जमीन बेचने का है। दुनिया में सबसे ज्यादा जरख़ेज जमीन इस दोआब की है, गंगा-यमुना मैदान की है। दुर्भाग्य है कि दिल्ली यहां बस गयी, यह जगदलपुर में बसी होती तो ज्यादा अच्छा होता। यह सबसे ज्यादा उपजाऊ जमीन पर बस गयी। यहां चारों तरफ दिल्ली से लेकर चण्डीगढ़, दिल्ली से लेकर जयपुर, दिल्ली से लेकर हरिद्वार, दिल्ली से लेकर अलीगढ़, दिल्ली से लेकर मथुरा और आगरा तक रोड के आस-पास की जमीन चोर और बेईमान लोगों ने खरीद ली। इसमें उसका कोई जिक्र नहीं है। इस देश की 30,000 हेक्टेअर उपजाऊ जमीन दिल्ली के आस-पास चली गयी। यह देश भूखों मरेगा। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरकार ने इसकी चिंता नहीं की। इसकी चिंता तो आपकी करनी चाहिए। दिल्ली के आस-पास की जमीन तीन फसल देती है और ऐसी फसल देती है कि अगर आप खेत में खड़े हो जाएं तो तबीयत हरी हो जाएगी। मेरी ससुराल है यहां पर। अगर आप यहां के बाजरे और गेहूं की रोटी खाएं, तो शाक की जरूरत नहीं पड़ेगी। कहां से अनाज आ रहा है देश भर का? पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आता है। बाकी देश में कहां खरीद हो रही है? हुक्मदेव नारायण जी के यहां कहां खरीद हो रही है? आपके यहां तो खरीद का सवाल ही नहीं है। कहीं भी खरीद नहीं हो रही है। यही इलाका है जहां खरीद हो रही है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया अपनी बात समाप्त कीजिए। समय की मर्यादा का ख्याल रखना होगा। आधा घण्टा समय हो चुका है।

**श्री शरद यादव :** इसका कोई जिक्र अभिभाषण में नहीं है। गजब देखिए कि अब कलमाड़ी कह रहे हैं कि जेपीसी बनाओ। लपक-लपक कर बोल रहा है कि जेपीसी बनाओ यानी हमने तो पांच प्रतिशत देखा है, बाकी 95 प्रतिशत को क्यों नहीं पकड़ते हो। अभी भी बाहर घूम रहा है। गजब सरकार है भाई। वह इन्हीं के

पीछे पड़ गया है कि जेपीसी बनाओ। अब आप उसकी बात तो मान जाओ, जेल में डालो और बात मान जाओ। वह भस्मासुर बन गया है। अगर आप भस्मासुर को ठीक नहीं करोगे, तो वह भस्म कर देगा।

राष्ट्रपति जी ने जवानों की बहुत तारीफ की है और जो शहीद हो गए, उनके लिए आदर्श सोसाइटी बनी तो उसमें उनके लिए एक भी फ्लैट नहीं है। जो शहीद हो गए, उनकी कब्र भी वहां नहीं बन सकती, ऐसा इंतजाम कर दिया। वाह रे देश। हम कह रहे हैं कि बन गया देश। हम बहुत आगे हो गए। अभी चाको जी यहां नहीं हैं, बहुत अच्छे आदमी हैं। अभी कह रहे थे कि अमेरिका के राष्ट्रपति आए। जगदम्बिका पाल जी कह रहे थे कि अमेरिका, रूस, फ्रांस, जर्मनी, चीन से लोग आए और हमारी पीठ थपथपाई। कुछ किया या नहीं किया, यह छोड़िए। हमारी विदेश नीति ऐसी है।

**15.00 hrs.**

**उपाध्यक्ष महोदय:** माननीय सदस्य, संक्षेप में अपनी बात कहकर समाप्त करें।

**श्री शरद यादव :** मैं आपको इनकी विदेश नीति के बारे में बताना चाहता हूं, आपको अच्छा लगेगा।

**उपाध्यक्ष महोदय:** बहुत अच्छा लग रहा है, लेकिन समय का भी ध्यान रखना है इसलिए अब आप अपनी बात समाप्त करें।

**श्री शरद यादव :** ये हमारे दोस्त हैं और हमें छेड़ रहे हैं। मैं पांच मिनट और लूंगा। ये कहते हैं कि वे आए, हमारी पीठ थपथपाई और ये ढोल पीट रहे हैं इस बात के लिए कि हमें संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता मिलनी चाहिए, अभी मिली नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि न तो आपको स्थाई सदस्यता मिली है और न ही मिलेगी, इस बात को आप जान लें।

**श्री जगदम्बिका पाल :** लेकिन दो साल के लिए अस्थाई सदस्यता तो मिल गई है।

**श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा):** वह तो पहले भी मिलती रही है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** आप लोग आपस में बात न करें, क्योंकि वह रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय:** आप बैठ जाएं, माननीय सदस्य अपनी बात समाप्त कर रहे हैं।

**श्री शरद यादव :** सुरक्षा परिषद के बारे में तो मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर मेरी बात चले तो ... ** इसे हटा दिया जाए। ...** सुरक्षा परिषद है। आप लोग ढोल पीट रहे हैं, कह रहे हैं कि हमें सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता मिल जाएगी।

---

* Not recorded.
** Expunged as ordered by the Chair.

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में पांच बातों का खासकर उल्लेख किया है। उन्होंने बढ़ती मुद्रास्फीति के बारे में जिक्र किया है कि इसे रोका जाएगा, लेकिन वह सबके सामने है कि क्या हो रहा है और इस बारे में मेरे साथियों ने जिक्र भी किया है। इसके अलावा सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी की बात का भी जिक्र है, जिसका मैंने भी उल्लेख किया है। समाज में गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों के लिए आर्थिक विकास की गति बनाने की बात है। उनकी क्या गति हो रही है, कैसी दुर्गति हो रही है, यह भी सबको पता है, वह भी मैंने बता दिया है।

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी):** मैंने तो महात्मा गांधा का नाम मनरेगा से हटाने की बात भी इसीलिए कही थी।

**श्री शरद यादव :** ये नाम नहीं हटाएंगे, उनका नाम रखकर, उनके विचारों को दफन करेंगे। पूरे देश ने यह तय कर लिया है कि बुत लगाओ और विचारों को मारो। गांधी जी बुत नहीं थे। बिहार में डॉ. राम मनोहर लोहिया जी के एक-एक विचार को वहां की सरकार ने लागू किया है और बिहार की कैसी स्थिति बदली है, कैसी हालत बदली है, यह सबको मालूम है। लेकिन यह सरकार फिर भी वहां मदद करने को तैयार नहीं है। आपने बांट दिया है, हमारे यहां जलजला आता है, बाढ़ आती है, आप एक पैसा देने को तैयार नहीं हैं।

उपाध्यक्ष जी, मैं अंत में एक बात कहना चाहता हूं। राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है, मैं इसे आदर के साथ, क्योंकि यह राष्ट्रपति जी द्वारा दिया गया है, भारी दिल से समर्थन तो करता हूं, लेकिन यह भी कहना चाहता हूं कि इस तरह के अभिभाषण हनुमान चालीसा हो गए हैं, इसलिए इसमें बदलाव करना चाहिए। समितियों से देश नहीं चलेगा, कारगर तरीके से इस देश को मजबूत करेंगे तो जो लोग आज हमारे देश में आ रहे हैं, वे केवल 24 फीसदी के लिए आ रहे हैं, यहां के बाजार को देखते हुए आ रहे हैं, वे कल पूरे देश के लिए आएंगे।

*__SHRI SAMEER BHUJBAL(NASHIK) :__ I support the motion. The President's Address is an important event in the Parliamentary calendar. It sets the agenda for the Parliament. It is a vital channel of communication between the Government and the Parliament. It captures the major highlights of the entire gamut of the Government and provides an umbrella framework for debates on any aspect of the Government functioning. This year Madam President has outlined the five priority areas of the Government including controlling inflation, probity in life and polity and inclusive growth. I sincerely hope that the sanctity of the debate would be enriched by the deliberations on these issues.

The President has stated that the Government's deep concern over the adverse impact of inflation on the aam aadmi and the threat it poses to the growth momentum and therefore the Government has taken a number of pro-active measures to counteract the ill-effects of inflation.

Today, the Indian economy continues to be a trajectory of high growth despite an adverse global environment. The policies we followed to handle the global financial meltdown stand vindicated. However, there is no room for complacency. I urge the Government to make a sincere effort to strive to make the domestic environment more conducive to investment, encouraging public as well as private investment and domestic as well as foreign investment, particularly foreign direct investment as suggested by our President and then only we can maintain the momentum for reforms on a wide front.

I strongly feel however, that the Government has to take a number of proactive measures to counteract the adverse effects of inflation. Though, number of steps to ease supply of critical items has been initiated but, the issue of Price-rise and export of certain food items require urgent attention of the Government. One way is to facilitate a long term solution in increasing our productivity and production.

---

* Speech was laid on the Table.

One of the problem being faced by my constituency, Nashik is fluctuation in Onion prices. Onion prices, which shot up following acute shortage in month of December and early January have moderated towards the end of this month as fresh crops have flooded the markets in Nashik. Now, prices are expected to stablise as late kharif crops have hit the markets in large quantities.

Earlier, the Government banned exports as it was considered that they drained the stocks and impacted prices. However, with the arrival of large quantities of kharif crops wholesale prices of onions at Lasalgoan in Maharashtra, a major onion producing state, have plummeted further in the first week of February. Normally, acreage in the late kharif season has a 30 per cent share in overall areas under the onion crop production. Therefore, I would request the Government to devise long-term strategy to tackle problems associated with 'Onion Production' and their implications on export, marketing and storage.

Hon'ble President's speech has acknowledged the importance of a food security law that would entitle every family living below the poverty line to cheaper foodgrain. But while the National Advisory Council (NAC) had given important inputs, "the states are being consulted, as the success…hinges on their commitment to reforms in the public distribution system". However, I am sure some of the issues which were not outlined are the Rangarajan Committee report that questioned some basic assumptions of the NAC recommendations and I sincerely hope that these would be incorporated.

Speaking at this time of the debate is not very easy, as most points have been touched upon by my learned colleagues. However, I would like to briefly touch upon some major areas of the Address. A slew of measures to counter corruption have been promised besides a national mission for delivery of justice and legal reforms would be announced soon. Funds illegally stashed in foreign countries would be brought back to India and a multidisciplinary study had been commissioned to study the impact of illegal money on national security which deserves appreciation from all quarters.

Hon'ble President of India has also focused on some bottlenecks in growth. The speech promised concerted action on reforms in the power sector, " particularly in improving the financial and technical capabilities of electricity distribution companies in the states." Modernisation of coal mines to meet the demands of the power sector was also envisaged. I am happy that hon'ble President of India was equivocal on the issue of environment versus growth. "A developing country like ours must find ways to strike an appropriate balance between environmental imperatives and developmental needs, she said, adding that there could be no dilution of ecologically sustainable growth paths. However, we strongly feel that nothing has been said about land acquisition for industry which is important area of concern for all of us and I sincerely hope that the Government would come out with a suitable policy in this regard.

The biggest relief, I would say, is the strength and resilence of our economy and the economic policies, which could minimize the impact of global economic crisis. The Government deserves our wholehearted compliments. Our economy is growing at 7.5%. The way our economy is growing, I have a feeling that we would touch double digit growth in not too distant future. Having said that, I would like to emphasize that we need to attach top priority to our agriculture to maintain its growth momentum. Scientific innovations on farm inputs and biotechnology must continue through R & D.

At the end, Hon'ble Madam Speaker, through you I would like to attract your attention on some of the problems being faced by my constituency, Nashik and particularly Maharashtra in general. The phenomenal increase in population of small and medium towns like Nashik largely on account of inward migration has led to severe set-backs in urban development. This has created a number of problems like shortage of dwelling units, mushrooming growth of slums, encroaching of public land, etc. The pace of urbanization is creating a number of problems in the process of proper development of many such cities. Therefore, keeping in view this peculiar and gigantic problem the Centre's intervention is

urgently sought in implementation of NREGA and JNURM to strengthen the civic infrastructure of the city.

Another area is the 'Youth Development'. While the role and contribution of youth is of vital importance in all countries, it is particularly significant in a country like India where the proportion of the youth in the country's overall social and demographic profile is continuously increasing. According to the 2001 Census, there were approximately 355 million people in the 15 to 35 age group, 74 per cent of whom lived in rural areas. The number was expected to rise to approximately 510 million by 2016. Both central and state governments need to harness the energies of this large group, providing them with adequate infrastructure of world standards for excellence in sports at national and international levels. However, organized effort appears to be forthcoming over a national scale to tap the potential of the Youth. Youth are the foundation for the development of the country and unless emphasis is laid on youth programme and put the youth on the right track and right direction, the ultimate goal of nation building cannot be achieved.

Finally, I would like to see the President's Address as a document which has captured the spirit of good governance. It is articulated through a sense of sensitivity and seriousness of the Government to issues of price rise and security; through a sense of equity and empowerment of the women, Dalits and Minorities; through a sense of long term vision on infrastructure development and technological modernization, besides the issues concerning climate change and energy security. The Government is conscious of it responsibilities. We need to strengthen its hands. With these words, I thank you for giving me this opportunity to participate on this motion in the August House.

*__SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR):__ The President's Address is the official document of the government policies containing details of various programmes and schemes. But I am disappointed to find that the address by the President failed to spell out any concrete measure to overcome the challenge posed by price hike, unemployment, job loss, illiteracy, miserable plight of the farmers, growing poverty etc.

When we are discussing on President's Address we see that as per the Human Development Index the position of our country is gradually decreasing ranking down to 128 among 177 countries. We are proud to be Indian. But what is shame to us is that even after 63 years of Independence, we have large number of illiterates in the country. Almost 16.5% of the World population live in India. But out of the total adult illiterate in the World almost 34% live in India. Though President's Address mentions about Saakshar Bharat Progamme designed to improve adult literacy, especially among the disadvantaged sections of the society, but that does not reflect the political will of the Government to increase the poor adult female literacy levels. All the districts have not been covered under the scheme and central fund allocated is not upto the mark as needed. The Government talks about Right to Education Act, but that too does not reflect the intention of the Government to implement it properly as because in President's Address there is no mention of spending 6% of GDP for education. Rather, the way the Union Government is moving, it is going to make commercialization of Education by encouraging the private players in Education. What is more, while framing the Act and implementing it federal structure of the country should have been kept in mind.

More than 70% of our population live in country side. Most of them are Kisans. But what is the plight of the farmers? More than 1 lakh 70 thousand farmers have committed suicide because of the anti-farmers, rather say, anti-people policies of the present UPA government and also of the policies taken by

* Speech was laid on the Table.

NDA Government in the past. Nothing has been mentioned in the President's Address about the land reform programme. No new direction has been given for enhancing the irrigation facility and also supplying subsidized seeds and fertilizers to the farmers. What is more deplorable is the Government decision to decontrol the prices of fertilizers and nutrient based subsidy scheme. As a result of the liberal economic policies followed by this Government the agrarian crisis has deepened. Foodgrain production has declined and the indebtedness of the households has reached to an alarming position at 48.6 percent as per NSSO 59$^{th}$ Round Survey.

In President's Address it is mentioned that minimum support price has been raised for paddy, wheat, sugarcane. But the farmers have not actually been benefited in face of rising costs. Had the farmers received remunerative prices, they would not have committed suicide in thousands under the burden of debt. The Swaminathan Commission formula for remunerative price-that is "Remunerative Price = Input cost + 50 percent" should be followed for the farmers and the farmers should be given bank loan at the rate of 4%. But without doing so, what damaging and dangerous move the Government is going to implement is the Free Trade Agreement with E.U. and Japan and other countries by following those countries for duty free export to India of agricultural and diary product. It will make the farmers' plight more horrible.

The Government takes pride in NREGA, now named as Mahatama Gandhi NREGA. But Government has failed to provide 100 days work to all families for whom the scheme is meant. What is deplorable is that corruption is taking place in some parts of the country in implementation of the programme. The Government should come forward with plans and programme for the poor, particularly for the rural poor and the poor living in the Busti (Slum dwellers) in the towns. There should be no division as APL and BPL category because the criteria that Central Government has fixed up is so inaccurate and wrong that it keeps many really deserving poor people out of the list of BPL category. In fact,

there is no specific data numbering of families below poverty line. Planning Commission has one data, Arjun Sengupta Committee, Saxena Committee or Tendulkar Committee have another. What is need of the time is to correct the Planning Commission data and enhance the percentage of BPL family.

Price hike of essential commodities has risen to alarming position almost reaching to 20% of food inflammation rate, what has never been in last 26 years. Government has failed to keep its promise to control price hike. To add fire to the fuel, Government has recently increased the prices of Petroleum products, thereby causing further rise of price. I strongly urge upon the Government to withdraw such hike of petroleum products. Government should take appropriate action to make Public Distribution System universal, without making it a targeted one. In addition to that, as a measure to control price hike, Government should ban forward trading on all agricultural products and stop commodity exchange Government should distribute 35 kg of foodgrains at the rate of Rs.2 per kg to all BPL families. But there is no mention in the Address about ensuring availability of food at affordable prices to 77% of "AAM AADMI" whose daily income is less than Rs.20.

Another important problem in our country is the question of unemployment. Nothing has been said about creation of new jobs. What is of more concern is the issue of job loss. More than 40 lakhs workers have lost their jobs. Even Railway and other departments are not fulfilling their vacant posts. Government should take action on this.

There is no mention in the Address about the need to take effective steps about tackling the issue of global economic recession affecting Indian industries causing loss to jobs to lakhs of workers and employees. There is no mention in the Address about the fact that 95% of the 43 crore workers are unorganized workers who are not getting any benefit of the Unorganized Workers Social Security Act, 2008 owing to the conditionality of BPL attached to the related social security schemes listed in the Act.

There is no mention in the Address about the need to check illegal mining of various minerals in various parts of the country.

The Address mentions the issue of black money but there is no mention about any concrete steps taken by the Government to bring back the black money deposited in Swiss Bank to India and disclosure of the account holders.

Hon'ble President has referred to in her Address about the threat and danger of Left Wing extremists. These dangerous forces are attacking and taking lives of innocent people, most of whom are tribals and Jawans. In some parts of my State West Bengal the same thing is happening. We all should come forward to face the challenge of Left Wing extremism. Union Government in cooperation with State Governments should take firm stand and strengthen joint operation against these divisive forces. But sorry to mention that there is one political party, who is part of the Union Government and they are supporting the so called Maoist activities and demanding for stopping joint operation in my State. This should be condemned.

Another important issue which President has not mentioned is the issue of implementation of the Ranganath Misra Commission recommendation. The Union Government should immediately place the action taken report in the House. West Bengal Government has already taken some positive steps by announcing 10% reservation for backward sections of the Muslim Community.

The President Address mentions the issue of 33% female reservation. But the matter is delayed though the Government promised earlier to bring legislation in Lok Sabha after it was passed in Rajya Sabha. But that was not done is last Session. I strongly urge upon the Government that such legislation should be tabled in this current Budget Session.

Another important issue that has not been mentioned in the Address is the case of suicides committed by the Women members of SHGs in the last few months in few States due to the humiliation faced and inability to repay the loans provided by the Micro finance Companies.

There is no mention in the Address about lack of public investment in the health sector and making it atleast 3% of the GDP.

There is no mention in the Address about the need to take effective steps for strengthening the non-aligned movement and also about the need to continue with the independent foreign policy of the country which has withstood the test of time.

[*]**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल)**: मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर श्री पी.सी. चाको जी के धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं तथा अपनी ओर से तथा सम्पूर्ण उत्तराखण्ड की जनता की ओर से उनका आभार प्रकट करता हूं।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में बादल फटने की विनाशकारी घटना से प्रभावित लद्दाख की जनता के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई। इस घटना के परिणामस्वरूप जान-माल की हानि हुई। महोदया, त्रासदी तो त्रासदी है उसके लिए महामहिम जी द्वारा संवेदना प्रकट करने की मैं सराहना करता हूं।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यूपीए सरकार की नीतियों के साथ-साथ पिछले वर्ष देश में मुद्रास्फीति की समस्या, देश के कुछ हिस्सों में विशेष रूप से वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों और काश्मीर घाटी में भारी संख्या में हुई हिंसक घटनाओं को अस्वीकार्य करार दिया गया है। प्रतिकूल वैश्विक वातावरण के बावजूद भी भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद भी हमारी अर्थव्यवस्था का आगे बढ़ना, सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों को सही सिद्ध करता है।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में खाद्य सुरक्षा कानून लाने की सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में घोषणा की, जो स्वागत योग्य है। इससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले प्रत्येक परिवार को रियायती दरों पर खाद्यान्न प्राप्त करने का कानूनी हक मिल जाएगा। साथ ही, शासन की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा लाने के लिए प्रतिबद्धता की बात कही तथा इसे लागू करने के लिए मंत्रियों का एक समूह भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वैधानिक, प्रशासनिक तथा अन्य सभी उपायों पर

[*] Speech was laid on the Table.

विचार कर रहा है, जो भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा 15वें पैरे में काले धन, विशेषकर विदेशी बैंकों में कथित रूप से छुपाकर रखे गए काले धन संबंधी दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की गई, चाहे वह ईमानदारी से की गई कमाई पर देय कर की चोरी से एकत्र किया गया धन हो या फिर गैर-कानूनी तरीके से कमाया गया धन हो। इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा इस समस्या से निपटने के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत बनाने, नई संस्थाओं का गठन करने और उनकी क्षमता में सुधार लाने के लिए सरकार कटिबद्ध है। ऐसे काले धन की पहचान करने और उसे वापस लाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर जी-20 के साथ निरंतर प्रयास, सरकार की कालेधन को वापिस लाने की कटिबद्धता को दर्शाता है।

महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा सशस्त्र बलों के सैनिकों और पूर्व सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करना और सशस्त्र बलों में अनुकरणीय सत्यनिष्ठा और व्यवसायिकता को कायम रखना एक अनुकरणीय प्रयास है। सरकार द्वारा सशस्त्र बलों को आधुनिक बल बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जिससे 21वीं सदी की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में वह पूरी तरह सक्षम हो सकें एवं स्वदेशी बहु-उद्देशीय हल्के लड़ाकू विमान, तेजस को भारतीय वायुसेना में सम्मिलित किए जाने की पहल पर मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

आप सब को पहले से ही विदित है कि मैं उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं जो पूर्णतया सैसमिक जोन है। ऐसे में वहां पर विस्थापन व पुनर्वास की नीति का न होना अत्यंत गंभीर विषय है जिस पर सरकार को ध्यान देना

चाहिए। उत्तराखंड में रिंगवाड़ी, मथाड़ा, पंझाड़ा, चुकूम, बैंथाड़ा आदि ऐसे गांव हैं जिनका विस्थापन कर पुनर्वास की अति आवश्यकता है। इन ग्रामों के निवासी तलवार की धार पर जीवन यापन कर रहे हैं परन्तु राज्य में विस्थापन एवं पुनर्वास की नीति घोषित नहीं होने के कारण इनका पुनर्वास सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है, जो एक गंभीर समस्या है । सरकार को वहां शीघ्र ही विस्थापन एवं पुनर्वास की नीति की घोषणा कर उक्त ग्रामों का शीघ्र पुनर्वास करना चाहिए।

मैं सदन का ध्यान पोस्टल बैलट की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। सैनिकों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में पोस्टल बैलेट द्वारा वोट दिए जाते हैं। जब पोस्टल बैलेट भेजा जाता है, तो वहां पर चुनाव आयोग की ओर से निगरानी नहीं होती है । वहां पर किसी राजनीतिक पार्टी का कोई पर्यवेक्षक नहीं होता, न ही कोई पोस्टल एजेंट होता है। जहां पोस्टल बैलेट डाले जाते हैं वहां कोई वीडियोग्राफी नहीं होती। यहां तक कि यूनिट का सी.ओ. जो सैनिक वोटर के हस्ताक्षर का सत्यापन करता है, उसका नमूना हस्ताक्षर रिटर्निंग ऑफिसर के पास भी नहीं होता है। इसलिए मेरा आपसे यह निवेदन है कि इस समस्या का एक ही समाधान है कि जो सैनिक जहां तैनात हो, वहीं पर उसके लिए वोट डालने का प्रावधान किया जाना, चाहिए और पोस्टल बैलेट प्रणाली को पूर्णतः समाप्त किया जाना चाहिए।

मैं कहना चाहूंगा कि देश में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल सबके लिए उपलब्ध करवाने के लिए सरकार को प्रस्तावित योजनाओं पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कर सभी के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करना चाहिए। पर्वतीय राज्यों विशेषकर उत्तराखण्ड राज्य में लम्बित पड़ी पेयजल योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए सरकार को आवश्यक पहल करनी चाहिए।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना के तहत 100 दिन के रोजगार का जो हक दिया गया है, उसमें समय से भुगतान न मिलने की शिकायतें सामने आ रहीं है। इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए एवं अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके उसके लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।

मैं हेमवती नन्दन बहुगुणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कार्यरत लगभग 188 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। वे लम्बे समय से नियमित होने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी यह मांग अभी तक लम्बित है। अगर वे नियमित हो जाएंगे तो उन्हें और बेहतर तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। उत्तराखंड में ग्रामीण डाक सेवकों को पर्याप्त हक नहीं मिल पा रहा है और न ही उन्हें केन्द्रीय कर्मचारियों की श्रेणी में रखा गया है। मेरा सरकार से निवेदन है कि एक चरणबद्ध व समयबद्ध तरीके से उन्हें नियमित कर केन्द्रीय कर्मचारियों की श्रेणी में लिया जाए।

हमारे उत्तराखंड में एस.एस.बी. गुरिल्ला ट्रेंड हजारों लोग हैं, उन्हें कोई पेंशन या अन्य सुविधा नहीं मिल रही है । उत्तराखंड की सरकार ने उनके समायोजन के लिए उन्हें आश्वासन भी दिया था परन्तु उसे अभी तक पूरा नहीं किया गया। मेरा निवेदन है कि सरकार द्वारा उन्हें आर्थिक सहायता देकर समुचित कदम उठाने चाहिए।

आज पूरे विश्व में योग का खूब प्रचार-प्रसार हो रहा है। विश्व को योग शिक्षा देने वाले भारत में ही इसके विकास की ओर समुचित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। हमारे कितने ही प्रशिक्षित योग शिक्षक बेरोजगार हैं। देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए शक्षिक संस्थाओं में योग शिक्षा अनिवार्य कर इन प्रशिक्षित योग शिक्षकों को सेवायोजित किया जाना चाहिए।

उत्तराखंड को देव भूमि भी कहा जाता है क्योंकि वहां चार धाम, हेमकुण्ड साहिब के साथ-साथ अनेक धार्मिक स्थल हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमें इनके साथ-साथ देवाल में जैसे लाटू देवता, देवप्रयाग के लोस्तूपट्टी में घंटाकरण देवता, चन्द्रबदनी, डांडा नागराजा आदि को धामों की तरह विकसित करना चाहिए, इससे राज्य में पर्यटन बढ़ेगा। उत्तराखंड राज्य में एडवेंचर टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं, उन्हें पहचान कर उनका विकास करना चाहिए, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं राज्य आगे बढ़ेगा।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र आदि की तरह उत्तराखंड राज्य में भी ग्रीष्मकालीन विधान सभा का एक सत्र गैरसैंण में आहूत किया जाना चाहिए। जिससे पहाड़ की समस्याएं एवं उत्तराखंड के निवासियों और राज्य के निर्माण में शहीद होने वालों की भावनाओं को समुचित सम्मान दिया जा सके।

देश की अन्य भाषाओं की तरह उत्तराखंड की गढ़वाली एवं कुमाऊंनी भाषाओं को संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित कर राजभाषा का दर्जा प्रदान करना चाहिए। जिससे पहाड़ की भाषाओं को भी सम्मान मिले। यहां मैं यह भी कहना चाहूंगा कि इन भाषाओं के विकास के लिए गढ़वाली एवं कुमाऊंनी अकादमियां स्थापित की जानी चाहिए।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि यह उत्तराखंड के कुमाउं क्षेत्र में भी एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की कृपा करें जिससे वहां के छात्रों का भी भविष्य उज्जवल हो सके। वहां की जनता की यह काफी पुरानी मांग है और सरकार को यह पहले से ही विदित है कि पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तारीकरण के लिए यह अत्यंत आवश्यक है जिससे वहां के युवा भी आधुनिक शिक्षा से लाभान्वित हो सकें।

मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आज उसने भारत में परिवर्तन लाने के लिए कदम उठाया है और हमारे राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण के अंदर जो विकास का कदम उठाए हैं, उनसे हमारा देश आगे बढ़ेगा, ऊर्जावान बनेगा।

[*]**डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम)**: महामहिम राष्ट्रपति की आरे से संसद के संयुक्त बैठक में दिए गए सम्बोधन में सिर्फ निराशा ही है। इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे आम आदमी उत्साहित हो सके। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने राष्ट्रपति के सम्बोधन के माध्यम से अपनी जिन प्राथमिकताओं और योजनाओं को रेखांकित किया है, वे निराशा का संचार करने वाली हैं।

इससे भी निराशाजनक यह हे कि सरकार की कथनी, उसकी करनी से तनिक भी मेल नहीं खाती है। इसका सबसे अहम दृष्टांत यह है कि संसद की संयुक्त बैठक मं तो विदेश में जमा काला धन वापस लाने का वायदा किया जा रहा है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के समक्ष ऐसी दलीलें दी जा रही हैं कि यह एक कठिन कार्य है। आखिर राष्ट्रपति के इस कथन पर भरोसा कैसे किया जाए कि यह सरकार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की कमी के कारण उत्पन्न समस्या से प्रमुखता से निपटेगी, क्योंकि प्रधानमंत्री तो यह कह रहे हैं कि गठबंधन राजनीति के आगे वे मजबूर हैं।

इस स्थिति में भरोसा किस पर किया जाए; प्रधानमंत्री पर या फिर उनकी सरकार की ओर से तैयार किए गए राष्ट्रपति के अभिभाषण पर? राष्ट्रपति जी के अनुसार सरकार भ्रष्टाचार से निपटने और पारदर्शिता लाने के लिए संकल्पबद्ध है। तब कोई बताएगा कि पिछले साल यह काम क्यों नहीं किया गया? यह अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है, ऐसा कहा जा रहा था। तब सरकार इन उपायों को लाने में किसकी प्रतीक्षा कर रही थी? इस सरकार को सीधे काम करना क्यों नहीं आता? यदि भ्रष्टाचार रोकने के उपाय अब सोचे जा रहे हैं तो क्या उसका अर्थ यह नहीं है कि अब तक उनकी अनदेखी की गई है।

---

[*] Speech was laid on the Table.

इस अभिभाषण के इस अंश पर भी यकीन करने का कोइ कारण नहीं है कि सरकार की प्राथमिकता मुद्रास्फीति से मुकाबला करना और खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से आम आदमी के हितों की रक्षा करना है, क्योंकि पिछले तीन वर्षों का अनुभव यह बताता है कि संप्रग शासन महंगाई का सामना करने के बजाय उसके बेकाबू होने के अलग-अलग कारण गिनाने में माहिर है। महंगाई के बारे में इस सरकार ने बार-बार खोखले आश्वासन ही दिए हैं। इस अभिभाषण में जिस तरह अनेक पुराने आश्वासन नए सिरे से दोहराए गए उससे तो ऐसा लगता है कि सरकार शासन करने की इच्छा शक्ति खोती जा रही है।

राष्ट्रपति के सम्बोधन में एक रस्म अदायगी के तहत समस्याओं का जिक्र ही किया गया। लेकिन उनके समाधान की प्रतिबद्धता की झलक नहीं दिखी।

*__श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा):__ पूज्य महात्मा गांधी जी की विचारधारा का माननीय राष्ट्रपति जी के भाषण में कोई जिक्र नहीं है जबकि वर्तमान समय में जो समस्याएं हैं उनके समाधान में गांधी जी की विचारधारा को अपनाना अति आवश्यक है। देश में बेरोजगारी तेजी के साथ बढ़ रही है एवं देश के कई राज्यों में शराब का सेवन पानी की तरह किया जा रहा है। जगह-जगह शराब की दुकान हो रही है और छोटी दुकानों पर शराब पैरोसी जा रही है। उस पर नियंत्रण करना आज के समय में सम्भव नहीं है एवं देशी माल को दुत्कारा जा रहा है एवं विदेशी सामान की मांग बढ़ रही है। हम विदेशों पर निर्भर होते जा रहे हैं। देश में मॉल जैसी सभ्यता पैदा हो रही है और रिटेल मार्किट का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है। यह मॉल संस्कृति केवल बड़े घराने एवं मल्टीनेशनल के माल को बेचने का काम करती हैं जिससे हमारे छोटे दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं और छोटे एवं कुटीर उद्योग बंद हो रहे हैं। ऐसी दशा में गांधी जी के विचारों पर नीति बनाए जाने की आवश्यकता है जिस पर इस भाषण में कोई जिक्र नहीं है। इसका मुझे बहुत खेद है।

राष्ट्रपति जी के भाषण में छोटे एवं कुटीर उद्योग के विकास कार्यों का ब्यौरा नहीं है जबकि यह उद्योग देश में रोजगार का सृजन करने का एक अच्छा माध्यम है और हमारे छोटे उद्योग में निवेश कम लगता है जिससे लोग इसको आसानी से शुरू कर सकते हैं। परन्तु सरकार का बड़े उद्योग के प्रति रूझान के कारण हमारे देश में छोटे उद्योग बन्द हो रहे हैं या बन्द होने के कगार पर है। जिसके कारण लोगों का रोजगार धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। इन छोटे उद्योगों के विकास से हम देश में एक संतुलित विकास आसानी से कर सकते हैं।

---

* Speech was laid on the Table.

देश में कृषि विकास दर हर साल कम होती जा रही हैं इसको बढ़ाने में राष्ट्रपति जी के भाषण में कुछ भी नहीं कहा गया है। आज देश में कृषि विकास दर 2 प्रतिशत से कम हो गई है जबकि आज से तीन साल पहले यह 4 प्रतिशत से ज्यादा थी। गांव में बैंक बंद हो रहे हैं, उन्हें वित्त की सहायता नहीं मिल रही है । किसानों को उनकी लागत भी नहीं मिल रही है जिसके कारण आज का किसान खेतीबाडी में रूचि नहीं ले रहा है इन सबके कारण हमारे देश में खाद्यान्न उत्पादन कम होता जा रहा है, जो महंगाई का कारण बन रहा है । क्योंकि जनसंख्या बढ़ने से खाद्यान्न की मांग बढ़ रही है और दूसरी ओर कृषि उत्पादन कम होने से खाद्यान्न की आपूर्ति कम हो रही है। कुछ दिनों पूर्व प्याज 60 रुपए किलो एवं आलू 25 रुपए किलो से ज्यादा बेचा गया। कुछ जगहों पर गरीब किसान द्वारा अपनी खेतीबाड़ी करने के लिए साहूकारों से ऊंची दर पर ऋण लिया जा रहा है। कृषि प्रधान देश में किसान द्वारा आत्महत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं। इससे ज्यादा शर्म की क्या बात होगी। दूसरी ओर, उपभोक्ता एवं किसानों के बीच दलाली करने वालों पर कोई नियंत्रण नहीं है। महंगाई बढ़ने से किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। असली जेब तो दलालों की भर रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा में एक दलाल ने एक बोरी बैंगन 20 रुपए में लिया जबकि बोरी की कीमत 25 रुपए थी। इस तरह से हमारे किसानों को ठगा जा रहा है एवं सरकार चुप बैठी रहती है।

देश में महंगाई की बात का जिक्र भाषण में है परन्तु महंगाई कैसे दूर की जाएगी इस बात का कोई अता-पता नहीं है। देश के प्रधानमंत्री एक अर्थशास्त्री है परन्तु इनके कार्यकाल में महंगाई का रिकार्ड बना है । ऐसे अर्थशास्त्री का क्या फायदा जिनके रहते देश में महंगाई तेजी के साथ बढ़ी है। हमारे देश के प्रधानमंत्री जी के बारे में कहा जाता है कि ईमानदार हैं परन्तु इनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुए

हैं। ऐसी किस बात की ईमानदारी का फायदा जिससे देश में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाए। आज प्रधानमंत्री भ्रष्ट लोगों के घेरे में हैं परन्तु प्रधानमंत्री जी अपने आपको बेगुनाह कह रहे हैं।

देश के बच्चे कल के भविष्य हैं परन्तु बच्चों के विकास के बारे में भाषण में जगह नहीं है। आदिवासी क्षेत्र में समेकित बाल विकास योजना का अता-पता नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा में आधे से ज्यादा बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। वहां इस योजना के माध्यम से कोई कार्य नहीं हो रहा है। इस तरह से इस योजना से धन की बर्बादी हो रही है। आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य केन्द्र बहुत-बहुत दूर हैं और वहां पर डाक्टर नहीं आता है और न ही दवाएं मिलती हैं तो ऐसे स्वास्थ्य केन्द्रों से लोगों को क्या फायदा होगा। इसलिए इन स्वास्थ्य केन्द्रों पर लोगों ने जाना बन्द कर दिया है। केवल योजनाएं चल रही हैं काम नहीं हो रहा है।

हमेशा की तरह भाषण में सिंचाई पर ध्यान नहीं दिया गया है आज भी आधी से ज्यादा भूमि पर सिंचाई की व्यवस्था नहीं है। अधिकांश खेती-बाड़ी वर्षा पर निर्भर है। नहरों में समय पर पानी नहीं होता है और सिंचाई डैम जो बन रहे हैं कई सालों से बन रहे हैं समय पर क्यों नहीं बन रहे हैं इसके जिम्मेदार लोगों का सजा नहीं मिल रही है। वह इसमें देरी कर इसकी लागत को बढ़वा रहे हैं और कमीशन लेकर पूरा मजा ले रहे हैं। सरकार ऐसे जिम्मेदार लोगों एवं लापरवाह अफसरों को सही रास्ते में अभी तक नहीं ला पाई है। नदियों में प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच रहा है। किसानों को बिजली नहीं मिल पाती है जबकि बड़े-बड़े मॉल एवं बड़े-बड़े मनोरंजन केन्द्रों में बिजली फूकी जा रही है, उन्हें दिन में बिजली पूरी मिलती है और किसानों को रात में बिजली मिलती है जिससे उन्हें रात में खेतों में काम करना पड़ता है और जंगली जानवरों से किसानों को बचना पड़ता है और सर्दी में रात में खेती करने से उनका स्वास्थ्य खराब रहता है।

कई क्षेत्रों में डार्क जोन घोषित है जहां पर किसान अपने खेतों पर ट्यूब वेल नहीं लगा सकता है दूसरी ओर डार्क जोन पर कई उद्योग बड़े-बड़े ट्यूबवेल लगाकर गहरी भूमि से पानी ले रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र ऐसा ही हो रहा है। उन पर सरकार कार्यवाही नहीं करती है परन्तु किसानों पर कानून लागू करती है।

माननीय राष्ट्रपति जी ने देश के सन्तुलित विकास किए जाने पर अपने विचार व्यक्त नहीं किए है। देश के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर उद्योग नहीं हैं जिसके कारण लोग शहरों की तरफ पलायन करते हैं। सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं इसमें ग्रामीण विकास की कुछ योजनाए हैं जो केवल कुछ समय के लिए हैं। लम्बे काल तक इन ग्रामीण विकास योजनाओं पर काम नहीं हो सकता है। पिछड़ा क्षेत्र विकास अनुदान जारी हो रहा है पर कहा जा रहा है इसका अता-पता नहीं है क्योंकि जो जिले पहले पिछड़े थे और पिछड़ गए हैं।

देश में हमारे वरिष्ठ नागरिक जो लम्बे समय तक देश की सेवा करते हैं और बुढ़ापे में आकर उपेक्षित हो जाते हैं क्योंकि परिवर्तित परिवार प्रणाली के चलते यह वृद्ध परिवार पर एक भार माने जाने लगे हैं । इसके लिए हर वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन दिए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए और उनके मनोरंजन के केन्द्र की संख्या को बढ़ाना भी अति आवश्यक है।

माननीय राष्ट्रपति जी का भाषण में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ ध्यान नहीं दिया है। आज की शिक्षा केवल व्यवसायिक हो गई है। जिसके कारण गरीब का बच्चा आज की फीस व्यवस्था के चलते निजी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता है और सरकारी स्कूल में पढ़ाई का स्तर भी समय के साथ नीचे जा रहा है जबकि अध्यापकों का वेतन बढ़ा है परन्तु उनके कार्य पहले से घटिया हो गए हैं। अध्यापक केवल नौकरी

करने की औपचारिकताएं निभाते हैं, गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध करवाने के कार्य में असफल हैं।

***श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषाण वास्तव में केन्द्र सरकार की कार्य योजना का दर्पण होता है इसमें सड़क पानी बिजली उद्योग निवेश, विदेश नीति सार्वजनिक वितरण प्रणाली स्वास्थ्य आदि सभी क्षेत्रों के बारे में उल्लेख किया गया है।

किन्तु दुख के साथ कहना पड़ता है कि गरीबों के लिए बनायी जाने वाली योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचना आज भी टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। गरीबी रेखा सूची में सभी गरीबों का नाम अभी भी नहीं आ पा रहा है तथा जिनके बीपीएल के राशन कार्ड भी बने हैं तो केन्द्र द्वारा राज्यों को राशन का आवंटन कम होने से सभी को गेहूं, चावल, शक्कर, मिट्टी का तेल नहीं मिल पा रहा है। जहां तक पेयजल की बात है तो इस वर्ष कई राज्यों में बारिश कम होने से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है वहीं किसान भी परेशान है। विशेष रूप से बुन्देलखंड के जिलों, टीकमगढ़ छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह जिले में तो नदी, तालाब, कुंए सूख गए हैं। ट्यूबवेल एवं हैंडपम्पों में पानी नहीं बचा है। ऐसी स्थिति में जहां पीने का पानी ही नहीं है किसान की फसलें नष्ट हो जाने से वह आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट गया है। बुन्देलखंड में जहां पेयजल के लिए विशेष प्रबंध करने की आवश्यकता है, वहीं पिछले 10 वर्षों से सूखे की स्थिति का सामना कर रहे बुन्देलखंड के किसानों को स्वावलंबी बनाने हेतु विशेष आर्थिक सहायता देने के लिए कदम उठाए जाना चाहिए। किन्तु इस बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है।

केन बेतवा नदी को 'नदियों को जोड़ने के अभियान' के अंतर्गत पहले पैकेज में शामिल किया गया था, किन्तु इस दिशा में जितना कार्य होना चाहिए था नहीं हुआ है। अभी बुन्देलखंड पैकेज में जोड़ा गया है। इस पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ होना चाहिए तथा

* Speech was laid on the Table.

इसी के साथ बुन्देलखंड के टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, पन्ना, दमोह जिलों में लघु एवं मध्यम सिंचाई योजनाएं बनाकर इनका लाभ किसानों को दिलाने की पहल करनी चाहिए। देश की आबादी का बहुत बड़ा भाग अभी भी सिंचाई की योजनाओं से वंचित है।

अतः कृषि क्षेत्र में योजनाबद्ध सिंचाई अभियान विशेष रूप से उन राज्यों में जहां कृषि वर्षा पर निर्भर है, ऐसी सिंचाई योजनाओं का विस्तार करना चाहिए। इस बारे में उल्लेख ही नहीं हुआ।

देश के कई राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं फोरलेन एक्सप्रेस हाइवे के कार्य का विस्तार किया जा रहा है, किन्तु एनडीए के कार्यकाल की तुलना में इसमें कमी आई है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के झांसी से छतरपुर, बमीठा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 76 को फोरलेन एक्सप्रेस हाईवे के रूप में बढ़ाने के लिए सर्वे भी हो चुका था। जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही भी प्रारंभ होने वाली थी कि अभी 15-20 दिन पूर्व समाचार पत्रों से जानकारी मिली की फोरलेन एक्सप्रेस हाइवे की इस मार्ग की कार्य योजना निरस्त कर दी गई है जबकि इस हाइवे पर खजुराहो एवं ओरछा जैसे अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन केन्द्र हैं जहां समूचे विश्व के अनेक राष्ट्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक कारों एवं बसों द्वारा इस मार्ग से यात्रा करते हैं। अतः इस मार्ग, झांसी, छतरपुर, बमीठा की फोरलेन एक्सप्रेस हाइवे की योजना को पुनः बनाने का उल्लेख किया जाना चाहिए तथा खजुराहो, ओरछा एवं छतरपुर जिले के जटाशंकर धाम प्राकृतिक स्थान को पर्यटन केन्द्र की दृष्टि से पर्यटकों के आवागमन एवं विकास की दृष्टि से सुविधाओं का विकास करने की योजना को बढ़ावा देना चाहिए।

देश की शिक्षा प्रणाली में काफी असमानता है जो कि समाज में खाई को बढ़ा रही है। एक तरफ पढ़कर अफसर निकल रहे हैं तो दूसरी तरफ बेरोजगारों की संख्या

में इजाफा हो रहा है जो हताशा के दौर से गुजर रहा है। गांव के सरकारी स्कूल से लेकर नगरपालिका के स्कूल इन सभी में बच्चे चाहे जमीन में टाट पट्टी पर बैठें हो या टेबल कुर्सी पर, उन्हें दी जाने वाली शिक्षा सिलेबस एवं कोर्स एकसमान होना चाहिए ताकि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं का सामना करते युवाओं में किसी तरह की हीन भावना न आने पाये। देश के जिन नगरों में अभी तक केन्द्रीय विद्यालय नहीं खुल पाये हैं वहां शीघ्र ही केन्द्र सरकार को केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ करना चाहिए। टीकमगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय को स्वीकृति दी गई है। प्रदेश सरकार अस्थायी भवन भी देने को तैयार है। अतः केन्द्रीय विद्यालय संगठन को भवन की मरम्मत कराकर वहां नये सत्र से कक्षाएं प्रारंभ करनी चाहिए। देश के सभी वंचित नगरों में यह पहल केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा होना चाहिए किंतु इस बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है।

बुन्देलखंड कृषि पर आधारित क्षेत्र है। अतः केन्द्र द्वारा प्रस्तावित केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय छतरपुर जिले के नोगांव में जहां राज्य शासन पर्याप्त स्थान देने को तैयार है वहां खोला जाना चाहिए अथवा टीकमगढ़ में भी कृषि विश्वविद्यालय तथा पास में शासकीय फार्म की काफी जमीन है वहां पर भी केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय खोलने के बारे में विचार किया जाना चाहिए। टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र के इन दो स्थानों में से किसी एक स्थान पर केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय प्रारंभ होने से बुन्देलखंड में सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

विदेशी घुसपैठ ने हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उत्तर पूर्व के कई राज्यों तथा दिल्ली एवं मुम्बई में इनकी बड़ी संख्या में वृद्धि हुई है जिससे देश के अंदर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का रोजगार तो छीना ही जा रहा है अपराध का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। अतः इस पर विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से

प्रवेश किए गए विदेशी घुसपैठियों की पहचान कर वापस भेजना चाहिए । इसका उल्लेख अभिभाषण में नहीं किया गया है।

विकास के लिए ढांचागत सुविधाओं के विस्तार की बात तब तक अधूरी रह जाती है जब तक कि बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया जाता। जनसंख्या नियंत्रण जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र हित में किया जाना चाहिए तभी योजनाबद्ध विकास संभव हो सकेगा। इस बारे में कोई पहल ही नहीं की जा रही है।

भारत निर्माण 2004 में प्रारंभ हुआ किंतु जब तक आवासहीन को मकान, भूखे को भोजन, मरीज को दवा, गरीबों को कपड़ा, बेरोजगार को रोजगार प्राप्त नहीं हो जाता तब तक भारत निर्माण अधूरा है, जब तक भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया जाता तब तक यह अधूरा है।

SHRI H.D. DEVEGOWDA (HASSAN): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would like to express my sincere thanks to you for having given me an opportunity to speak on the Motion of Thanks to the President's Address to the Joint Session by the President of India.

**15.05 hrs** (Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

Everybody today is very much concerned about corruption. Let us apply our mind to it. Which political party is free from corruption? Which political party is not taking black money or unaccounted money for facing elections in this country?

I entered the legislature about fifty years back. My friend, Shri S.M. Krishna, is sitting here. This is the 50th year in my life as a people's representative with only a two year break. I have seen what is going on in this country. People who give sermons must touch their conscience and say without any black money or the money given by industrial or corporate houses electoral politics is possible and that they are not obliged to them when in power. That is the situation prevailing in this country.

All of us have to now think as to how best we can improve the situation and how best we can remove corruption from our administrative and political systems. All these things are collective efforts; all of us should think over it without mixing politics. We have failed in finding out a suitable remedy for corruption which is a more dangerous disease than cancer. Mention has been made about 2G Spectrum and other cases; I am not going into them in detail.

Economic reforms were brought about by Dr. Manmohan Singh in 1991. I was a Member of this House at that time as a new comer. I told Doctor Saheb that day that agriculture sector would be adversely affected with these economic reforms. After 20 years, he has expressed on several occasions in his speeches that we have to evince more interest in agriculture; otherwise, the country is going to suffer very badly. I have repeated his own statement here.

He made a sincere effort in 1991 to bail out the country from the economic debt trap that it had entered into. Shri Chandra Shekhar, who was the Prime

Minister and who is no more now, pledged about thirty tonnes of gold to save the situation. You, yourself had kept about 150 tonnes of gold to overcome the situation in 1991. You tried your best. True, our economic growth is going to be appreciated all over the world. At the same time, with the rate of corruption prevailing in India, we have to bow our heads in shame. We all must seriously think over the issue. It is not a partisan issue. It is not an issue of the ruling party or the opposition party.

With my little experience in the last fifty years, I have seen times when elections were so cheap that with one thousand rupees we used to fight elections.

Today, it is Rs. 50 crore for an Assembly election in Karnataka. Sir, I do not know whether we can overcome this type of situation in this country. Money is not the issue.

Yesterday I heard the seniormost leader I have great respect for, Shri Rajnath Singh, who was the President of the BJP and also the Chief Minister of UP, the largest State with population of 20 crore or 25 crore. As I was sitting on the back side, my senior colleague, Shri Mulayam Singh Yadav asked me why I was sitting in the back. I prefer back bench. There is no need for me to sit in the front bench. So, I was sitting there. I heard his speech. He spoke for about one and a half hours only on the issue hovering around corruption aspect of the UPA Government. He also told about the Prime Minister. What are the words that he used in this House? I am sorry to say that nobody should disrespect the Chair, whatever may be the circumstances and whatever may be the compulsion. When I was a Minister in the Karnataka Cabinet, at that time, my Chief Minister used a word against Shri Rajiv Gandhi. Both of them are no more today. Though I was in the Ruling Party and a member of the Cabinet, I stood up and said that the word should be expunged. Sir, we have to respect the Chair. Today, Dr. Manmohan Singh is there, tomorrow 'X' may come, but the dignity of the Chair and office must be respected by one and all; otherwise, nobody will respect this country.

Sir, I am not going to plead on behalf of anybody, but I am watching the situation. We have hardly three Members in this House. So, time factor is also one of the things which may prompt Members to say how Devegowda can be given more time. I do not need more time. But when you see some of the proceedings of the House, you might have watched that I sit in the back bench.

I would request with folded hands to all my friends here to see what is going on in Karnataka. Can you bear that situation in Karnataka? I cannot blame Advani*ji*. We were together in jail for 13 months. I know him. I wrote a letter. I also wrote a letter with these documents to your goodself. Sir, this is the land of Karnataka and mine scam puts 2G scam to shame. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No comments please. Hon. Members, please do not disturb him. You are free to express your views later.

… (*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA (HASSAN): If corruption is a State subject, then I will stop. If Karnataka corruption can be tolerated, if Maharashtra corruption can be tolerated, then why not Delhi corruption? If you want to deal with corruption, do not think that corruption could be dealt in this august House. Let us go through what the President has said. She has said 'It is the concern of all of us.'

Then, the AG of Karnataka has given a report that there are no accounts for Rs. 4,000 and odd crores in Bangalore City Corporation. You talk of what the CAG has said here, but the AG of Karnataka has also given a report to the Government that for Rs. 4,000 and odd crores, there is no account and there is no work in the list. Sir, who should we ask? The Lokayukta had given the report two years back, but we are watching. Here, you have wasted one and a half months. What is the reason? The reason is only to earn a JPC.

How many JPCs we have seen? How many Commission reports we have seen? Hence, it is not possible unless we collectively take the decision in removing this. Shri Gulzari Lal Nanda, as acting Prime Minister, said that I will remove

corruption. It is not so easy. Today, the society has gone beyond repairs. Why is it so? It is because today money is flowing like anything, but nobody knows in what manner and in what forum.

You have brought so many legislations like the Prevention of Money Laundering Act; FEMA; FERA; and Benami Transactions Prohibition Act. There are so many Acts. What is going on? At least you have come when I was addressing this House. Sir, my request to you is this. Is there any accountability for the money that you are giving to Karnataka or the Union Government is giving to Karnataka? Rs. 23,000 crore was given last year by the Union Government, and that money was misused. Now, the Lokayukta is conducting the inquiry. It is your money; it is the money of the people; and it is the Union Government that has given it for various schemes like the Prime Minister Gram Sadak Yojana; the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme; the Rajiv Gandhi National Drinking Water Mission. There are so many schemes that you have launched. Sir, may I ask you as to how these things are going on? It is said that it is a State subject and you cannot intervene in it, but the money is going to be given and the Budget is going to be passed in this House itself. Therefore, should we not bring some sort of overall accountability to control how the money is spent or bring some legislation with your vast experience? Can you not apply your mind on this issue with regard to all the money that we are seeing today, which the States will give?

The Employment Guarantee scheme is a flagship programme of yours. How much money is looted by the middle-men? Let us apply our mind and let us be true to our conscience. The money is only for job cards to every house, but that job card is going to be used only to collect money. It is the money of the people.

Housing problem is going to be a major problem after 60 years of Independence. Even the drinking water problem is a major problem. The borewells that we have put up about 20 years back are not useable today. It is

because the water level has come down, and the pipes that we have put are not superior quality pipes. Therefore, we cannot use that water.

There are so many issues, and we have not solved the problems like the health problem. The private hospitals are flourishing, but nobody bothers about our Government hospitals. How can the people afford to go to the major hospitals or the mega hospitals? From where would the poor people bring the money for the cost of treatment like for heart ailment? You are giving only about Rs. 25,000 or Rs. 30,000 from the Prime Minister's Fund. No, Sir. Today, the poor people are suffering so badly. You come with me one day. I will take you to one village, and in that village the situation is the same as it was 50 years back. Therefore, you should apply your mind.

I beg of you to apply your mind on this. I may not come again to this House. I have seen this House for 20 years. I must be very plain and frank – I am watching my village – on how the things are in my own village. About 50 houses are there. Of course, a scheme was drawn up by the Karnataka Government when my son was the Chief Minister – *Suvarna Grama* – and they have selected 30-40 villages every day. My friend is here; you were also there; we were partners at that time, and that is not the issue. About 120 RCC houses were built. I told my son, 'what is the use' when they have no source to have a decent living and to have two square meals a day. Then, what the people would be doing with those RCC buildings? Therefore, I told him that he should give two milking cows at least so that they would have about 30 litres of milk per day which they could sell at Rs. 15 per litre. That way they would have some source of living.

You are spending money on various schemes. What Shri Rajiv Gandhi said about 25 years back, I want to repeat that, that out of every rupee spent, only 16 paise reaches the beneficiary.

We all have come from the rural areas; everybody has come from the rural areas. How are we wasting the money? Has anybody asked for 35 kilograms of rice? Is that rice going to be used by the beneficiary? It has become a competition

– if one party says, give 25 kilos; another party says, give 35 kilos. What for? If a family has got two members, are they going to use it? They will rather sell it in the open market. The Government shopkeeper will collect the card. During our own period, we have brought this PDS card for 36 crore people who were below the poverty line. We had taken that decision when the United Front Government was there. So many things are there.

Please call all the leaders; let us all sit together, and we will give our views. You have formed several ministerial groups. How many ministerial groups have you formed in the last seven years? You have formed more than 45 ministerial groups. What is the remedy? At least people like us who have come from the rural areas will throw some light on this. If you want to pick up those points, you can pick up; otherwise, you can leave it at that stage.

Let our friends understand that despite what appeared in almost all the electronic and the print media, your high command was not able to touch one person. Why? I am not going to blame all these leaders who are sitting in the front row. Ultimately what is going to happen, they must understand the thing. One person refers to the caste, religion and money and that next time he would bring 150 people. He says that they are scared. … (*Interruptions*) No, you should not do that because every political party has got its own problem, whether it is a big party or a small party. But I would like to caution by saying that because of Duryodhana, the entire Kuruvamsha had gone, and because of ….* the ending, whatever may be the BJP … (*Interruptions*)

SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA): Sir, I am on a point of order. … (*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA: Sir, I will withdraw that word. I will use the word 'Chief Minister'. The Chief Minister of Karnataka is going to destroy the entire system. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Under which rule you want to raise the point of order?

---

* Not recorded.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please sit down. Under what rule? Who wants to raise the point of order?

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please maintain order.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: I am not going to yield. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

… (*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA : If I have used the word …*. I will withdraw it. I can use the words 'the Chief Minister of Karnataka. There is no bar. I can use it as the Chief Minister of Karnataka. There is no question of any unparliamentary word. I have seen several Members what they speak. But I do not want to stand between any formalities. I will withdraw the word …*. But what the Chief Minister of Karnataka is doing, you must be prepared to accept it. … (*Interruptions*)

SHRI NISHIKANT DUBEY : I am on a point of order. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have made your point. Please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: He is a very senior Member. He is the ex-Prime Minister. Please sit down.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI V. NARAYANASAMY): The hon. Senior Member is referring to the functioning of the BJP ruled State.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please sit down. He is a very senior Member. Let him continue.

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF EARTH SCIENCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): There is a need to bring about probity in public life. This is what the hon. Senior Member is talking about.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please do not quote anybody's name.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: If there is anything objectionable, I will take care. Please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing should go on record except what the hon. Member is speaking.

*(Interruptions) …*[*]

MR. CHAIRMAN: Please wind up. I have given enough time.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please do not aggravate the situation. Please sit down. I am here to take care of it. Hon. Member, please wind up. I will give you two minutes more.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing should go on record except what the hon. Member speaks.

*(Interruptions) …**

SHRI H.D. DEVEGOWDA : I will respect the Chair. Shri Manmohan Singhji's photo, Shrimati Sonia Gandhi's photo appears in every magazine. That can be seen by everybody and not the photo of the Chief Minister of Karnataka. Is it so?… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except this.

---

[*] Not recorded.

*(Interruptions) …*[*]

MR. CHAIRMAN: Do not disturb him now. Please have respect for the Chair.

… (*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA : In the panel discussions, Shri Manmohan Singhji spoke. … (*Interruptions*)

**15.29 hrs.**

*At this stage Dr. Bhola Singh, Shri Ramesh Vishwanath Katti and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

MR. CHAIRMAN: I have expunged that word. Please go to your seats.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please go to your places.

… (*Interruptions*)

**15.30 hrs.**

*At this stage Dr. Bhola Singh, Shri Ramesh Vishwanath Katti and some other hon. went back to their seats*

MR. CHAIRMAN: Please quote the rule, if there is any objection.

… (*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA: I will take only five more minutes.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Just two minutes more.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I have already mentioned that anything objectionable will be expunged .

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I have already expunged whatever is objectionable.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Do not aggravate. Please take your seats, hon. Members.

[*] Not recorded.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …**

MR. CHAIRMAN: You must have respect for the senior Member. Please take your seats.

… (*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA : They have to give a little patient hearing. … (*Interruptions*)

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please maintain decorum.

… (*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA : May I request the hon. Prime Minister? There is a charge against me, against my son, against my family. It is all right. Let the Prime Minister take a decision because on Shri Raja, CBI is inquiring, JPC is inquiring and CVC inquiring. What about Karnataka Government? The former Chief Minister, Shri Krishna is sitting here; there are two or three former Chief Ministers and I do not want to drag the name of Nijalingappa, who is no more or the name of sitting Chief Minister. Shri Yeddyurappa has demanded an inquiry against everybody. I accept it. You order for the CBI inquiry, Sir. CBI is going through the inquiry against Shri Raja and he is behind the bars. We are ready to go. Shri Yeddyurappa is running the Government and he has made several charges. I will accept them; I am prepared to go to jail, if the charges are proved. Please, at least do that much. May I humbly request you, Sir? If you want to deal with corruption, as long as they raise this issue, I do not want to raise this issue on partisan lines and I told their leaders that there is no need of making hide and seek matter. If you want to deal with corruption as a non-party issue, that is a different matter.

Now, the issue has come to such a stage that `x' has to go jail and `y' should not go or should not get punishment because there is caste, community and

---

* Not recorded.

religion. The Judiciary has also entered the caste politics in Karnataka. I feel so bad that in my 50 years of political life, I have to see this. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Anything objectionable has been deleted. Now, do not disturb.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Now, maintain decorum.

… (*Interruptions*)

*SHRI BADRUDDIN AJMAL (DHUBRI) :** I on behalf of All India United Democratic Front support the Address given by Her Excellency Shrimati Pratibha Devisingh Patil, President of India in the Joint Session of the Parliament on 21st February, 2011. I consider myself fortunate to have my views in this first session of the new decade.

First of all I would like to state that unlike BJP who had termed the speech as directionless, hazy and non-inspirational, I view the speech as an inspirational, clear and directional. How can pinpointing of five most priority areas be termed as directionless and hazy is not understandable to me? No one can deny that our first priority is now to combat inflation and to protect the common man from the impact of rising food prices. The other priorities viz. to address the lack of probity and integrity in public life; to sustain the momentum of economic growth, to maintain the internal and external security; and to pursue a foreign policy which will ensure that our voice is heard and our interests are protected in global for a are undoubtedly well articulated and deserve appreciation.

Having said this, I would like to add that though the Commonwealth Games in October last were a great success; we are crumbled with unprecedented corruption. My appeal will be to ensure speedy identification of loopholes, fixing responsibility and punishment of the offenders who had caused national shame.

Her excellency in her speech has suggested increase in productivity and production as a long term solution to check inflation and food price. I would like to emphasise that until and unless we revamp our Public Distribution System (PDS) and make it corruption and middlemen free, no amount of increase would in production ease the food price and inflation. We must also enact the Right to Food Act without any further delay.

---

* Speech was laid on the Table.

I would sincerely hope that the actions suggested by Her Excellency to ensure Good governance are actually executed and would not remain as academic discussion only. We must ensure accountability for Good governance.

I take the opportunity to highlight the plight of the minority Muslims of Assam who are victims in all fronts including our justice system. You will be surprised to know that there is acute shortage of judges in the Foreigners Tribunals in Assam. I would like to put on record that the judgements of the 90% of the cases are declared ex-parte leading to enormous harassment to the genuine Indians who are falsely charged as Bangladeshis. Same is the situation in Gauhati High Court. This needs a proper attention of this August House; as we cannot allow minorities to be harassed by all Government agencies from Police to Judge!

Regarding black money deposited in Foreign Banks, I am sure UPA government will spare no effort in bringing back to India what belongs to it and to bring the guilty to book.

मैं अपोजीशन के कलीग्स से सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आप लोग क्यों नहीं बोलते कि मनरेगा बन्द कर दो। आपने तो यह नहीं कहा कि मनरेगा बन्द करनी चाहिए। अगर भ्रष्टाचार होता है तो स्टेट्स में होता है। सैण्ट्रल गवर्नमेंट यहां से मनरेगा नहीं चलाती है। सैण्ट्रल गवर्नमेंट जो राशि स्टेट्स को भेजती है, स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट्स को और डिस्ट्रिक्ट्स पंचायत को वह राशि भेजते हैं। यह हम अगर नहीं समझते तो यह बड़ी गलती होगी। हर चीज़ में सैण्ट्रल गवर्नमेंट के ऊपर सवालिया निशान लगाना एक आदत सी बन गई है। यह आदत सही नहीं है। हम लोग यह कहते हैं कि our Prime Minister is a man of integrity. हम यह नहीं कहते कि हमारे पास लौह पुरुष हैं, हमारे पास चांदी पुरुष हैं। हम यह नहीं कहते कि हमारे पास गोल्डन लेडी है। हम यह नहीं कहते, लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि डॉ. मनमोहन सिंह is a man of

determination. It has been proved during the discussion on the Indo-US nuclear deal. The Left Parties were threatening to withdraw the support for the UPA-I Government but Dr. Manmohan Singh did not care a fig for them because the hon. Prime Minister of India, Dr. Manmohan Singh's priority was for the nation, not for the party. This is the distinction between the UPA and all the other parties. मैं यह कहता हूं कि जब...(व्यवधान) Karnataka CM के बारे में कहा जाता था तो आप लोगों को जलन क्यों होती थी। What is sauce for the goose must be the sauce for the gander. आप लोग क्यों जलते थे।......*जब आपको पार्टी के लीडर कहते हैं कि पैसा तो खुदा नहीं है, पर खुदा की कसम, खुदा से कम भी नहीं है। यह कहने के लिए हम खड़े हैं कि डॉ. मनमोहन सिंह is a man of integrity. He has personally conceded to appear before the PAC, before the JPC. We should wait for a little period for the formation of the JPC and the truth coming out. It will be proved. Sir, the famous saying is that Caesar's wife must be above suspicion. The hon. Prime Minister has referred to that. It is only the Prime Minister of India who can say that like Caesar's wife, the Prime Minister should be above suspicion. This is the spirit of our Prime Minister. We are proud of our Prime Minister.

With these words, I conclude.

* Expunged as ordered by the Chair.

[*]**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** महामहिम राष्ट्रपति महोदया का अभिभाषण सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का दर्पण होता है। सरकार की उपलब्धियों और उसकी विफलताओं का इस धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उजागर होता है।

राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में देश में पीने के पानी व किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए पानी के घोर संकट की समस्या पर कोई ठोस कार्यक्रम बनाने की बात नहीं कही है। जल संसाधनों का प्रबधन एक बड़ी चुनौती देश में बनी हुई है। आज भी हजारों गांव ऐसे हैं जहां अब तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाया है। देश के किसानों की लाखों हेक्टेयर भूमि सिंचाई के अभाव में बंजर उसर होती जा रही है। देश की नदियों में पानी है, कुप्रबंधन के चलते सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। बरसात के दिनों में बरसाती पानी नदियों नालों से भारी मात्रा में बेकार बहकर समुद्र में चला जाता है। जबकि इसके संबध में कोई ठोस नीति सरकार ने नहीं बनाई है। दिन-प्रतिदिन भूमि जलस्तर बड़े पैमाने पर नीचे गिरता जा रहा है। जल का अवैध दोहन एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जिससे किसानों की सिंचाई की समस्या का समाधान ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। देश में सिंचाई की जो बड़ी परियोजनाएं लंबित पड़ी हैं उनको धन के अभाव में पूरा नहीं किया जा रहा है। बाण सागर परियोजना जो एक महत्वपूर्ण परियोजना है उसको पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को धन देकर जनपद चंदौली और बिहार प्रदेश तक इस योजना को पूरा कराये जाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में एशिया की सबसे बड़ी नारायणपुर पम्प कैनाल की नहर को पक्का कराया जाने की आवश्यकता है। साथ ही साथ भूपौली पम्प कैनाल की परियोजना को जल्दी पूरा कराया जाना जनहित में आवश्यक है। आज भी देश में पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है। गांव में रहने वाले लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध

---

[*] Speech was laid on the Table.

नहीं हो पा रहा है। सरकार त्वरित पेयजल योजना के अंतर्गत जो इंडिया मार्का हैण्डपम्प लगवाने का काम कर रही है, उसकी गुणवत्ता और मानक का पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है। पूरे देश में पीने के पानी के हाहाकार मचा हुआ है।

दोहरी शिक्षा व्यवस्था के चलते शिक्षा का व्यवसायीकरण बडी तेजी से बढ़ रहा है। गरीब किसान का बेटा महंगी शिक्षा के चलते उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहा है। आज जरूरत है कि पूरे देश में समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने का काम किया जाए। ताकि ***'चाहे हो गरीब या हो धनवान, शिक्षा होगी एक समान'*** की व्यवस्था लागू की जाए। स्वशिक्षा अभियान राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत आज पूरे देश में अरबों रुपए खर्च करने के बाद भी हम शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था प्रदान नहीं कर पा रहे हैं। प्राइमरी स्कूल से लेकर माध्यमिक तक के विद्यालयों में छात्रवृत्ति, ड्रेस, मिड-डे-मील, कापी-किताब जैसी बहुत सी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बावजूद भा शिक्षा का स्तर ऊंचा नहीं उठा पाया है। आज प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे अपना पूरा नाम अपनी मातृभाषा में नहीं लिख पाते हैं। सिर्फ दोपहर का भोजन लेने के लिए विद्यालयों में बच्चे आते हैं। इस प्रकार एक तरफ तो देश का अरबों रुपया खर्च हो रहा है, तो दूसरी तरफ शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है और दोहरी शिक्षा व्यवस्था के चलते निजी स्कूलों-कालेजों में अधिक फीस, महंगी शिक्षा के चलते गरीब बच्चों का दाखिला नहीं मिल पा रहा है। शिक्षा के अधिकार की धज्जियां खुले आम निजी विद्यालयों द्वारा उड़ाई जा रही हैं। महामहिम के अभिभाषण में देश के पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए एक शब्द भी नहीं कहा गया है। आज पूरे देश में असंतुलित विकास के चलते पिछड़े क्षेत्रों की संख्या बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल, विंध्याचल, बुंदेलखंड, उड़ीसा के कालाहांडी, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश के पिछड़े इलाकों में रहने वाले गरीब मजदूर, किसान, छात्रों, नौजवानों, बेरोजगारों को मूलभूत सुविधाएं, बुनियादी

ढांचों के अभाव में नहीं मिल रही हैं। जिसके परिणामस्वरूप आज नक्सली, अलगाववादी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आज इस बात की जरूरत है कि पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए उन क्षेत्रों में विशेष आर्थिक पैकेज योजना लागू कर बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराकर पिछड़ेपन को दूर किया जाने का काम किया जाना चाहिए।

महामहिम जी ने अपने अभिभाषण में देश में आंतरिक और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था के खतरों की ओर ध्यान देने की बात कही है। परन्तु बढ़ते नक्सलवाद, आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए किसी प्रभावी या ठोस कार्यक्रम की योजना बनाने की बात देश के सामने नहीं रखी गई है। हमारे देश की सीमाओं पर पड़ोसी देशों से खतरे बढ़ते जा रहे हैं। चीन लगातार देश की सीमाओं पर सड़क, रेल मार्ग का निर्माण तेजी से कर रहा है, हवाई अड्डे आदि बनाने का काम भी कर रहा है। परन्तु हमारे देश की सरकार इस खतरे से सावधान नहीं है और न ही अपनी सीमाओं को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान से आज भी आतंकवाद की घटनाएं हमारे देश में लगातार हो रही हैं। देश के किसानों को उनकी उपज की फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। बढ़ती हुई महंगाई, डीजल, पेट्रोल, बीज, कीटनाशक दवाओं की लगातार बढ़ रही कीमत से किसानों की उपज की उत्पादन लागत में वृद्धि हो रही है। खेती की पैदावार लगातार प्रभावित हो रही है। धान का समर्थन न्यूनतम मूल्य कम से कम 1300 रुपए क्विंटल तथा गेहूं का समर्थन मूल्य 1500 रुपए से कम नहीं किया जाना चाहिए। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि कृषि का उत्पादन बढ़ाया जा सके और किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। आज भी देश में बिजली का गंभीर संकट बना हुआ है। हम 21वीं शताब्दी के दूसरे दशक में चल रहे हैं। लेकिन आज भी भारत के गांवों में रहने वाले लोग अंधेरे में जी रहे हैं। गांव में

सड़कें नहीं हैं। लोगों को शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल रहा है। सिंचाई के साधन नहीं हैं। स्कूलों, अस्पतालों की भारी कमी के साथ-साथ डॉक्टरों, अध्यापकों की कमी है। गांव से लोगों का शहरों की ओर पलायन हो रहा है। शहरों की लगातार आबादी बढ़ने से शहरी जीवन की व्यवस्थाएं भी बिगड़ रही हैं, उनको मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं चरमरा रही हैं। मलिन बस्तियां, जर्जर सड़कें, पानी निकासी आदि की समस्या बढ़ती जा रही है।

पूरे देश में भ्रष्टाचार और घोटालों की चर्चा जोरों से चल रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं, न्यायपालिकाओं जैसे महत्वपूर्ण संस्थाओं से देशवासियों, आम जनता का विश्वास उठता जा रहा है। महंगाई के चलते देश की गरीब जनता का जीवनस्तर दिन-प्रतिदिन दयनीय होता जा रहा है। गरीबी और भुखमरी के चलते किसानों में आत्महत्या बढ़ती जा रही है। देश के बुनकरों के सामने महंगाई के चलते उनके बच्चों में कुपोषण बढ़ रहा है। उनके कारोबार बर्बाद हो रहे हैं। कर्ज के चलते बुनकर आत्महत्या कर रहे हैं। बुनकर बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के लिए सरकार ने कोई कार्यक्रम नहीं बनाया है। जिसके चलते बुनकरों में निराशा, कुंठा बढ़ रही है। देश में बड़े पैमाने पर गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। आम आदमी इन बीमारियों से बचने में असमर्थ होता जा रहा है, क्योंकि उसके पास इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। अस्पतालों की सुविधा नहीं है। इस सरकार ने गरीबों की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए जो धन उपलब्ध करा रही है, यह नाममात्र का है। आज जरूरत है कि देश के पूरे जनपदों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं तथा आम गरीब, किसान, बुनकर, मजदूर का इलाज निःशुल्क कराया जाए। हमारे देश के जो छात्र विदेशों में पढ़ने गए हैं उनके साथ विदेशों में दुर्व्यवहार, अमानवीय कृत किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार इस संदर्भ में कोई कार्यवाही करने का काम नहीं कर रही हैं। आस्ट्रेलिया, अमरीका, इंग्लैण्ड में हमारे

देश के पढ़ने गए छात्रों के साथ लगातार दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं। इतना ही नहीं, बल्कि मेरे देश के जो राजदूत इन देशों में नियुक्त हैं, उनके साथ भी दुर्व्यवहार की घटनाएं प्रकाश में आई हैं। सरकार को इस पर तत्काल कार्यवाही करने का काम करना चाहिए।

भारत निर्माण योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राजीवगांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की जोरशोर से सरकार के लोगों द्वारा बात कही जा रही है। लेकिन इस योजना का लाभ जिस प्रकार से देश के गांवों को तथा उनमें रहने वाले लोगों को मिलना चाहिए उस प्रकार से मिल नहीं रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सैकड़ों गांव आज भी सड़क से नहीं जोड़ जा सके हैं। सरकार से मांग है कि जनपद चंदौली के जो गांव प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत अभी तक नहीं जोड़े गए हैं उनको जोड़ने का काम करें और जिन गांवों में विद्युतीकरण नहीं हो पाया है उन गावों में विद्युतीकरण करने का काम सरकार करे।

SHRI KHAGEN DAS (TRIPURA WEST): While expressing my views in the discussion on the President Address, I would like to raise a few important issues which did not find place in the Address.

1. At the outset I would like to say after 64 years of Independence-

(a) Widespread hunger and malnutrition is the reality of India

(b) India continues to be home to around 25% of the world's hungry population.

(c) Nearly half of India's children under 3 years of age continue to remain malnourished as per the National Family Health Survey

(d) Along side half of pregnant mothers who are amenic

2. It has now become a question at everybody's lip whether India would able to take the top most position in the world with respect to corruption.

(e) India has already figured at 9th position among the corrupt countries in the world.

(f) It is shameful that India being the largest democratic country gradually leading to the biggest corrupt country.

**3. Coming to the price Rise:** The increase in the food price has reach unbearable limits for the people. The food inflation rate in the last week of December stood at 18.32%.

The manipulation is responsible for this sky-rocketing price rise. The manipulation of export and import policies for essential commodities has fuelled price rise giving huge profits to big trading companies.

Under the deregulated system in the space of a month, the price of petrol has been increased twice. Since deregularization, petrol prices have been hiked 7 times.

---

* Speech was laid on the Table

The Government refuses to curb speculation in food commodities by participating forward trading in them.

Despite the suffering of the people, the Government is unwilling to make Public Distribution system universal and provide essential commodities through the PDS at reasonable prices.

Corruption in 2 G scam.

Corruption in Commonwealth Games projects.

Corruption in the Adarsh Society in Mumabi etc. are the witness to the sordid scandals of large amounts of public money being looked.

In all the cases, criminal prosecution should be launched and they should be put in jail.

What these scams highlight is the maligned nexus of corrupt politicians, bureaucrats and big business operating at the centres of power.

The nexus poses a serious threat to the system of Parliamentary democracy itself.

With regard to 2 G-scam, I quote the words spoken by a Supreme Court Judge on November 24th 2010.

This is not an ordinary scam. If you go into the monetary aspect, you can not compare this with any other scam. Consider the magnitude and volume as highlighted by the CAG. This scam will put all other scams put together to shame.

But again it is the Supreme Court has asked the question I quote: "why was the Prime Minister silent"? This direction from the highest court is unprecedented in the history of Independent India. What is indeed shameful is that an amount to the extent of Rs.1.76 lakh crores was loss to the public exchequer in the 2G scam through corrupt deals.

To put into perspective, this amount would have been enough to provide the extra funds needs for a universal public distribution providing 35 kgs of foodgrains at 2 rupees a kilo for the entire remaining term of the

UPA Government. This amount is also 8 times more than the entire central budget for health and at least 3 times more than that for education.

The colossal expenditure for 2010 Common Wealth Games which rose to Rs.70,000 crore at the start of the games and this is almost 35 times more than the Projected expenditure.

The role of all agencies involved in organizing the CWG must be investigated and they must be made accountable.

According to a NGO – I quote " Till today most of the slum dwellers continue to live a miserable life mostly on the streets or in makeshift tends. The Government has failed to provide accommodation.

While talking about the Adarsh Society scam we see the nakedness of nepotism in distributing the flats to the top politicians, bureaucrats and high raking officers of the armed forces. The society has been tried to be molested simply by ignoring any allotment of flats for the widows of Kargil Martyrs or the war veterans.

Therefore, I have no hesitation to say that the spate of corruption scandals in the recent period – whether it be the 2G spectrum issue, the CWG or the Adarsh Housing scandals or the land scandals afflicting the BJP Government in Karnataka – all are pointers of institutionalized feature of corruption of the neo-liberalized regime.

The President's Address a passing remark was made on Black Money. According to one estimate, the amount of black money stands at anything between $500 billion and $1400 billion. A recent study by Global Financial Integrity put the current value of illicit money outflow to be $462 billion. I strongly demand that these unaccounted and ill-gotten wealth through tax evasion, money laundering and other illegal means parked in Swiss Bank and other foreign banks accounts should be directly confiscated. This money should be brought back to India and the details of the account holders must be made to public.

We are really horrified when we know that 365 members and supporters of CPI(M) and the left front have been killed by the TMC combine and the Maoists in West Bengal. The evidence about the Maoist-TMC combine come from a variety of sources. The book by a sitting Trinameel MP has cited instances of such collaboration. It is shocking as to how the Central Government turns a blind eye to this collaboration with the Maoists by a Union Minister and partner in the Government. When the Prime Minister himself had stated that I quote " Maoists are the greater threat for internal security of the country".

No mention has been made in the Address about serious agrarian crises and farmers suicide.

Indian agriculture has been going through severe distress under neo-liberal regime.

About 2.5 lakh farmers have committed suicide during the last 15 years.

The recommendations of the crucial proposals of the National Commission on Farmers have not accepted by the Government.

Agriculture can not be made sustainable without subsidy.

It may be mentioned that the legitimate tax of Rs.2.25 lakh crore due to Corporate Tax and personal income tax of high net worth individuals was consciously forgone during the financial year 2008-09.

Such massive concessions for the rich are however, called "incentives for growth". Concessions for the poor and need are always called "subsidies" which are bad for the economy and growth.

No mention has been made in the Address about regional disparities. Since Independence, successive Central Government have been found advocating for removing disparities. But due to the callous attitude of the Government regional disparities have been widening. The Central Government should keep in mind that the representatives of the elected government of N.E.States are not coming to Delhi with begging bowls but to exert the rights of the lawful demands of the people of the most economically backward regions of the country.

The Central Government should not play with fire. The genuine demand of the North East States should be met.

In fine, I express my disappointment as the President's Address did not indicate any direction as to how the Government would tackle price rise, corruption and address the hardships of the common people.

*[*] **श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे (शिरडी)ः** राष्ट्रपति के अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा तो दिया है परन्तु देश के समक्ष जो समस्याएं हैं, उनका उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति जी ने उनके समाधान का काई उल्लेख नहीं किया। मैं समझता हूं कि आर्थिक समस्याएं, जैसे कीमतों में वृद्धि, काले धन की समस्याओं का निराकरण आम बजट में देखने को मिलेगा।

देश के सामने आज कई समस्याएं है। कुछ आर्थिक है, कुछ सामाजिक, जिनके हल के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे। आर्थिक विकास हो रहा है परन्तु उसका लाभ आम आदमी को नहीं मिल रहा है। देश के 86 प्रतिशत श्रमजीवी आज असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं। कीमतों के बढ़ने से उनकी जीविका पर बहुत प्रभाव पड़ा है। आम जरूरत की वस्तुओं व खाद्यान्नों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि चिन्ता का विषय बन गई है। आने वाले वर्षों में खाद्यान्नों के मूल्यों में और वृद्धि हो सकती है। विश्व के बाजारों में खाद्यान्नों की कीमतों में वृद्धि हो रही है। मैं चाहता हूं कि कृषि को और मजबूत बनाया जाए। बजट में कृषि पर अधिक खर्च है। हमें कृषि क्षेत्र का विकास व उत्पादकता बढ़ा कर खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ाना होगा। ऐसा न हो कि यह देश जो खाद्यान्नों का निर्यात कर रहा था, एक आयात देश बन जाए। विश्व बैंक व संयुक्त राष्ट्र खाद्य व कृषि संगठन ने जलवायु का फसलों पर दुष्प्रभाव की ओर इशारा किया है। जिसमें खाद्यान्नों का उत्पादन कम हो रहा है। मैं चाहता हूं कि सरकार कृषि व खाद्य नीतियों का उल्लेख करते हुए एक श्वेत पत्र जारी करे।

हमारे देश का फल व सब्जियों के उत्पादन में दूसरा स्थान है। परन्तु आज भी लगभग 60 मिलियन टन फल व सब्जियां कोल्ट स्टोरेज के अभाव में खराब हो जाती है। देश में कुल 5400 कोल्ड स्टोरेज है उनमें से 50 प्रतिशत उत्तर प्रदेश, पंजाब व

---

[*] Speech was laid on the Table.

पश्चिम बंगाल में है। हमें इनकी संख्या बढ़ानी होगी। महाराष्ट्र में फलों का उत्पादन बहुत होता है। मात्र फल उत्पादक किसानों को उसका वाजिब मूल्य नहीं मिलता। सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए।

चाईना में 15 प्रतिशत फलों को प्रोसेसड किया जाता है, भारत में केवल 2 प्रतिशत। हमें खेती को लाभप्रद बनाना होगा। फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का बजट बढ़ाना होगा। उर्वरक पर दी जाने वाली सब्सिडी बढ़ानी चाहिए। खेती के लिए दिए जाने वाल ऋण की ब्याज दर कम की जानी चाहिए।

आर्थिक विकास की गति के साथ रोजगार के अवसर नहीं बढ़ना एक चिंता का विषय है। आज हमारा आर्थिक विकास कृषि व उद्योग की वजह से न होकर सर्विस सैक्टर की वजह से है। हमें कृषि व उद्योगों की विकास दर को बढ़ाना होगा ताकि रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें। छोटे व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना होगा इससे ग्रामीण क्षेत्र से शहरों की ओर पलायन कम हो सकेगा। आज मुम्बई जैसे शहर में 55 से 60 प्रतिशत लोग स्लम में रहते हैं। उनके पास कुल भूमि का केवल 6 प्रतिशत है।

देश में काले धन की समस्या नई नहीं है। इसे रोकने के लिए ठोस उपायों की जरूरत है। हवाला के माध्यम से जो काला धन बाहर जाता है वह पारटीसिपेटरी नोट (पी.एन.) के माध्यम से के FII द्वारा सफेद होकर देश में आता है। वह स्टॉक एक्सचेंज व रियल्टी बिजनेस में इनवेस्ट होता है। पी.एन. पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है।

आज देश में जो एफ.डी.आई. आ रहा है उसका 42 प्रतिशत मॉरीशस से आता है। मॉरीशस इतना पैसा कैसे इनवेस्ट कर रहा है। इन सभी बातों पर गहन चिंतन की आवश्यकता है।

देश में भू-माफिया के बाद अब तेल माफिया सक्रिय हो गया है। खाद्यान्नों की कालाबाजारी के बाद अब घरेलू गैस व मिट्टी के तेल की कालाबाजारी हो रही है। इसको रोकना होगा।

पिछले 30 वर्षों से देश में कच्चे तेल का उत्पादन स्थिर है। हमें अपनी आवश्यकता का 80 प्रतिशत बाहर से मंगाना पड़ रहा है। हम अपने कच्चे तेल का उत्पादन क्यों नहीं बढ़ा पाये जबकि हमारे पास उसके प्रचुर मात्रा में भंडार हैं। क्या यहां भी कोई आयात लॉबी काम कर रही है? विश्व में तेल की कीमतों का असर हमारी अर्थव्यवस्था पर व कीमतों पर पड़ता है।

शिक्षा व स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में जो योजनाएं हैं उनका कार्यान्वयन ठीक प्रकार से हो यह सुनिश्चित किया जाये। एक अध्ययन के अनुसार देश में 29 प्रतिशत प्राइमरी स्कूल पक्की इमारतों में नहीं हैं। लगभग 50 प्रतिशत स्कूलों की बाउंड्री वॉल नहीं है। लड़कियों के लिए पृथक टॉयलेट सिर्फ 59 प्रतिशत स्कूलों में हैं। यह चिंता का विषय है। शिक्षा पर हमें जी.डी.पी. का 6 प्रतिशत खर्च करना है, पर हम सिर्फ 3.4 प्रतिशत ही खर्च कर रहे हैं। राज्य सरकारों व केन्द्र सरकार द्वारा कुल व्यय का केवल 12 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है। यह राशि पिछले एक दशक से स्थिर है।

देश में एन्वायरमेंट की सुरक्षा को लेकर माननीय मंत्री जी ने जो कदम उठाए हैं, उनकी मैं प्रशंसा करता हूं। परन्तु, मैं चाहता हूं कि ई-वेस्ट एक भयंकर समस्या के रूप में हमारे सामने आ रहा है। इस संबंध में ठोस कदम उठाने होंगे। ई-वेस्ट संबंधी आंकड़े भयावह हैं। ई-वेस्ट केवल देश में नहीं वरन विदेशों से भी आयात हो रहा है। इसे रोकना होगा।

अंत में, मैं शिरड़ी की ओर से आता हूं जो एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में उभर रहा है। लाखों साई भक्त यहां आते हैं। मेरा सरकार से निवेदन है कि वह महाराष्ट्र सरकार को इस स्थल के विकास के लिए मदद करें। भक्तों के रहने के लिए सुविधाएं बढ़ानी चाहिए। शिरड़ी एयरपोर्ट जल्द बनने की ओर सभी कोशिशें की जानी चाहिए।

मुझे आशा है कि कु. ममता जी शिरडी के लिए अधिक से अधिक रेल सेवाएं उपलब्ध करायेंगी।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.):** सभापति महोदय, माननीया राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर सरकार द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में हो रही चर्चा में भाग लेने की आपने अनुमति दी, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

राष्ट्रपति का अभिभाषण नीरस, अपारदर्शी और दूरदर्शिता से परे था और कुल मिलाकर देखा जाये तो पिछले 6.5 वर्षों में यू.पी.ए.-वन और यू.पी.ए.-टू का जो कार्यकाल रहा, उसमें देश के लोगों को मिला तो केवल महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार। इस सरकार ने, अगर मैं यह भी कहूं कि भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़े तो गलत नहीं होगा। जितना गला फाड़-फाड़ कर मेरे मित्र यहां पर कह रहे थे, प्रधानमंत्री जी की बड़ाई कर रहे थे, 2जी स्पैक्ट्रम में इस सरकार को आखिरकार जे.पी.सी. की मांग मांगनी पड़ी। वह किसी और का पैसा नहीं, 1.76 लाख करोड़ रुपये का आम जनता के पैसे का उस घोटाले में इस सरकार के मंत्रियों के द्वारा घोटाला किया गया है। यह मैंने नहीं कहा, आपने नहीं कहा, यह सी.ए.जी. की रिपोर्ट में कहा गया। इसी सरकार के एक मंत्री ने कहा कि जीरो रेवेन्यू लॉस हुआ। वहीं पर सी.बी.आई. ने कहा कि 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उस 2जी स्पैक्ट्रम के घोटाले में हुआ है। आखिर किस प्रधानमंत्री की बात मेरे मित्र कह रहे थे। ठीक है, कुर्सी का सम्मान होना चाहिए, लेकिन एक के बाद दूसरा घोटाला हो रहा है।

कॉमनवैल्थ गेम्स की बात की गई। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ईवेंट की बात करने के बाद, 70 हजार करोड़ रुपये उस पर खर्च हुए। जो ग्रुप ऑफ मिनिस्टर था, उस की भी इसमें लगातार इन्वोल्वमेंट थी। यह कहा गया कि यह देश के मान-सम्मान की बात है, लेकिन जितनी लूट उसमें मची, उसका आप लोगों को भलीभांति पता है।

मैं कहना चाहता हूं कि इस सरकार के कार्यकाल में, जो वर्ष 2011-12 की बात इसमें कही गयी है, यह तथ्यों से परे है। आज इस देश में किसान आत्महत्या कर रहा है। किसान 12 रूपए प्रतिकिलो जो प्याज बेचता है, उसे आम उपभोक्ता 70 रूपए प्रतिकिलो खरीदता है, किसान 11 रूपए प्रतिकिलो जो चीनी बेचता है, उसे आम उपभोक्ता 36 रूपए प्रतिकिलो खरीदता है। क्या इसमें बड़े-बड़े घोटाले नहीं हुए? क्या आम-आदमी महंगाई की मार से पीड़ित नहीं है? हमारे प्रधानमंत्री जी दो बातों के लिए जाने जाते हैं - एक महान अर्थशास्त्री के नाम पर और दूसरी साफ छवि के नाम पर, लेकिन आज उनकी दोनों छवि धूमिल हो गयी हैं। वह इसलिए हुयीं कि एक अर्थशास्त्री का अर्थशास्त्र व्यर्थ गया। साढ़े छः वर्षों में आप महंगाई पर रोक नहीं लगा पाए। हम कहते थे कि उनकी सबसे साफ छवि है और वह स्वच्छ छवि के मालिक हैं। आज अगर उन्हीं की सरकार में पिछले 64 वर्षों के भ्रष्टाचार के रिकार्ड टूटे हैं, तो इसी सरकार के

दौरान टूटे हैं, चाहे कॉमन वेल्थ गेम्स की बात करें या चाहे टू जी स्पेक्ट्रम की बात करें। प्रधानमंत्री जी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैंने उस मंत्री को नहीं बनाया, उन्हें मंत्रालय नहीं दिया, उस पॉलिसी में मेरा कोई हाथ नहीं था। पीएमओ पर साफ तौर पर अगर आरोप लगे, एस बैंड घोटाले की जब बात करें, जिसने सब घोटालों के रिकार्ड तोड़ दिए, इसमें दो लाख करोड़ रूपए के घोटाले की बात हुयी, तो प्राइम मिनिस्टर आफिस पर बात की गयी। यह देश के लिए चिंता की बात है कि एक के बाद एक नया घोटाला इस सरकार के समय में आया। यह चिंता का विषय बना हुआ है।

महोदय, आम-आदमी महंगाई से पीड़ित है। आम-आदमी के पास जाकर टू जी स्पेक्ट्रम घोटाले की बात करो, तो वह कहता है कि मुझे टू जी स्पेक्ट्रम का नहीं पता कि यह क्या होता है, लेकिन इतना जरूर पता है कि जो 1 लाख 76 हजार रूपए खाए गए, अगर उससे एक गरीब आदमी को घर बनाने के लिए 40 से 50 हजार रूपए केंद्र सरकार द्वारा दिए जाते, तो कम से कम चार करोड़ लोगों के लिए देश में घर बनाए जा सकते हैं। लेकिन वह धन गरीब के लिए नहीं, बल्कि इनके सहयोगी दलों और सरकार के मंत्रियों की जेब में गया। इससे बड़े दुख की बात और क्या होगी कि यहां आम-आदमी, गरीब आदमी पीड़ित है।

महोदय, राष्ट्र की सुरक्षा की बात राष्ट्रपति जी ने यहां कही कि माओवाद की समस्या है, कश्मीर की समस्या है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि देश के लिए राष्ट्रहित से बड़ी बात और कुछ नहीं हो सकती। आम-आदमी के लिए देश की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। जब हम माओवाद और नक्सलवाद की बात करें, तो लगातार इस सरकार के सामने इस बात को उठाया गया कि माओवाद और नक्सवाद को लेकर कोई स्पष्ट नीति होनी चाहिए। अभी तक सरकार की इस संबंध में कोई स्पष्ट नीति नहीं है। मुझसे पहले शरद यादव जी कह रहे थे कि आखिर नक्सलवाद को बढ़ावा क्यों मिल रहा है? यही एक कारण है कि सरकार ने उन लोगों की उपेक्षा की है और इसी की वजह से नक्सलवाद को बढ़ावा भी मिला है। जब तक कोई स्पष्ट नीति नहीं बनेगी, तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता। मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि जब राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा कि हमारा युवा राष्ट्र है और देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहिए। मैंने भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जम्मू-कश्मीर की समस्या को लेकर पूरे देश भर में प्रवास किया। जब देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के लिए, राष्ट्रीय एकता यात्रा को लेकर कलकत्ता से कश्मीर के लिए 12 राज्यों से होकर गुजरे, 15 दिन की यात्रा में 3,200 किलोमीटर का सफर तय किया। एक भी अप्रिय घटना नहीं घटी। आखिर उसके पीछे क्या भावना थी कि राष्ट्र में एकता, अखंडता और भाईचारे को बढ़ावा दिया जाए? जम्मू-कश्मीर की समस्या को हल करने के लिए इसी सदन में आज से 16 वर्ष पहले 22 फरवरी, 1994 को दोनों सदनों ने आम सहमति से एक

रेजोल्यूशन पास किया था कि पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर भी हिंदुस्तान का अभिन्न अंग है। इतने वर्ष बीत गए, लेकिन उस ओर कोई उचित कदम नहीं उठाया गया। बीस वर्ष हो गए, जम्मू-कश्मीर के विस्थापितों को, वहां के पंडितो को, वहां सिख भाइयों को, लेकिन आज उनके पुनर्वास की कोई बात नहीं करता है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर का विलय हिंदुस्तान में कभी नहीं हुआ। इस पर गंभीर चिंता जतानी चाहिए। जम्मू-कश्मीर हिंदुस्तान का अभिन्न अंग है और सदा अभिन्न अंग रहेगा, यह मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि जिस राष्ट्रध्वज के मान-सम्मान के लिए 12 राज्यों से होकर हम जम्मू-कश्मीर जाना चाहते थे, क्या हिंदुस्तान में, लाल चौक पर, हिंदुस्तान के एक हिस्से में राष्ट्रध्वज को फहराना कोई अपराध है?

अगर अपराध नहीं है तो मैं आपके माध्यम से इस मुद्दे के बारे में इसलिए पूछना चाहता हूं, यहां प्रधान मंत्री कार्यालय से जुड़े हुए मंत्री जी बैठे हुए हैं, और भी कई मंत्री बैठे हुए हैं, इस देश के युवा हजारों की तादाद में कश्मीर को इस देश का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए वहां गए थे। वे जिस हाथ में तिरंगा लेकर गए, उस हाथ पर लाठियां बरसाई गईं। उस तिरंगे को हाथ से छीनकर फाड़ दिया गया। किसी और ने नहीं बल्कि जम्मू कश्मीर की पुलिस ने उस तिरंगे को लेकर फाड़ा, जो तिरंगे का अपमान है। उसके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि क्या इस देश में तिरंगा फहराना अपराध है? 26 जनवरी को इसी लोक सभा की प्रतिपक्ष की नेता और राज्य सभा के प्रतिपक्ष के नेता, हमारी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री, लोक सभा के सदस्य और मुझे भी जम्मू कश्मीर की जेल में रखा गया, राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोका गया, इससे बड़ा अपमान इस देश में कोई और नहीं हो सकता। इससे बड़ा तिरंगे का अपमान क्या होगा कि इस देश के युवा तिरंगा फहराने के लिए जब लाल चौक गए तो उन पर लाठियां बरसाई गईं, थर्ड डिग्री टार्चर का इस्तेमाल किया गया, जेल में यह कहा गया - हिन्दुस्तानी ...(व्यवधान) * यहां कश्मीर में कैसे आ गए। वहां इस भाषा का प्रयोग किया गया।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please take your seat.

… (*Interruptions*)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.):** युवा चीफ मिनिस्टर ने क्या कहा, आप इस बात से सहमत हैं या नहीं कि कश्मीर का पूर्ण विलय हिन्दुस्तान में हुआ या नहीं।...(व्यवधान) यह कांग्रेस का साम्प्रदायिक चेहरा है कि वह धारा 370 को समाप्त नहीं करती।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

---

* Not recorded.

*(Interruptions) …* *

MR. CHAIRMAN: Shri Jagdanand,, please speak.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** आप साथ में क्यों नहीं आए। आपके पीछे पंजाब के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बैठे हुए हैं। ये मेरे घर पर झंडा फहराने आए।...(व्यवधान) हमने इनका स्वागत किया। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: No argument. Please take your seat.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैं इनका और स्वागत करता, अगर ये मेरे साथ लाल चौक जाते। लेकिन इनमें इतना दम नहीं था कि ये लाल चौक जाते। ये हमारे घर आए, फिर भी हमने इनका स्वागत किया।

MR. CHAIRMAN: Nothing will go in record. Shri Jagdanand, please speak.

*(Interruptions) …**

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** सभापति महोदय, मेरी पार्टी का समय है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Your time is over. Do not argue.

*(Interruptions) …**

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैं अपनी पार्टी का समय ले रहा हूं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Your party's time is over. Shri Jagdanand, you please speak. I have given you sufficient time. Please do not ask for more time. Do not repeat the same point. There is no further time for your party.

*(Interruptions) …**

MR. CHAIRMAN: You will not get more time. Your time is over.

*(Interruptions) …* *

SHRI ANURAG SINGH THAKUR : My party time is there.

मैं अपनी पार्टी का समय लं रहा हूं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: What about other Members? If you are taking more time then other Members of your party would not get any time further.

*(Interruptions) …**

---

* Not recorded.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR: It is my party's time. I am not taking any other party's time; I am taking my party's time.

MR. CHAIRMAN: Let your Leader say something. You have already spoken.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR : If we go and speak in the House and would not get proper answer to our question during the Question Hour, it is better to use the RTI rather than to go to this hon. House.

*(Interruptions) …**

MR. CHAIRMAN: Please stop it. Please wind-up.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR: I am winding up. I speaking on this issue I am not taking any other issue. I am taking my party's time. Give me some time. I am going to conclude.

MR. CHAIRMAN: Please wind-up.…*(Interruptions) …**

SHRI ANURAG SINGH THAKUR : What I am trying to say is this. जो कहा जाता था कि दंगे-फसाद होंगे, तो वे एक नहीं हुए। वहां पर जाने से क्यों रोका गया, थर्ड डिग्री का इस्तेमाल क्यों किया गया, झंड़े को क्यों फाड़ा गया, इन प्रश्नों के उत्तर हम चाहते हैं। हमारे देश की सरकार ने अलगाववादियों के सामने घुटने टेक दिये, लेकिन राष्ट्रवादी युवाओं के ऊपर डंडे बरसाये गये, थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया गया। यह आजाद हिन्दुस्तान में हुआ, इससे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात क्या हो सकती है? इसके साथ-साथ फौज को नये हथियार देने की बात भी महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में की है। अगर उनका मनोबल गिरेगा, उनका मनोबल क्यों गिर रहा है, यह आपकी सुरक्षा की भी बात है, उनका मनोबल इसलिए गिर रहा है कि देश की सरकार अलगाववादियों के सामने घुटने टेक रही है। अगर आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट में बदलाव लाया जाता है, तो निश्चित तौर पर …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Okay, that is all.

… (*Interruptions*)

MR CHAIRMAN: Okay, that is all. You have made your points.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR : Sir, I have not concluded. Let me conclude my speech.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

---

* Not recorded.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** सभापति महोदय, अगर आप बार-बार इंटरफियर करेंगे, तो मैं अपनी बात खत्म ही नहीं कर पाऊंगा। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nobody is interfering. I am only asking to conclude.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR : Sir, give me just two minutes. अगर देश युवाओं का है और युवाओं को बोलने का मौका नहीं मिलेगा, तो इस हाउस में आने का कोई फायदा ही नहीं है। If I cannot utilise my party's time, when will I speak? I had been waiting for the last eight hours today. मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि आज देश में राष्ट्रीय ध्वज का जो अपमान हुआ है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस सेना का मनोबल बढ़ाने की बात राष्ट्रपति महोदया जी ने अपने अभिभाषण में की, तो केवल आधुनिक हथियार लेने से कुछ नहीं होगा। उनका मनोबल सेना विशेषाधिकार अधिनियम में बदलाव लाने की वजह से गिरेगा। इसके साथ-साथ अगर कश्मीर को स्वायत्ता देने की बात हो रही है, तो हम उसका विरोध करते हैं, क्योंकि कश्मीर हिन्दुस्तान का अभिन्न अंग है और सदा अभिन्न अंग रहेगा। मैं केवल इतना कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान) Let me speak the last line of my speech.

MR. CHAIRMAN: All right. You are a young man. You have to respect the Chair when you are asking for extension of time.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR : Sir, I am requesting you.

MR. CHAIRMAN: You had started at 5.30 PM and you have already taken 15 minutes.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR: Sir, I am not taking any other party's time. … (*Interruptions*) मैं अपनी पार्टी का टाइम ले रहा हूं। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: What is this? You have to understand and you have to be very brief in making you points. You have already said certain things.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** सभापति महोदय, मैंने अभी तक दो प्वाइंट भी नहीं बोले हैं। …(व्यवधान) Let me conclude.

***श्री राकेश सचान (फतेहपुर):** महोदय, महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए मैं अपने विचार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में 67 बिन्दुओं पर चर्चा की है। देश में बढ़ती हुई मुद्रास्फीति को रोकने के लिए कारगर उपायों का जिक्र नहीं किया गया है। बढ़ती महंगाई से गरीब आदमी का जीना दूभर हो गया है। समाज के गरीब, कमजोर, वंचित वर्ग के लोगों का आर्थिक विकास रूक सा गया है। आजादी के 65 वर्षों के बाद भी आज तक देश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को सरकार द्वारा चिन्हित नहीं किया गया है। जिससे गांवों में गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से सस्ते दरों पर गेहूं, चावल व अनाज आदि की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि देश में नया सर्वे कराकर बीपीएल व एपीएल के नये कार्ड जारी करें, जिससे गांव में रहने वाले, सभी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले और सभी पात्र लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के द्वारा राशन मिल सके।

महोदय, आज देश में किसानों की हालत सब से ज्यादा कमजोर हो रही है, क्योंकि किसानों को आज तक सिंचाई, बिजली और खाद की व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। आज भी 35 प्रतिशत जमीन ऐसी है, जहां सिंचाई की कोई व्यवसथा नहीं है। जिससे किसान की पैदावार प्रभावित हो रही है। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 550 रूपये से बढ़ाकर 1000 रूपये कर दिया है और गेहूं का समर्थन मूल्य 630 रूपये से 1100 रूपये जरूर किया है, लेकिन क्रय केन्द्रों में खरीद नहीं हो रही है। इसलिए किसान को मजबूरी में अपनी उपज को औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है, क्योंकि बिचौलिए हावी रहते हैं। किसान हफ्तों क्रय केन्द्रों में पड़ा रहता है। मैंने अपने क्षेत्र के क्रय केन्द्रों का दौरा किया था, जिसमें धान व गेहूं की खरीद में यह अनियमिततायें हो रही हैं। इसमें सुधार किए जाने की आवश्यकता है। जिससे किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके।

महोदय, महामहीम ने पढ़े-लिखे बेरोजगार लोगों को रोजगार देने का कोई जिक्र नहीं किया है। जबकि आज देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। सरकार रोजगार सृजन कर बेरोजगारों को रोजगार देने की व्यवस्था नहीं कर रही है। देश का नौजवान दर-दर भटक रहा है। मैं मांग करता हूं कि सरकार रोजगार दे या जब तक पढ़े-लिखे लोगों को रोजगार नहीं दे सकती है तब तक बजट में प्रावधान करे और सभी के लिए बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान करे।

---

* Speech was laid on the Table

मान्यवर, आज देश में पेयजल का गम्भीर संकट है। वाटर लेवल दिन-पर-दिन नीचे जा रहा है। गांवों में अब कोई भी कुआं नहीं बचा है। पहले जिनमें पानी था, वे भी अब सूख गए हैं। नलकूप पम्प की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। सरकार नलकूप या अन्य उपाय करके पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए चिंतित नहीं है। इस सरकार को विशेष ध्यान दे कर बजट में धनराशि आबंटित करने का प्रावधान करके स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने के उपायों के बारे में जिक्र करना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, इसलिए इस विषय को जोड़ा जाना चाहिए।

मान्यवर, महामहिम के अभिभाषण में महत्वाकांक्षी योजनाओं का जिक्र किया गया था कि 500 से 1000 की आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ा जाएगा, लेकिन अभी तक मेरे क्षेत्र जनपद फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में भारत सरकार के मानक के अनुसार 106 गांव ऐसे हैं, जो सड़कों से नहीं जोड़े जा सके हैं। दो वर्षों से न कोई बजट का प्रावधान किया गया है और न इस बार महामहिम ने अपने अभिभाषण में इस बात का जिक्र किया है।

अंत में मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

***श्री राम सिंह कस्वां (चुरू):** संसद के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है कि पूरा का पूरा कोई एक सत्र बिना कामकाज के पूरी तरह से समाप्त हो गया हो, ऐसा पिछले शीतकालीन सत्र में हुआ है। जिसका कारण विपक्ष की छोटी सी मांग 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले के मामले में संयुक्त संसदीय समिति का गठन करने से संबंधित था । मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस मांग को पूरा करने का काम किया है । महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए प्रभावी कानून बनाने के लिए कहा है, लेकिन देश देखना चाहता है कि सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या प्रभावी और कठोर कदम उठाए जा रहे हैं । भ्रष्टाचार के इतने मामले उजागर हो रहे हैं लेकिन सरकार को ये मामले दिखाई क्यों नहीं दे रहे हैं । आज भ्रष्टाचार के मामले में एक केबिनेट मंत्री जेल में बंद है । भ्रष्टाचार के कारण आज संसार मं हमारी साख को भारी धक्का लगा है । आज हमारे देश पर खरबों रूपये का कर्ज है और हम उसका ब्याज तक नहीं चुका सकते, दूसरी तरफ खरबों रूपये का काला धन विदेशी बैंकों में जमा है । सरकार एक स्पष्ट सूची जारी करे, जिसमें विदेशी बैंकों में विशेषकर स्विस बैंक में कालाधन रखने वालों के नाम उजागर किए जा सके । सरकार को काला धन वापिस लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए थे, लेकिन सरकार ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया है । सरकार अंतर्राष्ट्रीय संधि की बाध्यता की बात करती है। यदि अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन और यूरोपीय देश अंतर्राष्ट्रीय संधि कर काला धन वापिस ले सकते हैं तो भारत सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती । चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है, उसने कह दिया है कि अरूणाचल प्रदेश हमारा है । आप सरकार बचाने की फिक्र नहीं करें, देश को बचाए। सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। जब से कांग्रेत नीत संप्रग सरकार आई है तब से महंगाई के निरंतर बढ़ने का सिलसिला जारी है । संसद के हर सत्र में मंहगाई पर चर्चा होती है, किंतु अभी तक हम ऐसे किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे, जिससे महंगाई कम की जा सके ।

गठबंधन सरकार की मजबूरियां बतलाकर अधर्म का सहारा नहीं लिया जा सकता । गठबंधन धर्म से बड़ा राष्ट्रधर्म होता है, सरकार को राष्ट्रधर्म का पालन करना चाहिए । इस सरकार के आने के बाद कृषि क्षेत्र में बड़ा संकट पैदा हुआ है, गांवों के गरीबों और किसानों की हालात पहले से ज्यादा खराब हुई है । चावल और गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ा दिया गया है लेकिन ऐसा करते समय किसान से पैदा होने वाले अनाज की लागत पर ध्यान नहीं दिया गया है । किसान को उसके उत्पादन का लाभकारी मूल्य मिलना

---

* Speech was laid on the Table

चाहिए । 65 फीसदी बेरोजगारों को रोजगार खेती से मिल रहा है, लेकिन खेती को प्राथमिकता अभी तक नहीं दी जा रही है। किसानों को न्याय नहीं मिल रहा है, किसान के लिए सिंचाई का इंतजाम पूरा नहीं हो रहा है । हिंदुस्तान का किसान गरीबी रेखा से नीचे जीवन निर्वाह करने के लिए मजबूर है । वर्षों पश्चात् इस वर्ष राजस्थान में अच्छी वर्षा व फसल हुई है, लेकिन राजस्थान सरकार ने समय पर समर्थन मूल्य पर बाजरे की फसल खरीद की कोई व्यवस्था नहीं की, जिस कारण किसानों को अपनी फसल काफी कम कीमत पर बेचनी पड़ी । किसानों के सम्मान के बिना हिंदुस्तान का सम्मान नहीं बढ़ सकता, न संपन्नता बढ़ सकती है, न ही गरीबी और बेरोजगारी दूर हो सकती है । देश की अर्थव्यवस्था में किसी समय खेती का योगदान 70 फीसदी था, आज यह काफी कम हो गया है । किसान के हितों की रक्षा करने और उनकी समस्याओं पर गंभीरता से काम करना बहुत ही आवश्यक है । किसान हमारी राष्ट्रीय चिंता का विषय है । इनकी समस्या का समाधान सरकार को करना चाहिए ।

1981 के समझौते के अनुसार राजस्थान को 8.6 एमएएफ पानी का आवंटन किया गया था, लेकिन पंजाब सरकार आज तक भी राजस्थान को उसके हिस्से का 06 एमएएफ पानी नहीं दे रही है । राजस्थान सरकार, जनप्रतिनिधिगण वर्षों से इसके लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन पंजाब राजस्थान का हिस्सा नहीं दे रहा है। अगर इन्दिरा गांधी कैनाल, सिंधमुख कैनाल को उसके हिस्से का पूरा पानी मिल जाए, तो देश की अन्न समस्या का हल करने में बड़ी सहायता मिलेगी । अभी हाल ही में ओला वृष्टि के कारण हमारे क्षेत्र में फसल को बहुत भारी नुकसान हुआ है । सरकार उसके लिए किसानों को कोई सहायता नहीं दे रही है । फसल बीमा योजना में ओलावृष्टि से हुए नुकसान पर मुआवजे का प्रावधान नहीं होने से प्रभावित किसानों को कोई राहत नहीं मिल पाएगी । फसल बीमा योजना में बैंकों से कर्ज लेने वाले प्रदेश के सभी किसानों का प्रीमियम काटा गया है लेकिन ओला वृष्टि से नष्ट हुई फसलों का उनको बीमा कंपनियों से किसी तरह का मुआवजा नहीं मिला ।

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except the speech of Shri Jagdanand Singh.

*(Interruptions) …*[*]

MR. CHAIRMAN: Mr. Jagdanand, you please start.

Mr. Thakur, next time, you may speak. This is a big Session. There are still so many days when the House is going to transact so many businesses, at that time you may speak. You cannot exhaust the whole thing at the same time. Please cooperate with the Chair.

**श्री जगदानंद सिंह (बक्सर):** सभापति महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव का मैं समर्थन करता हूं। लेकिन साथ ही सदन में जो दस्तावेज आये हैं, उस बारे में, मैं यह कहना चाहता हूं कि शायद इस दस्तावेज के आधार पर यह राष्ट्र अपनी विसंगतियों को दूर नहीं कर सकता है, जो वर्षों में पैदा की गयी हैं।

महोदय, मैं स्पेक्ट्रम घोटाला, महंगाई, आदर्श सोसायटी, राष्ट्रमंडल घोटाला और काले धन की चर्चा करके ज्यादा समय नहीं लूंगा। लेकिन मैं एक बात की चर्चा करना चाहता हूं कि 70 लाख करोड़ रुपया विदेशों में काला धन जमा है, तो यह एक दिन का विषय नहीं है। सरकार और कभी सरकार में रहे लोग जो आज मुख्य विपक्षी हैं, कहीं न कहीं दोनों का योगदान है। 2जी स्पेक्ट्रम की शुरूआत के बारे में सरकार का कहना है कि जो राजग की नीतियां थीं, उसके आधार पर इस घोटाले की नींव पड़ी थी। जबकि राजग के लोगों का कहना है कि चाहे नींव कभी भी पड़ी हो, लेकिन 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये का घोटाला कांग्रेस सरकार की देन है।

महोदय, काला धन विदेशों से वापस आना चाहिए, लेकिन सरकार में रहे मुख्य विपक्षी दल राजग के लोग कभी भी राष्ट्र के सामने यह बताने का काम नहीं करते कि जब वे सत्ता में थे, सरकार में थे, तो काला धन वापस लाने के लिए उन लोगों ने क्या प्रयास किया था? कभी-कभी हम लोगों की समझ में आता है कि सरकार और मुख्य विपक्षी दल की नीतियों में कहीं कोई अंतर नहीं है। इन दोनों ने मिलकर अपने-अपने समय में जो गलतियां की, उनका परिणाम राष्ट्र भुगत रहा है। जगदम्बिका पाल जी बोल रहे थे कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने यहां आकर हमारी पीठ थपथपाने का काम किया, लेकिन शायद वे यह बात भूल रहे हैं कि इस देश के बारे में दुनिया में लगातार यह चर्चा हो रही है, यह बताया जा रहा है कि इस राष्ट्र का अमीर अमेरिका के नागरिकों की तरह धनवान बनता जा रहा है और यहां का गरीब अफ्रीका के

[*] Not recorded.

राष्ट्रों के नागरिकों की तरह गरीब होता चला जा रहा है। भारत के भीतर कभी इंडिया और भारत, इन दो की बात होती थी, लेकिन अब भारत के भीतर अमेरिका और अफ्रीका की बात हो रही है। आखिर किन नीतियों का परिणाम है कि पांच वर्ष पूर्व जहां हमारे देश में आठ खरबपति थे, आज इस देश में 57 खरबपति हो गए हैं। सरकार को इसके बारे में बताना चाहिए। यहां की अर्थव्यवस्था, जीडीपी आगे जा रही है, लेकिन उससे पैदा हुई दौलत कहां जा रही है? रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 12 साल पूर्व इस राष्ट्र की दौलत में 2% हिस्सेदारी थी और आज 12 साल के बाद 22% हिस्सेदारी हैं। इन खरबपतियों को पैदा करने वाले समय में वर्तमान यूपीए सरकार के सात साल और राजग के पांच साल भी शामिल हैं। इस राष्ट्र में इन खरबपतियों की पैदावार की शुरूआत यदि राजग ने की है, तो उनकी संख्या बढ़ाने का काम यूपीए भी कर रही है। आखिर इस राष्ट्र की इन विसंगतियों को दूर करने के लिए इस दस्तावेज में क्या है? अमीर और गरीब की बढ़ती हुई खाई को पाटने के लिए सरकार कौन सा कदम उठाने जा रही है? गांव और शहर की बढ़ती हुई खाई को, कृषि और उद्योग की बढ़ती हुई खाई को पाटने की कोशिश होनी चाहिए। अगर ये खाई नहीं पटी, तो इस राष्ट्र को बहुत संकट का सामना करना पड़ेगा। बढ़ती हुई बेरोजगारी, बढ़ती हुई अशिक्षा, केवल कानून बना देने से कोई मामला निपटने वाला नहीं है। भारत के गांव में रहने वाला बेरोजगार नौजवान केवल मिट्टी का बोझ ढोने के लिए पैदा नहीं हुआ है, उसके भी कुछ अपने सपने हैं। उन सपनों को पूरा करने के लिए बात कहीं से नहीं आ रही है। जहां 17 प्रतिशत अमीर हों और 83 प्रतिशत गरीब हों, यह गरीब भारत है। इसके लिए नीतियां बनेंगी, योजनाओं की घोषणा हो रही है, लेकिन नतीजे कब तक आएंगे, कोई बता नहीं रहा है। यह देश जानना चाहता है कि जो राष्ट्रीय नीति का नतीजा इस मुल्क में क्षेत्रीय विषमता के रूप में पैदा हुआ है और यह जो बढ़ती हुई खाई चौड़ी तथा गहरी होती चली जा रही है, उसे कितने दिनों में पाटने का काम किया जाएगा।

महोदय, मैं बिहार से आता हूं। वहां के मुख्यमंत्री विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे हैं। हम लोग वहां के मुख्य विपक्षी दल हैं। हम लोग मानते हैं कि केवल विशेष राज्य का दर्जा देने से बात नहीं बनने वाली है। इस देश में पोलिटिकल फेडरलिज्म है, फिस्कल फेडरलिज्म भी है। यदि दोनों का प्रबंधन केन्द्र की सरकार करती है, तो रीजनल इम्बैलेंसेज को दूर करने के लिए उसको एक नीति बनानी पड़ेगी। समयबद्ध और चरणबद्ध बात कहनी पड़ेगी। केवल इससे काम नहीं चलेगा कि हम कुछ प्रसाद के रूप में बांट देंगे और गरीब उससे संतुष्ट हो जाएगा।

महोदय, उड़ीसा की नक्सली घटना का मैं जिक्र नहीं करना चाहता हूं, लेकिन यह रोग नहीं है, बल्कि इस देश में बढ़ते हुए रोग की पहचान है। इस देश में कलेक्टर स्थानीय स्तर पर ताकत के मामले में सबसे बड़ी अथारिटी होता है। वहां कलेक्टर का अपहरण होता है, राज्य सरकार को झुकना पड़ता है, राज्य

की शर्तों पर समझौता नहीं होता। हमारे नक्सली साथियों की 14 मांगों को पूरा करने के बाद वह कलेक्टर रिहा होता है। लगता है जब यह रोग इस मुल्क को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लेगा, तब शायद इस खाई को पाटने का प्रयास किया जाएगा। मैं सरकार से और मुख्य विपक्षी दल की नीतियों से और विचारों से सहमत नहीं हूं। हमारा मुख्य विपक्षी दल की नीतियों से अलगाव है। सत्ता पक्ष और मुख्य विपक्षी दल की नीतियों का परिणाम समान रूप से इस देश को भुगतना पड़ रहा है। हम चाहते हैं कि यह मुल्क इससे मुक्त हो और जो परेशानी जनता को हो रही है, उसे इससे मुक्ति मिले। सरकार को कम से कम यह तो करना ही चाहिए कि वह जो योजनाएं बनाती है, उन्हें समयबद्ध और चरणबद्ध तरीके से पूरी करे। हमारी पंच वर्षीय योजनाएं बीतती जा रही हैं और आगामी पंच वर्षीय योजना राष्ट्र के सामने है। क्यों नहीं एक स्पष्ट तस्वीर देश के सामने रखी जाती कि इस राष्ट्र के पूरे समाज में समानता कब आएगी, व्यक्ति और व्यक्ति के भीतर, गांव और शहर के भीतर, कृषि और उद्योग के भीतर, अमीर और गरीब के भीतर कब यह सम्भावित समानता आएगी। क्या भारत अशिक्षित देश ही रहेगा, क्या गांव के लोग बेरोजगार ही रहेंगे, इन सारी चीजों पर एक समग्र दृष्टि सरकार द्वारा नहीं अपनाई गई तो मुल्क में संकट बढ़ता जाएगा। इसलिए आने वाले गम्भीर संकट से इस मुल्क को सरकार बचाए, जिससे मुल्क ऐसे खतरे में न पड़ सके।

अंत में मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं इस प्रस्ताव का समर्थन तो करता हूं, लेकिन सरकार की जो गलतियां बढ़ रही हैं, उससे राष्ट को नुकसान हो रहा है, मैं उसका समर्थन कर पाने में असमर्थ हूं।

**डॉ. बलीराम (लालगंज):** सभापति जी, आपने मुझे राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर सदन में पेश किए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने की अनुमति प्रदान की, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में देश के सबसे बड़े तबके, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और धार्मिक अल्पसंख्यक, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हैं, उनके बारे में कोई कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा नहीं की गई, जिससे उनका विकास हो सके।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने 25 नवम्बर, 1949 को कहा था कि 26 जनवरी, 1950 को हम विरोधाभास की ज़िंदगी में प्रवेश करने जा रहे हैं। राजनैतिक क्षेत्र में हमें समानता का दर्जा तो मिलेगा, सभी वर्गों के व्यक्तियों को वोट का अधिकार मिलेगा और उस वोट की एक समान कीमत होगी । लेकिन सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में हम गैर बराबरी की ज़िंदगी व्यतीत करेंगे। यदि इस गैर बराबरी को यथाशीघ्र समाप्त नहीं किया गया तो जो लोग इस गैर बराबरी के शिकार होंगे, वे जनतंत्र के महल को तहस-नहस कर देंगे, जिसे हमने बड़ी मुश्किल से बनाया है।

सभापति महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी को कम करने के लिए इस तरह की कोई व्यवस्था करने की बात का जिक्र नहीं किया गया है। हां, गरीबों के लिए चिंता जरूर की गई है और कहा है कि हम इनके लिए समावेशी विकास योजनाएं बना रहे हैं, जिससे ये लोग गतिशील हो सकें, इनका सशक्तिकरण हो सके। मैं कहना चाहूंगा कि समाज का सबसे बड़ा तबका है अनुसूचित जाति, जनजाति का, उसे संवैधानिक अधिकार मिला हुआ है कि देश की सरकारी नौकरियों में इन वर्गों के लोगों को साढ़े 22 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इसी तरह मंडल आयोग की सिफारिशों के तहत पिछड़े वर्ग के लोगों को भी साढ़े 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन देश की आज़ादी के 62 साल बीतने पर भी अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को केवल दस प्रतिशत आरक्षण ही सरकारी नौकरियों में मिल पाया है। इसी तरह पिछड़े वर्ग के लोगों को भी साढ़े 27 प्रतिशत की जगह सिर्फ चार-पांच प्रतिशत आरक्षण ही मिल पाया है। आप कैसे इस मुल्क का भला करना चाहते हैं और किस तरह की योजनाएं बनाना चाहते हैं, इससे साफ झलकता है।

Firstly, the principle of federal structure enshrined in the Constitution is not being properly implemented by the Government. The Central Government has displayed a step-motherly attitude to certain states which are socially as well as economically backward. For example, 'Odisha' which is my state is the worst sufferer. When natural calamities strike, we expect the Central Government to extend all kinds of assistance. While other states benefit from the Central Government, we are being neglected due to political reasons.

Odisha is a mineral rich State. We have resources like Coal, Iron Ore, Bauxite, Chromite etc. We have been demanding revision of Royalty Rate on various minerals. But the Central Government is determined not to listen to our genuine demands. It is pertinent to mention here that not only Odisha,

* Speech was laid on the Table

other mineral-bearing States are deprived from their genuine rights. But this issue is not even mentioned in President's Address.

Secondly, ours is a democratic structure. Our Government should honour the rights and dignity of every individual irrespective of caste, race or religion. This is the spirit of our Constitution. I would like to mention here that in practice there is gross violation of this noble principle. Sir, the Scheduled Castes and Scheduled Tribes constitute one-fourth of our country's population. In my State Odisha, they constitute about 40% of the population. Unfortunately, the rights and dignity of this class is being over-looked. They are suffering in our so called democratic establishment. For a citizen of a democratic State, wealth is secondary to human rights and dignity. But, due to our traditional decadent social system, the rights of Dalits are in danger.

I feel ashamed to mention about the practice of 'Untouchability' still prevalent in rural India. Even the educational institutions and Anganwadis are not free from the clutches of casteism. The appointment of Anganwadi cooks and helpers is being made on caste lines debarring dalits just to perpetrate this heinous practice. Central Government enacted guidelines for Mid-Day-Meal Scheme. But the Government has no sincerity to ensure its proper implementation. There is no periodic review to find out the flaws in

the system. Even the Hon'ble Supreme Court's directions on Mid-Day-Meal Scheme are not being followed at the grass-root level.

In my State Odisha, one Dalit social activist named 'Saraswati Sethi' of Kendrapara district sacrificed her life by fighting for the cause of Dalit students. Even the District Administration did not take cognizance of the fact and the District Collector himself humiliated the lady which drove her to commit suicide. The so called civil society, intellectuals, the Government machinery is mute spectator to this tragic incident. This is not a lone case. Every moment in every part of the country, several Saraswatis are dying due to our apathetic and brutal social system. This incident lays bare the democratic system and its loopholes. Such a burning issue finds no mention in President's Address.

Thirdly, the life and rights of primitive tribes is in danger. For example, 'Jarawa' primitive tribe of Andaman Nicobar Island. The total population of this tribe is about 300. Even now, after 62 years of Independence, they are yet to see the light of civilization. They live in sub-human condition, have no house, do not know about civil existence, education or healthcare. There are other such primitive tribes also who have no access to mainstream society. They do not know about their rights, never

vote or participate in the electoral system. Are they not the citizens of this country? What our State and Government is doing for them?

Fourthly, I would like to draw your attention to the revolutionary changes that are taking place in the Arab countries like Egypt, Libya, Tunisia, Bahrain etc. Students, youth and the common masses are on street to fight the despotic rule of authoritarian governments of those countries. When entire Arab world is divided between two groups, we should stand behind the common masses who are fighting for the cause of democracy. Such cataclysmic events have not been properly highlighted in the Presidential Address. As a front ranking democratic nation, it is our foremost duty to stand by people and not hide behind diplomatic cloak.

Lastly, I would like to mention about price-rise which is sucking the blood of common man. I do not want to elaborate it as everybody knows the real plight of people. Government should come forward with all strength and sincerity to bring down the sky-rocketing prices of essential commodities.

I thank you, Sir, for allowing me to participate. ,

***श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन):** महामहिम राष्ट्रपति महोदया का अभिभाषण सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का प्रतिबिम्ब होता है। सरकार की उपलब्धियां और उसकी विफलताएं इस धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उजागर होती हैं।

महामहिम के अभिभाषण में देश के पिछड़े क्षेत्रों, जो असंतुलित विकास के चलते पिछड़ते जा रहे हैं, उनके सम्पूर्ण विकास के लिए कोई जिक्र नहीं किया गया है। आज भी देश में उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड, कानपुर देहात, जहां से मैं चुनकर आता हूं, के पिछड़े इलाकों में रहने वाले गरीब मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान बेरोजगार मूलभूत सुविधाओं, बुनियादी ढांचों के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं, जिसके कारण लोग भुखमरी, बीमारी, कुपोषण आदि समस्याओं से ग्रसित हैं। लोगों के पास रहने के लिए मकान नहीं हैं, सड़कें नहीं हैं, बिजली नहीं हैं। यहां तक कि इतनी गंभीर स्थिति है कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी प्राप्त नहीं है। जबकि दूसरी तरफ एक वर्ग जो कि प्रबुद्ध वर्ग और पढ़ा-लिखा संभ्रांत और अमीर वर्ग है उनके पास अरबों की संपत्तियां हैं, महंगी कारें आलीशान कोठियां, बड़े-बड़े व्यापारित उद्यम हैं तथा अन्य विलासिता की वस्तुओं की भरमार है।

इस धन के असमान वितरण के कारण नक्सली, अलगाववाद आदि समस्या उत्पन्न हो रही है। आज जरूरत है कि पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज योजना लागू कर इन क्षेत्रों के पिछड़ेपन को दूर करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में देश में पीने के पानी व किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए पानी के घोर संकट की समस्या पर कोई ठोस कार्यक्रम बनाने की बात नहीं कही है। जल संसाधनों का प्रबंधन एक बड़ी चुनौती देश में बनी

---

* Speech was laid on the Table.

हुई है। आज भी हजारों गांव ऐसे हैं जहां अब तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाया है। देश के किसानों की लाखों हेक्टेयर भूमि सिंचाई के अभाव में बंजर, उसर होती जा रही है। देश की नदियों में पानी है, कुप्रबंधन के चलते सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। बरसात के दिनों में बरसाती पानी नदियों, नालों से भारी मात्रा में बेकार बहकर समुद्र में चला जाता है। जबकि इसके भंडारण की कोई ठोस नीति सरकार ने नहीं बनाई है। भूमि का जलस्तर दिन-प्रतिदिन बड़े पैमाने पर अवैध दोहन करने से लगातार घटता जा रहा है।

महामहिम के अभिभाषण में सर्वशिक्षा एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत 3500 ब्लॉकों में लड़कियों के लिए छात्रावास बनाए जाने की व्यवस्था का उल्लेख तो किया गया है परन्तु आज तक सर्वशिक्षा अभियान तथा शिक्षा के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ आम गरीब जनता के बच्चों तक पहुंचाने में कामयाबी नहीं मिल पाई है।

महामहिम जी ने अपने अभिभाषण में आंतरिक और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था के खतरों की ओर ध्यान देने की बात कही है। परन्तु बढ़ते नक्सलवाद, आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी एवं ठोस कार्यक्रम नहीं बनाए जा रहे हैं। हमारे देश की सीमाओं पर खतरे बढ़ते जा रहे हैं। पड़ोसी देश चीन लगातार देश की सीमाओं पर सड़क रेलमार्ग का निर्माण तथा सामरिक दृष्टिकोण से हवाई अड्डे आदि बनाने का काम तेजी से कर रहा है। परन्तु हमारे देश की सरकार इस दिशा में कोई कार्य अभी तक नहीं कर पा रही है और चुप बैठी है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी घटनाएं हमारे देश में आज भी हो रही हैं।

किसानों की फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य, उनकी उत्पादन लागत के अनुपात में आज भी लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। सरकार ने धान का समर्थन

मूल्य 1000 रूपये और गेंहू का समर्थन मूल्य 1100 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। परन्तु बढ़ती हुई महंगाई के कारण डीजल, बिजली, खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाओं की लगातार बढ़ रही कीमतों से किसानों को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। खेती की पैदावार लगातार प्रभावित हो रही है। मेरी सरकार से मांग है कि सरकार इस पर गंभीरता से विचार करे ताकि कृषि का उत्पादन बढ़ाया जाए और किसानों को लाभ मिल सके।

आज भी उत्तर प्रदेश में बिजली का गंभीर संकट बना हुआ है। हम 21वीं शताब्दी में चल रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश के गांवों, विशेषकर बुन्देलखंड व भोगनीपुर क्षेत्र में तो मात्र बिजली चार घंटे से ज्यादा प्रतिदिन नहीं आ रही है और आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। जो केन्द्र सरकार से योजनाएं प्रदेश सरकार के पास जाती भी हैं उनमें भारी कमीशन लूट-खसोट और भ्रष्टाचार व्याप्त हैं जिसके कारण ये योजनाएं अप्रभावी हो जाती हैं। सड़कों की स्थिति खस्ताहाल है। शुद्ध पेयजल नहीं है, सिंचाई के साधन नहीं हैं, अस्पतालों एवं स्कूलों की कमी के साथ-साथ डाक्टरों और अध्यापकों की कमी है। गांव से लोगों का पलायन शहरों की तरफ तेजी से बढ़ता जा रहा है जिसके कारण शहर को मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं भी चरमरा रही हैं।

भ्रष्टाचार और घोटालों के चलते लोकतांत्रिक संस्थाएं चरमरा रही हैं। देश की आम जनता का विश्वास इन संस्थाओं पर से उठता जा रहा है जिससे कानून व्यवस्था की गंभीर स्थिति बनती जा रही है। महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग एवं गरीब वर्ग पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। आम नागरिक भी असुरक्षित है।

आज की एक सबसे महत्वपूर्ण समस्या महंगाई की भी है। चारों तरफ महंगाई से लोग त्रस्त हैं। महंगाई सुमेरु पर्वत से भी उंची होकर लगातार अपने नये रिकार्ड कायम कर रही है। कपड़ा, दवाई, कापी, किताब, मंहगी शिक्षा, आटा, दाल, चावल,

शक्कर, गुड, तेल, दवा, प्याज, मिर्च, लहसून सभी रोजमर्रा की चीजों के दाम लगातार आसमान छूते जा रहे हैं। सरकारें आंख मीचे, कान बन्द किए हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकारों की संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। सबसे दुःखद स्थिति तो यह है कि सरकारों को बचाने में सभी लगे हुए हैं और आम जनता की दुःख तकलीफों को चिंता न करते हुए रोज नए-नए भ्रष्टाचार के कांड उजागर होते जा रहे हैं। केवल एक ही नीति रह गई है कि सरकारें बची रहे और देश जाए भाड़ में यही कहावत चरितार्थ हो रही है।

यह देश तो समस्याओं का ही देश बनता जा रहा है और इतनी समस्याएं हैं कि जिनकी यदि मैं यहां चर्चा करूं तो सारी रात बीत जाए। लेकिन मैं जानता हूं कि मेरे सहयोगी कई अन्य सांसदों के दिलों में भी इस प्रकार की भावनाएं हैं और मैं उनकी भावनाओं की कद्र करते हुए इन्हीं शब्दों के साथ अपनी वाणी को विराम देता हूं।

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Mr. Chairman, thank you. I stand in support of the Motion that has been moved. Let me start with my own State, which has relevance to the President's Address. As we all know, there is a movement going on in my State for the bifurcation of the State. I would not like to go into the details of it. But what pertains to the Government of India is that the Supreme Court has given a judgement wherein it has said that Hyderabad is a free zone. Hyderabad was part of Zone VI. But the Supreme Court has relied on the Presidential Order of 1975, of clause (f) of para 14.

An unanimous Resolution was passed by the Andhra Pradesh Assembly last year on 18th March, 2010 wherein the Andhra Pradesh Assembly had said that the Government of India should immediately take steps to delete Clause (f) and para 14 of the Presidential Order of 1975. The Union Minister has said that he will ask for legal opinion and the Chief Secretary of my State has taken a legal opinion also. If Hyderabad continues to remain free zone, it will cause a huge loss of employment in police force, to youths of Hyderabad district, Ranga Reddy district, Mahboob Nagar, Nalgonda and Nizamabad and this will be a huge loss. It is because in the State Government, normally vacancies are there for unemployed youths in the Police Department, Health and Education sectors only. So, I would request through you to the Government of India that immediate steps should be taken, especially by the Ministry of Home Affairs to delete Clause (f) para 14 of the Presidential Order.

There is another issue which is happening there. I would like to caution the Government of India not to play with matters concerning with Hyderabad. Do not make Hyderabad another Chandigarh. Our Party has been on the issue of Andhra Pradesh. We will not allow Hyderabad to be made a Union Territory. We do not want it to be made a Union Territory. It has been the other way round. Telengana has always been part of Hyderabad. If you want to create Telengana, then Hyderabad has to go to Telengana and if not, then you keep united Andhra Pradesh. You cannot make Hyderabad as a Union Territory or as a Chandigarh.

There is no geographical contiguity. You have made an unilateral announcement and we have seen the whole scenario as to what is happening. It is because the Congress Party did not consult any allies and made a unilateral announcement and now we see the mess Andhra Pradesh is in. That is why we are saying that no unilateral announcement should be made. We should be taken into your consultation or concern whatever you call it. Even from the administrative point of view and security point of view, it is highly unfeasible to make Hyderabad a Union Territory. If you are diving Andhra Pradesh, make it part of Telengana and Telengana cannot survive without the revenues of Hyderabad. Telengana cannot survive for four days. In this issue, if Telengana is created, the biggest political gainer would be the BJP and nobody can stop the growth of the BJP once the Telengana is created.

Sir, I am coming to my second issue. If you see the last 20 years, the catastrophic events that have taken place in our country which shook the foundations of our country whether it is Babri Masjid demolition, terrorist acts, attack on the Parliament … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : The hon. Member, the Presidential Speech should also be referred to.

SHRI ASADUDDIN OWAISI : I am talking in relation to para no. 58 about the internal security. … (*Interruptions*) Sir, if you kindly allow me, I will just put it as a Preface and I am sure you will appreciate what I am trying to say.

MR. CHAIRMAN: There is a limitation of time.

SHRI ASADUDDIN OWAISI : All these incidents which have taken place like the Gujarat riots encounter, etc., there are many causes why it has happened. The reason it has happened is the failure of the Intelligence Department (IB). The Intelligence Department runs the law and order of our country. The IB is seen everywhere whether in the appointment of judges, appointment of secretaries and political decisions are also referred to them. In every walk of life, you can see their influence. You can see the footprint there. But the important point is that the

IB is not accountable to this august House. There is no oversight over it. That is why when hundred democratic countries in the world have enacted laws wherein their Intelligence Departments are accountable and the parliamentary oversight is there; whereas the Indian polity has completely ignored this issue of vital importance. That is why I say such unaccountability has shaped a mindset in our law and order machinery that only begets terrorism and not resolution of it. Since there is no accountability of the IB, you have this issue coming up wherein these boys have been shown to be innocent whether it is Mecca Masjid Blast, Malegaon Blast, Ajmer Shariff Blast or Samjhauta Express Blast. Now, everything has come out after the confession of Swami. Many write ups have been written. Many people have commented that how police have reacted and how the Governments have reacted. My moot point over here is that IB gives the report and IB has a Special Desk. … (*Interruptions*) IB has given a report, IB has given leads and IB has given a report to court also.

Those boys in Hyderabad did not get bail. Why? It is because the IB's Report was there. The IB is on a special test. Who is to be blamed for this? I would blame the IB for wrongly misleading the State police agencies there. What has happened in Andhra Pradesh? What has happened in Malegaon, Ajmir Sharief? It clearly tells that the IB has all those police officers who do not believe in the ethos of this country and secularism. Now, who is responsible for those boys who have lost their livelihood, whose names have been scarred for ever, who have been tortured and given electric shocks on their private parts? Who is responsible for that? The Government should apologise. The Government should give compensation and at the same time, take sever action against those police officers in the State and the IB also. What is stopping the Maharashtra Government? It is being run by a Congress Government. What is stopping them from releasing those 9 boys when Swami Asimanand has given a confessional statement under Section 164 Cr.PC by saying that he was involved along with Sunil Joshi along with other people in the Malegaon blast also?

**18.56 hrs** (Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)

Why the Congress Government cannot, why can the Prime Minister of this country not – when the CBI cames under him – ensure that those 9 boys who are languishing in Mumbai's Arthur Road Jail, in the Thane Road Jail are released immediately? For the last four years, in Malegaon, 9 Muslim boys are languishing. That is why we say that the Prime Minister, when he gets up to reply, should say: "Yes, those 9 boys of Malegaon will be released and action will be taken against those IB officers who have mislead the State agencies, who have destroyed the careers of those youth?" No one wants to go near them. I know for a fact because they live in my constituency. No one wants to be near them. Their sisters cannot get married. Who is to be blamed for this? Who is responsible for this? Our country should stand up and ensure that justice is done to them by apologising, by giving them compensation.

I conclude by making my last point. My point is that in the Supreme Court of India, a case is going on regarding the dalit status to be given to Christians and to Muslims. This Government, led by Dr. Manmohan Singh had formed the Ranganath Mishra Commission. The Ranganath Mishra Commission has clearly stated that the dalit status should be given to Muslims and Christians because if if it not given, it contravenes the Fundamental Right of freedom of religion. What is the reply that the Government of India is going to file there? I would urge upon the Government, through you, Sir, that this Government should file a reply in the Supreme Court wherein the dalit status is given to Muslims and to Christians also.

Once again I conclude by reiterating my earlier point that please be careful on the issue of Andhra Pradesh. Do not take unilateral decisions. If unilateral decisions are taken, parties like the MIM will not support you. We will not go along with that decision. The issue of Andhra Pradesh is not an internal matter of the Congress Party. There are many stakeholders. We have been politically struggling in Andhra Pradesh for the last 50 years. This one-sided decision should not be taken. The leaders of the Congress Party are saying, some wise leaders who

have never won a municipal election in their life are saying: “Let us make Hyderabad a Union Territory.” For what? If you make Hyderabad a Union Territory, can Telengana survive? What will be the issue of water? All those problems are there. That is why, I hope that good common sense and wisdom will prevail on the Government before they decide the issue of Andhra Pradesh.

**श्री जोसेफ टोप्पो (तेज़पुर) :** महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मैं असम-गण-परिषद की ओर से इस संबंध में कुछ कहना चाहता हूं।

सभापति महोदय, राष्ट्रपति का अभिभाषण जैसा पिछली बार था, उसी तरह से पारंपरिक है। इसमें कोई दूसरा बदलाव नजर नहीं आ रहा है। मैं बहुत दुखी हूं कि नार्थ-ईस्ट से प्रधानमंत्री जी बार-बार चुनकर आते हैं, लेकिन केवल दो लाइनों में कहा कि जहां उग्रवाद चल रहा है, उसके बारे में डिस्कशन हो रहा है। हम लोगों से इतनी ही उनकी सिम्पैथी है। मैं बहुत दुखी हूं कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इतने बड़े नार्थ-ईस्ट के बारे में कुछ नहीं है। यहां सभी प्रकार के टेररिस्ट हैं। अल्फा से लेकर, एनडीएफबी से तक सभी वहां है और वहीं सबसे ज्यादा बिजी टेररिस्ट रहता है। इसके बारे में केवल दो लाइन बोलकर हमारी राष्ट्रपति महोदया ने इसे समाप्त किया। मुझे ताज्जुब है कि हमारे प्रधानमंत्री जी उसी स्टेट से बार-बार चुनकर आते हैं, लेकिन इस ओर उनका ध्यान क्यों नहीं जा रहा है? हम लोग एक तरफ खेती और किसान की बात करते हैं।

**19.00 hrs.**

लेकिन असम, बंगाल, पश्चिम बंगाल में चाय बागान में लाखों, करोड़ों लोग काम करने वाले हैं। उनके बारे में कोई सिद्धान्त नहीं है। असम में 80 लाख चाय मजदूर काम करने वाले हैं, लेकिन उनके बारे में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। ब्रिटिश लोगों ने जिन्हें जैसे रखा, वे आज तक वैसे ही हैं। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि आदिवासी, पिछड़े लोग जहां-जहां ज्यादा हैं, वहां से ही उग्रवाद शुरू हो रहा है। मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस ओर ध्यान दिया जाये। आज माओवादी कहां हैं, इस पर भी आप ध्यान दीजिए। जहां उन्नति नहीं है, कुछ नहीं हैं, वहां उल्फा है। कांग्रेस सरकार बार-बार गरीब आदमी, आम आदमी की बात करती है, लेकिन वह किस आम आदमी की बात करती है, किस गरीब आदमी की बात करती है। क्या उनके लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं? आज चाय बागान में काम करने वाले सब लोग बार-बार कांग्रेस को वोट देकर उन्हें यहां लेकर आते हैं, लेकिन उनके बारे में कुछ नहीं हो रहा है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस बारे में ध्यान दिया जाए।...(व्यवधान) मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा।...(व्यवधान) यहां बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं, लेकिन गरीब आदमी की बात सिर्फ कागजों में होती है, काम कुछ नहीं होता। इसका सबसे बड़ा परिणाम बिहार में कांग्रेस को दिखा दिया गया। आप लोगों ने बहुत बड़ी-बड़ी बातें की कि यह देंगे, वह देंगे, लेकिन आप वहां चार सीट लेकर संतुष्ट हैं। राष्ट्रपति महोदया ने स्वीकार किया है कि देश में करप्शन है। इस बारे में यूपीए सरकार ने रिकार्ड तोड़ दिया है। इस सरकार में सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। असम छोटा राज्य है। वहां उत्तर पूर्वांचल में हजार करोड़ रुपये का घोटाला

हुआ, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बारे में इन्क्वारी हुई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उसमें बड़े-बड़े मंत्री तक इन्वॉल्व हैं। अगर सरकार ध्यान दे तो मैं अनुरोध करूंगा कि इसकी शुरुआत असम से हो। वहां जितना पैसा जा रहा है...(व्यवधान) ये लोग विदेश नीति की बात करते हैं, लेकिन श्रीलंका में हमारे गरीब मछुवारों को लोग मारकर चले जाते हैं। उनका कोई बचाव नहीं करता। अगर हम अपने लोगों को जिन्दा नहीं रख सकते तो अच्छी विदेश नीति बनाने से क्या फायदा है? अगर गरीब मछुवारे मछली मारने के लिए सागर में जाते हैं और उन्हें कोई विदेशी मार देता है तो उस बारे में कोई विचार नहीं करता। यह हमारी विदेश नीति है। हम बार-बार कश्मीर की बात करते हैं।...(व्यवधान) अब आपका कश्मीर का डायलॉग पुराना हो चुका है।...(व्यवधान) हम कहते हैं कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन चीन बोलता है कि कश्मीर हमारा है। आप इस बारे में सिर्फ डायलॉग कर रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। मैं अनुरोध करूंगा कि इस बारे में कोई उपाय कीजिए। आप हमें भी साथ बुला कर कोई ठोस हल निकालिए, नहीं तो कश्मीर डायलॉग बनकर रह जाएगा धन्यवाद।

*** श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही):** महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण के सदंर्भ में कुछ बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए समर्थन करना चाहता हूं। महोदया, भारत गांवों में बसता है, गांव की गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी की तरफ ध्यान देने की जरूरत है। आज देश में बढ़ती हुई महंगाई, बढ़ता हुआ नक्सलवाद, विदेशों में जमा की गई काले धन की अकूत (संपत्ति) धनराशि इन्हें देश में वापस लाने की आवश्यकता है।

जब तक देश का गांव नहीं उठेगा तब तक देश का सम्पूर्ण विकास नहीं हो सकता। गांव का गरीब आज भी दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहा है। आज भी उसके बच्चे कर्ज में पैदा होते हैं, कर्ज में जीवन जीते हैं तथा कर्ज में मर जाते है। आजादी के 62 वर्षों के बाद भी गांवों में शुद्ध पीने का पानी नहीं है। अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है। गांवों में बिजली की आपूर्ति 24 घंटे नहीं हो पा रही है। यह सबसे बड़ी चिंता की बात है। गरीब और गरीब हो रहा है, अमीर बढ़ रहे हैं।

आज देश में पूर्ण साक्षरता की बात कही जा रही है, पर कैसे लागू हो, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। पूरा देश शर्मसार है। प्रधानमंत्री जी घोटालों से अनजान बने रहे। हम विकासशील से विकसित देश बनने की होड़ में चल रहे हैं। महोदय, देश में हुए घोटाले से चाहे 2जी स्पेक्ट्रम हो, चाहे आदर्श सोसायटी घोटाला हो, चाहे कामनवेल्थ् गेम्स की बात आती है। विदेशों में भी देश की साख कम हुई है। प्रधानमंत्री जी क्या अनजान थे? यदि थे तो क्यों? क्या जवाबदेही सरकार की नहीं है? क्या भविष्य में इस तरह के भ्रष्टाचार को रोकने हेतु कड़ा कानून बनेगा? इस बात की जानकारी देश की जनता को देने की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती हुई मंहगाई पर चर्चा होती है, रोकने के कारगर उपाय की जरूरत है क्या कोई जमाखोरी रोकने हेतु देशद्रोह जैसा कानून बनाकर रोका जा सकेगा। मैं बढ़ती हुई बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई रोकने, विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने के लिए ठोस कानून बनाकर कार्यवाही करने तथा बढ़ते नक्सलवाद को रोकने हेतु केवल चर्चा ही न की जाये बल्कि भविष्य में इन पर ठोस कार्यवाही करने की जरूरत पर बल देते हुए महामहिम के अभिभाषण का समर्थन करता हूं।

---

* Speech was laid on the Table

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Mr. Chairman Sir, I agree with the priorities set by the Government in 2011-12 and articulated through the President's Address on 21st February: combating inflation, combating corruption, sustaining economic growth to foster inclusivity, vigil on internal and external securities, leadership in foreign policy programmes.

I would like to focus on corruption and nationalism. We, in Sikkim, joined the Indian Union as the 22nd State of India of our own volition in 1975. We were proud to be part of a heritage that the founding fathers had so carefully crafted out with blood, sweat and toil. They had put in place a Constitution that stood the test of time. No doubt, there were differences in approach even at that time but today we are the products of that great foundation.

It pains me and our Party to see how we are systematically destroying the very edifice that was built by the great leaders of yesteryears.

We, as parliamentarians, need to ask some searching questions to ourselves. We need clarity in our own thoughts and more so in our values. We need to put our country and our Constitution first or else, we will regret it in the future. I say this with great conviction. The people of this country are not fools not to see what is happening on a day to day basis. Day in and day out, we are reminded of our duties through civil society debates and through the media. Our people will punish or support us though the ballot box. Otherwise, how do we account for the people of Sikkim bringing back our party into power four times in a row?

The need to have informed and reasoned debates is more pressing now than ever before and yet we are stymieing this very process on a day to day basis. We might have differences in opinion but let us not debate them in the House. Let us churn our collective ideas so that the outcomes can be much better than what we come in with. I am sure there is remarkable collective wisdom. Let us play out in a manner that is fair to all Members. Let us be much more sensitive on this account.

However, we need to understand that what we say needs to be heard as well. So, there has to be empathetic listening from the side of the Government or the Treasury Benches. It should not be that only when Codes of Conduct are broken that we search for solutions. On the other hand, those who would like to offer a constructive debate should be allowed to do so.

Somewhere I think, we have lost out on the simple logic and need to move toward greater understanding. When we are doing so in other forums rather well, why can we not do so in Parliament? Let us restore the sanctity of this great Institution and strengthen it further. Let us not corrupt this further. This, to my mind, is a greater corruption.

Let us strive to bring back black money. Let us probe the problems associated with the so-called scams without fear or favour. But before all that, we need to put the nation and our Constitution first above all.

With these words, I would like to support the Motion of Thanks on the President's Address.

MR. CHAIRMAN : Now, I call upon the last speaker, Dr. Tarun Mandal. Please be very brief.

*श्री गणेश सिंह (सतना): महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी की ओर से दिए गए संबोधन में ऐसा कुछ भी नहीं जिससे आम जनता उत्साहित हो सके। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रपति के संबोधन के माध्यम से अपनी जिन प्राथमिकताओं और योजनाओं को रेखांकित किया वे निराशा का संचार करने वाली हैं। इससे भी निराशाजनक यह है कि सरकार की कथनी उसकी करनी से तनिक भी मेल नहीं खाती।

राष्ट्रपति जी ने अपने संबोधन में कहा, "हमारी जनता सुशासन की हकदार है; यह उनका प्राप्य है और हमारा दायित्व। मेरी सरकार शासन की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा लाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

आज सुशासन की बात करना दुःस्वपन जैसा है। पिछले कई सालों से घोटालों की झड़ी लग गई है। सम्मानित लोग देश की प्रतिष्ठा बचाने के लिए प्रधानमंत्री को खत लिख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट स्वयं प्रधानमंत्री से हलफनामा मांग रहा है। यह कोई सामान्य बात नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है कि सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री से सफाई मांग रहा है। भ्रष्टाचार के दलदल में देश निरंतर डूबता जा रहा है। अब घोटाले लाखों-करोड़ों में नहीं, बल्कि कई लाख करोड़ में हो रहे हैं। 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, एस बैंड घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला और आदर्श सोसाइटी घोटाले जैसे विशाल घोटाले यूपीए सरकार की सौगात है।

अन्य मामलों में देश प्रगति की हो या न की हो, लेकिन भ्रष्टाचार के मामले मे देश ने सालभर में काफी तरक्की कर ली है। ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल की 2010 के करप्शन इंडेक्स में भारत 87वें स्थान पर पहुंच गया है। जबकि 2009 में वह 84वें स्थान पर था।

* Speech was laid on the Table.

देश में संसदीय प्रणाली की सरकार है। यहां सामूहिक जवाबदेही है। लेकिन जिम्मेदारी की बात आती है तो प्रधानमंत्री जी गठबंधन की मजबूरी बताने लगते हैं। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री जी सरकार चलाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है।

आखिर राष्ट्रपति के इस कथन पर भरोसा कैसे किया जाए कि केन्द्रीय सत्ता सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की कमी के कारण उत्पन्न समस्याओं से प्रमुखता से निपटेगी, क्योंकि प्रधानमंत्री तो यह कह रहे हैं कि वह गठबन्धन राजनीति के आगे मजबूर है? भरोसा किस पर किया जाए - प्रधानमंत्री पर या फिर उनकी सरकार की ओर से तैयार किए गए राष्ट्रपति के अभिभाषण पर?

वास्तव में यह शासन के प्रति चिपके रहने का धृतराष्ट्र मोह है। भले ही विध्वंस हो जाए, लेकिन सत्ता के प्रति मोह न भंग होने पाए।

वह बड़ी विडम्बना है कि प्रधानमंत्री जी को यह पता नहीं कि उनके कैबिनेट मंत्री क्या कर रहे हैं? बात इतनी ही नहीं है कैबिनेट मंत्री प्रधानमंत्री जी की अवहेलना कर रहे हैं। क्या सही सबल सरकार की पहचान है? क्या ऐसी ही सरकार से हम 21वीं सदी में विश्व की अगुवाई करने में सक्षम साबित होंगे?

राष्ट्रपति महोदया ने संबोधन में कहा, "पिछले वर्ष अक्तूबर में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल पूर्णतः सफल रहे हैं।"

यह अजीब बात है कि जिस खेल में हजारों करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ हो, उसे सरकार सफल ही नहीं, बल्कि पूर्णतः सफल मान रही है। लगता है कि 21वीं सदी में यूपीए सरकार की सफलता के पैमाने कुछ अलग ही हैं।

राष्ट्रपति के अनुसार मंत्रियों का एक समूह भ्रष्टाचार से निपटने और पारदर्शिता लाने के लिए सभी तरह के उपायों पर विचार कर रहा है। क्या कोई देश को यह

बताएगा कि पिछले सात वर्षों में यह काम क्यों नहीं हो सका? क्या किस्म-किस्म के घोटालों और उनके कारण केन्द्र सरकार की साख रसातल में जाने की प्रतीक्षा की जा रही थी?

यदि भ्रष्टाचार से निपटने के उपाय अब सोचे जा रहे हैं तो क्या इसका सीधा-सरल अर्थ यह नहीं है कि अभी तक उसकी अनदेखी की जा रही थी?

राष्ट्रपति महोदया, ने अपने संबोधन में कहा, "वर्ष 2011-12 में सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं इस प्रकार होंगीः (1) मुद्रास्फीति को रोकना और विशेष रूप से बढ़ते खाद्य मूल्यों के प्रभाव से आम जनता को राहत पहुंचाना; (2) सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की कमी के कारण उत्पन्न समस्याओं को प्रमुखता के आधार पर निपटाना; (3) समाज के गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों के लिए आर्थिक विकास में उपयुक्त भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास की गति को बनाए रखना; (4) आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मामलों में अचूक सतर्कता बनाए रखना; और (5) ऐसी विदेश नीति को जारी रखना, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विश्व मंच पर हमारी आवाज सुनी जाए और हमारे हित सुरक्षित रहें।

सरकार द्वारा कमोबेश ऐसी ही प्रतिबद्धता पिछले सात सालों से दुहराई जा रही है। लेकिन जनता को इन प्रतिबद्धताओं में जरा भी भरोसा नहीं रहा। लगभग पिछले पूरे साल खाद्यान्न पदार्थों की मुद्रास्फीति 16 से 19 फीसदी के बीच रही।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के इस अंश पर भी लोगों को यकीन नहीं होता कि सरकार की प्राथमिकता मुद्रास्फीति से मुकाबला करना और खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से आम आदमी के हितों की रक्षा करना है, क्योंकि पिछले तीन वर्षों का अनुभव यह बताता है कि संप्रग शासन महंगाई का सामना करने के बजाय उसके बेकाबू होने

के अलग-अलग कारण गिनाने में माहिर है। यदि सरकार महंगाई पर रोक लगाने में समर्थ नहीं है तो फिर वह बार-बार खोखले आश्वासन क्यों देती है?

मंहगाई पर वित्त मंत्री जी कहते हैं, मैं बढ़ती महंगाई को लेकर चिंतित हूं। मैक्रो इकोनोमिक लेवल पर यह एक चुनौती बनी हुई है। यह मशक्कत भरी कवायद है और हम इसमें लगे हैं।

सरकार इस कवायद में कब तक लगी रहेगी, यह स्वयं सरकार ही बता सकती है। लेकिन यह बात मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि मंहगाई कम करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के प्रति लोगों का जरा भी यकीन नहीं है।

मंहगाई रोकने व खाद्य पदार्थों के बढ़ते मूल्यों के प्रति सरकार कितनी प्रतिबद्ध है, इसका सहज अनुमान इन तथ्यों से लगाया जा सकता है। मात्र 2010 के दौरान ही पेट्रोल के दामों में पांच बार बढ़ोत्तरी की गई। प्याज 80 रुपए किलो, अरहर की दाल 90 रुपए प्रति किलो तक बिकी। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि कृषि प्रधान देश में तमाम लोगों के लिए अरहर की दाल खाना अब लग्जरी हो गया है।

राष्ट्रपति महोदया कहती है, हाल ही में, काले धन, विशेषकर विदेशी बैंकों में कथित रूप से छिपाकर रखे गए काले धन संबंधी मामलों की ओर लोगों का ध्यान गया है। सरकार काले धन के दुष्प्रभाव संबंधी चिंताओं से सहमत है, चाहे वह ईमानदारी से की गई कमाई पर देय कर की चोरी से एकत्र किया गया धन हो या फिर गैर-कानूनी तरीके से कमाया गया हो। मेरी सरकार इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

लेकिन सरकार की मंशा को लेकर स्वयं सुप्रीम कोर्ट सवाल खड़ा करती है और पूछती है कि ब्लैक मनी पर सरकार मौन क्यों है?

27 जनवरी, 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से सवाल पूछा कि आखिर वह क्यों इन लोगों के नामों का खुलासा नहीं करना चाहती। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि वह इन पैसों के स्रोत का पता लगाने के लिए क्या कर रही है? आखिर यह पैसा कहां से आया? ड्रग्स हथियारों की तस्करी से तो नहीं आया?

क्या यह विचित्र नहीं कि संसद की संयुक्त बैठक में तो विदेश में जमा काला धन वापस लाने का वायदा किया जा रहा है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के समक्ष ऐसी दलीलें दी जा रही हैं कि यह एक कठिन कार्य है?

महोदय, सरकार कहती कुछ और है और करती कुछ और। सरकार ने पहले ही साफ कर दिया था कि जिन भारतीयों का काला धन विदेशी बैंकों में जमा है, उनके नाम का खुलासा वह नहीं करेगी। वह इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और संधियों से बंधी हुई है।

सच तो यह है कि विदेशों में जमा काले धन को लेकर यूपीए सरकार गंभीर नहीं है। सरकार विदेशों में जमा धन के मामले में कार्रवाई करने की असमर्थता जता रही है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 19 जनवरी, 2011 को स्विस बैंक में जमा धन को लेकर मजबूरी जताई थी।

काले धन पर 25 जनवरी, 2011 को वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी ने कहा था कि अगर सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया और संधियों की शर्तों का पालन नहीं किया तो दूसरे देश भविष्य में भारत से काले धन के मामले में सहयोग नहीं करेंगे। विदेशी बैंकों से जुड़े भारतीयों के नाम पर खुलासा तभी किया जा सकता है कि जब इनकम टैक्स विभाग अपनी पूरी जांच करने के बाद इनके खिलाफ मामला दायर कर चुका हो।

राष्ट्रपति महोदया ने अपने संबोधन में कहा, भारतीय रेल ने तीव्र विकास, अपने नेटवर्क के द्रुत विस्तार तथा क्षमता में वृद्धि करने और आधुनिकीकरण के लिए एक रूपरेखा तैयार की है।

महोदय, सरकार रेलवे के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शा रही है, लेकिन सच्चाई कुछ और ही है। रेलवे के विस्तार की कई योजनाएं लटकी पड़ी हैं और कई पुल सौ-डेढ़ सौ साल पुराने हो चुके हैं। आजादी से पहले देश में हर साल 600-700 किलोमीटर रेल लाइनें बिछाई जाती थी, बाद में प्रतिवर्ष 200 किलोमीटर लाइनें ही बिछाई जा पा रही है। रेल ट्रैक पर मौजूद 1 लाख 20 हजार छोटे-बड़े पुलों में से आधे, सौ साल पुराने हैं।

राष्ट्रपति जी ने कहा, केन्द्र और राज्य सरकारें नदियों के संरक्षण के लिए निरन्तर सामूहिक रूप से प्रयास कर रही है। मेरी सरकार ने राष्ट्रीय गंगा नदी घाटी प्राधिकरण के अंतर्गत कई उपाय प्रारंभ किए है। सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों का संयुक्त संकाय गंगा नदी के लिए एक घाटी प्रबंधन योजना तैयार कर रहा है।

लेकिन तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद देश में लगभग 150 नदियां विभिन्न स्थानों पर न केवल प्रदूषित हैं, बल्कि गंदे नाले के रूप में तब्दील हो गई हैं। गंगा, यमुना जैसी पवित्र नदियों का जल जहरीला हो गया है।

कानून व व्यवस्था के संदर्भ में राष्ट्रपति महोदया कहती है, कानून और व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकारों की मुख्य जिम्मेदारी है, उन्हें इस कार्य में केन्द्र सरकार सहयोग देती है। आतंकवाद, कट्टरवाद जातीय हिंसा तथा वामपंथी उग्रवाद लगातार बड़ी चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं। मेरी सरकार ने मुम्बई पर आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा तंत्र में भारी बदलाव किया है। बहु-एजेंसी केन्द्र और सहायक बहु-एजेंसी केन्द्र शुरू किए गए हैं; राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी का गठन किया गया है।

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि नक्सली क्या कर सकते हैं। देश के 165 जिलों में नक्सलियों का प्रभाव है। उनके पास 10 हजार से भी ज्यादा लड़ाकू कैडर हैं। उनके पास अत्याधुनिक हथियार और साजो-समान है। अभी हाल ही में उन्होंने जिला कलैक्टर को भी बंदी बना लिया है। जिसे देश में कलैक्टर ही बंदी बना लिया जाये तो आम आदमी कितना महफूज है, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

जम्मू-कश्मीर के बारे में राष्ट्रपति महोदया कहती है, जम्मू और कश्मीर के हालात में सुधार आया है। केन्द्र और राज्य सरकारों ने अनेक एहतियाती उपाय किए हैं। एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्य का दौरा किया। वार्ताकार भी अपने प्रयासों में सफलता के साथ कार्यरत हैं। पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न समूहों के साथ गहन वार्ता करने के बाद से इन राज्यों में व्याप्त हिंसा में काफी कमी आई है।

लेकिन जमीनी हालात यह है कि अभी एक महीना भी नहीं हुआ, गणतंत्र दिवस पर भी देश के लोग जम्मू-कश्मीर में तिरंगा नहीं लहरा सकते। जम्मू के हालात यह है कि वहां राष्ट्रद्रोहियों की पूजा होती है, राष्ट्रप्रेमियों का कैद किया जाता है।

इन सबमें एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि इस यूपीए सरकार को सीधे कोई काम करना क्यों नहीं आता? क्या हर छोटी-बड़ी समस्या समितियों और मंत्री समूहों के हवाले करना उन्हें टालना नहीं है?

अभिभाषण में किसानों को फसल का उचित दाम देने की बात कही गई है लेकिन यह लागत खर्च के अनुपात में अत्यंत कम है। यह दुर्भाग्य ही है कि देश के किसानों की खेती प्रकृति पर निर्भर है और लगातार प्राकृतिक आपदाओं से किसान कर्ज के बोझ से लदकर आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाते हुए लाखों किसान अपनी जान दे रहे हैं और यह क्रम लगातार जारी है। यह देश के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, परन्तु अभिभाषण में कहीं जिक्र नहीं किया गया है। इसे मैं किसानों की

दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति ही कहूंगा। किसान की फसल, सूखा, बाढ़, पाला, ओला से लगातार नष्ट हो रही है।

अभी हाल ही में मध्य प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत के राज्यों में भीषण ठंड से दलहनी फसलों, फल एवं सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है। अकेले मध्य प्रदेश में 46 जिलों की 35 लाख हैक्टेयर भूमि पर बोई हुई दलहनी फसल, अरहर, मसूर, चना की फसल 7442 करोड़ की नष्ट हो गई। इसी तरह अन्य राज्यों में भी फसलें नष्ट हुई हैं लेकिन इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि केन्द्र सरकार पाले को राष्ट्रीय आपदा ही नहीं मानती । इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है और किसान यदि आत्महत्या कर रहा है तो इसके लिए केन्द्र सरकार की गलत नीतियां ही दोषी हैं।

मध्य प्रदेश जैसे राज्य में ओला, पाला, सूखा, बाढ़ तथा आंधियों के प्रकोप से फसलों को यदि नुकसान हुआ है तो राज्य की राजस्व पुस्तक 6-4 में (आर.बी.सी. एक्ट) में संशोधन कर किसानों को प्रति हैक्टेयर 11 हजार रुपये अधिकतम प्रति किसान को 40 हजार रुपए तक की राहत राशि देने का प्रावधान कर दिया है। इतना ही नहीं कृषि कार्यों के लिए ऋण अब मात्र एक प्रतिशत ब्याज पर दिया जायेगा। अभी हाल ही में वहां की सरकार ने पूरे राज्य में सर्वेक्षण करवा कर लगभग 650 करोड़ रुपए अपने खजाने से निकालकर प्रदेश के पाला पीड़ित किसानों को राहत राशि देने का काम किया है तथा केन्द्र से केन्द्रीय अध्ययन दल भेजने एवं 2442 करोड़ की राहत राशि देने की मांग की है लेकिन केन्द्र सरकार ने राहत राशि देने की बजाय यह कहकर किसानों के साथ अन्याय किया है कि पाला प्राकृतिक आपदा नहीं है, जो कि गलत है।

यदि केन्द्र सरकार किसानों को आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने से रोकना चाहती है तो केन्द्र सरकार नई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना, जिसमें किसान के खेत को इकाई मानकर प्रीमियम की राशि स्वयं केन्द्र एवं राज्य सरकारें वहन करें, ऐसी

नई नीति बनाई जाये। अन्यथा हम सभी जानते हैं कि किसान कर्ज के बोझ से इतना लद चुका है कि उसकी आत्महत्या नहीं रूक सकती और देश दुनिया में इसी तरह से शर्मिंदा होता रहेगा।

हमारे देश के किसान का खेती का काम पूरी तरह से घाटे का है। इसे उद्योग का दर्जा दिया जाए एवं इसके पूरे कर्जे को एक बार माफ किया जाए। आज हर तीन मिनट में एक किसान अपनी जान दे रहा है, यह गंभीर चिंता का विषय है।

अंत में, मैंने जो संशोधन क्र. 552 से 636 तक 767 से 791 तक पेश किए हैं, उन्हें स्वीकार किए जाने की मांग करते हुए महामहिम द्वारा प्रस्तुत अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

DR. TARUN MANDAL (JAYNAGAR): Mr. Chairman Sir, I would like to thank hon. President for her speech for portraying beautifully the priorities and the policies in the agenda of the UPA-II Government and its understanding of the strength, prosperity and the growth of the nation.

May I put some humble questions to the UPA Government? Does growth mean accumulation of more funds to a few billionaires, pauperizing almost the entire country, widening the gap between the rich and the poor due to persuasion of this market economy? Does prosperity mean unemployment of crores of our youth forces, compulsion of a large sections of women folk and girl children to plunge into sex tourisms and flesh trades and almost 25 crore people remaining under starvation. Does the inclusive growth mean farmers suicides in lakhs? Is it an inclusive growth when our positions in the UN Human Development Index is numbering at 67 out of 147 countries due to lack of health, education, sanitations and drinking water? Does good governance mean large-scale scams and corruptions in almost all Ministerial and Administrative Departments of the Government? I cannot say, in any measures, that this performance is better than the previous Governments.

Probity, honesty, transparency and accountability have become a casualty in the hands of this UPA Government as in the hands of the Opposition-run Governments in different States like West Bengal, Kerala, Gujarat and Chhattisgarh.

Sir, I do not find any credibility in this Government to celebrate the 150 years of great Vivekananda and Rabindranath Tagore, who were strong and stood resolutely for dignity and honour of the mankind. '*Annayai je korey, ar annyai je sohe, tobo ghrina tare jeno trino samo doye'* as said by Rabindranath; and '*Sotter jonnyo sob kichu tyag kora jai kintu kono kichur jonnyoi sottoke tyag kora jai na'* as told by Swami Vivekananda are the kernels and teachings of their life struggles.

If the Government means only rituals by celebrating this, then there is no meaning.

Then, in the markets, the essential commodity prices are being fixed by the black-marketeers, the hoarders, the illegal traders and the middle men forcing our farmers and the common people more hard-pressed. All the Governments, the Central and the State Governments, are playing under the market players. That does mean that the Government is for the anti-socials, black-marketeers, hoarders, corporates and traders and not for our *aam aadmi.*

In regard to internal security, in the name of containment of unrest in Jammu and Kashmir Valley and in the Naxalite-infested States, diversion of more funds and deployment of military and para-military forces will not give solace to the unconfident people belonging to those areas of unrest. Proper implementation of the promises and the projects by the Government will rather give credence to the Governments, whether of the States or of the Centre.

Like in the State of West Bengal and in many other States, possession of political arms and illegal use of administration, both civil and police, by the Ruling Parties are the real internal threats like deployment of joint forces in the area of Jungle Mahal. They should be immediately withdrawn and these illegal arms should be taken out.

My last point is on the external policy. Our long tradition of anti-imperialist stance, I consider, has been compromised by the stance taken by the UPA Government. The chieftain of the world imperialism, the US and the warmonger, after the post-Second World War era, was given a red carpet welcome, and that is taking the freedom and liberty of many sovereign countries of the world. That should not be compromised in the interest of nuclear reactors and in the name of empowering our country with nuclear power. We are in favour of development and peace; and not for war and destruction.

MR. CHAIRMAN : The discussion on the Motion of Thanks to the President's Address is over and the reply to this debate will be taken up tomorrow.

**श्री गणेश सिंह :** महोदय, मेरी आपत्ति है, मैं चाहता हूं कि इसे नोट किया जाए कि जिनके नाम आपके पास टेबल पर आ गए थे, उनको तो दो-चार मिनट का समय देना चाहिए था। हम लोग इसके लिए इतनी देर से बैठे हुए हैं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: As your Member is interested, you want to please him.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...*[*]

MR. CHAIRMAN: If any Member has any written speech, he can lay it on the Table of the House.

… (*Interruptions*)

[*] Not recorded.

* **डॉ. भोला सिंह (नवादा):** मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद के प्रस्ताव के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करता हूं।

राष्ट्रपति जी का अभिभाषण शसन की चेतन्य आत्मा है। वह विगत की उपलब्धयां, वर्तमान के लक्ष्य और भविष्य के दिशा निर्देश होते हैं। मानो वह नृत्य नाटिका की एक सरसरी झांकी है।

राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सत्ता में रहने वाली सरकार की नीति विषय के दस्तावेज हें, पर मैंने इस अभिभाषण में जड़ता देखी है। उपलब्धियों के संबंध में आत्म विश्वास का अभाव पाया है। मुझे निराशा हुई है। नई पीढ़ी के लिए इसमें कुछ भी नहीं है।

नवाए नीर सुनाओ, बहुत उदास है रात,
इसी खण्डहर में कहीं कुछ दीये हैं, टूटे हुए,
उन्हीं से काम चलाओ बहुत उदास है रात,
सुना है इससे पहले भी कुछ गये हैं निराश,
दिलों को खैर मनाओ बहुत उदास है रात।

कनफ्यूसियस छठी शताब्दी में चीन का समाज सुधारक था। वह सिटी मजिस्ट्रेट भी था। उससे एक शिष्य ने पूछा कि एक स्टेट के लिए कितनी चीजों की आवश्यकता होती है? कनफ्यूसियस ने कहा - तीन। फूड, फोर्ट और फेथ (food, fort, faith) उसने फिर पूछा कि अगर तीन में से किसी एक को हटाना पड़े और दो को रखना पड़े तो किस एक को हटायेंगे और किस दो को रखेंगे? कनफ्यूसियस ने कहा कि हम फोर्ट को हटा दें। फिर शिष्य ने पूछा कि अब इस दो में से एक को हटाना और एक को रखना पड़े तो किस एक को हटायेंगे? कनफ्यूसियस ने कहा - फूड को हटा देंगे, पर बिना आस्था के कोई सरकार की कलपना नहीं की जा सकती।

इस सरकार को जनता की आस्था नहीं है। यह अब राजनीतिक सत्ता, विचारधारा की सरकार रह नहीं गई है। यह व्यावहारिक प्रतिष्ठान, बाजार की सरकार बनकर रह गई है। अब प्रधानमंत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य, बहुमत दल के नेता के द्वारा तय नहीं होते। यह अब करोड़ों रूपये के लेनदेन पर गठित होते हैं। इसमें व्यावसायिक वर्ग, कारपोरेट घराने और मीडिया शामिल है। नतीजा है कि मंत्री सैंकड़ों करोड़ रूपये के बिना पर नियुक्त होने लगे हैं।

---

* Speech was laid on the Table

राष्ट्र उस समय स्तब्ध रह गया और जड़वत हो गया जब प्रधानमंत्री जी ने इलैक्ट्रानिक मीडिया के साक्षात्कार में कहा कि गठबंधन ध्धर्म की मजबूरियां होती हैं। भ्रष्टाचार, घोटाले में वे उतने दोषी नहीं हैं जितना समझा जाता है। सभ्य देश के प्रधानमंत्री को इसी बयान पर इस्तीफा देना चाहिए था। प्रधानमंत्री ने परोक्ष रूप से दोष स्वीकार किया है।

हद तो तब हो गई जब एक वरिष्ठ मंत्री ने यहां तक कह दिया कि श्री राजा ने केई गलती नहीं की है। किसी भी प्रकार का घोटाला नहीं हुआ है। एक तरफ श्री राजा घोटाले में जेल भेजे जाते हैं और दूसरी तरफ मंत्री उसे निर्दोष मानता है। लेकिन उस मंत्री ने अस्मिता की चादर को हटा दिया है और वह मंत्री बना बैठा है। उसने संवैधानिक संस्थान कैग पर भी उंगलिया उठायी और वह मंत्री बना हुआ है। मंत्री की सामूहिक जिम्मेवारी होती है। वह कोई व्यक्ति नहीं होता है। इससे मंत्री की सामूहिक जिम्मेवारी की प्रस्थापना लहुलुहान होती है। राष्ट्र कमजोर होने लगता है।

हमारे देश का 76 लाख करोड़ रूपये स्विस, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड आदि देशों में गया है। वह भारत की जनता की सम्पत्ति है। जहां अमेरिका ने स्विस बैंकों पर दबाव देकर अवैध सम्पत्ति जब्त किया है, वहां हमारी सरकार ने अभी तक 120 देशों के साथ सम्पत्ति प्राप्त करने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर तक नहीं किया है। अभी हाल में उच्चतम न्यायालय में सरकार ने कहा है कि नाम बताना देश हित में नहीं है। इस उक्ति से देश की छवि और सरकार की छवि धूमिल हुई है। यह निर्लजता की पराकाष्ठा है। मैं मांग करता हूं कि सरकार चलते सत्र में  विदेशी बैंकों में जमा अवैध सम्पत्ति पर एक श्वेत पत्र जारी करे और राष्ट्र को विश्वास में ले।

देश मंहगाई की मार से लहुलुहान है। गरीब की रोटी, नमक, अचार, सब्जी तक वह खा गई है। मंहगाई बेलगाम है और सरकारी नियंत्रण के बाहर है। वास्तव में सरकार की अपनी कोई भाषा, शब्द नहीं है। वह मंहगाई के बारे में बेतुका तर्क देकर हास्यास्पद स्थिति में है। वह तर्क देती है -

क. गरीब लोग ज्यादा खाने लग गये हैं,

ख. इसके पास में अलाद्दीन का कोई चिराग नहीं है,

ग. राज्य सरकारें चोर बाजारी को नहीं रोकती हैं,

घ. मंहगाई विकास का लक्षण है आदि

यह विडंबना है कि सरकार ने अपनी जिम्मेवारी से बच निकलने का प्रयास किया है। वास्तव में यह सरकार राजनीतिक संगठन के रूप में कार्य नहीं कर रही है। चीजों के दाम व्यावहारिक घरानों का एकाधिकार हो गया है। जब उत्पादित चीजें किसानों के पास रहती है, दाम घट जाते हैं और किसानों को डिस्टरेस सेल करना पड़ता है और जब वह बाजार में चली जाती है तो उसके दाम बढ़ जाते हैं। किसानों के

शरीर में दो-दो पम्प लगाकर खून खींचे जा रहे हैं और नतीजा यह है कि सरकार व्यापारिक, व्यवसयिक घरानों की तरह काम करती है और मंहगाई का यही सबसे बड़ा कारण है।

देश में लाखों किसानों ने आत्महत्या करना शुरू किया है। जब देश का किसान इस तरह से हत्या करने लगे तो समझा जाता है कि राष्ट्र गंभीर संकट से गुजर रहा है। देश में कृषि क्रांति नहीं है यह। यह रासायनिक स्वाद की क्रांति है। खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयां उन्हें सुगमता से प्राप्त नहीं है। आसान सूद पर उन्हें कर्ज भी बैंक से नसीब नहीं है। बिहार 60000 हजार करोड़ बैंकों में जमा करता है पर उसे कर्ज में मात्र 25000 हजार करोड़ ही मिल पाता है।

उनके पैदावार का कोई लाभप्रद मूल्य नहीं है। उनके मूल्य जितने बढ़ाये जाते हैं उससे अधिक उन्हें बाजारों से कृषि के साधन खरीदना पड़ता है। तमिलनाडु के महाकवि श्री मनमवतर ने कहा है कि यदि किसान किसी अपरिग्रही संत के सामने हाथ जोड़कर हीनता का इज़हार करता है तो उस संत को स्वर्ग नसीब नहीं होगा।

कृषि संस्कृति है,

कृषि सामाजिक व्यवस्था है,

कृषि आध्यात्मिक व्यवस्था भी है,

कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी है और वह राष्ट्र की आर्थिक सत्ता का मापदंड भी है।

सभापति महोद, मैं अब बिहार पर आता हूं। बिहार बदल रहा है। बिहार में विकास का हनुमान कूद कर बैठा है। बिहार के विकास से देश का विकास होगा। बिहार राष्ट्रीय विकास दर के साथ नहीं चल सकता क्योंकि तब वह विकास में पिछड़ जायेगा।

बिहार के वर्तमान वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए वार्षिक योजना 24000 हजार करोड़ की स्वीकृति योजना आयोग ने दिया है। इसके लिए केन्द्रीय सरकार को बधाई देता हूं। पर बिहार इतना भर से ही विकसित राज्य नहीं बनेगा। इसे विशिष्ट राज्य का दर्जा देना होगा ताकि पूंजी निवेश में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर से सहयोग प्राप्त हो। बिहार संभावनाओं का राज्य है। अभी 11.47 विकास दर पर वह पहुंचा है, पर उसे और 15% विकास दर प्राप्त करना होगा। हम मांग करते हैं कि बिहार को स्पेशल स्टेट का दर्जा प्राप्त करने में उसे सहयोग करे।

मैं नवादा संसदीय क्षेत्र से आता हूं। नवादा शाश्वत सूखाड़ की आकृति लेकर आहत मन से जी रहा है। नदियां प्यासी हैं, पहाड़ मृत हैं। नवादा, रोह, गोविन्दपुर, पकरीवरांवा काशीचक, हिसुआ प्रखंडों में जमीन के नीचे पानी का लेयर नहीं है1 कुएं सूखे हैं। पेयजल के लिए सम्पूर्ण आबादी कराह रही है। अतः नवादा के विकास के लिए केन्द्र सरकार अपने स्तर से पहल करे।

क. नवादा क्रोनिक सूखाड़ क्षेत्र घोषित हो,

ख. नवादा की अपर सकरी जलाशय योजना,

ग. धनारजय, सूखी नदियों में डैम बनाकर सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था हो,

घ. रजौली में आणविक विद्युत तापघर की स्वीकृति देकर उसका कार्यान्वयन करें,

ड. नवादा के वारसलीगंज में बंद चीनी मिल को खोलकर किसानों के हित में कदम उठाया जाये,

च. रीग मशीन के द्वारा विशिष्ट रूप से पेयजल की समस्या का निदान हो।

भाषण लम्बा नहीं हो, इसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि वर्तमान प्रधानमंत्री को कि महाभारत में जब संध्या समय भीष्म पितामह सर-शय्या पर पड़े थे और पांडवों, कौरवों को ज्ञान दे रहे थे, उसी समय द्रौपदी ने ठठाकर हंस दिया। अर्जुन द्रौपदी को मारने दौड़े। भीष्म ने कहा- अर्जुन, द्रौपदी को मत मारो, वह कोई साधारण नारी नहीं है। उससे पूछो कि वह क्यों हंसती है? द्रौपदी ने कहा कि आज मरने के समय भीष्म जो ज्ञान बांट रहे हैं ठीक जिंदगी भर इन्होंने इसके खिलाफ काम किया है। भीष्म ने कहा कि बेटी, तुम ठीक हंसती हो। मैं जिंदगी भर पापी कौरवों के मुट्ठी भर चावल खाता रहा हूं। इससे मेरा विवेक मर गया है। सत्य, असत्य का भेद समाप्त हो गया है।

प्रधानमंत्री जी, दिनकर ने कहा है -

जा को, पुण्य यदि बढ़ा नहीं शासन में,
या आग सुलगती रही प्रजा के मन में,
तामस बढ़ता यदि गया ढकेल प्रभा को,
निर्बन्ध पथ यदि मिला नहीं प्रतिभा को,
रितु नहीं यही अन्याय हमें मारेगा
अपने ही घर में फिर स्वदेश हारेगा।

फिर भी मैं राष्ट्र से कहता हूं -

जा तेरे स्वप्न बड़े हों
भावना की गोद से उतरकर,
जल्द पृथ्वी पर चलना सीखें,
चोर - तारों से अप्राप्य ऊंचाइयों के लिए
लड़ना, मचलना सीखें,
हंसे, मुस्कराये, गायें।
हर दीये की रोशनी देखकर ललचाएं

ऊंगली जलायें,

अपने पांव पर खड़े हों,

जा तेरे स्वप्न बड़े हों।

सर्वत्र अंधेरा है,

दायां - बायां कुछ नहीं सूझता,

बाहर बिजली की रोशनी है,

पर भीतर घुप अंधेरा है।

आयें - जब सूरज, चांद, तारों ने चमकना छोड़ दिया है और अमावस्या की इस रात्रि में

हम अपनी आत्मा के द्वीप को जलायें,

यही राष्ट्र दीप बनेगा और इसी से विश्व का चिराग जल सकेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ महामहिम के अभिभाषण के धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

MR. CHAIRMAN : Now, the House will take up 'Zero Hour'. The Members are requested to speak only for two minutes.

Shri Arjun Ram Meghwal to speak.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** महोदय, मैं आपके माध्यम से अतिमहत्वपूर्ण लोक-महत्व के विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, भारत सरकार ने मोर को राष्ट्रीय पक्षी घोषित कर रखा है, लेकिन समुचित संरक्षण नहीं होने के कारण मोरों की हत्या आए दिन हो रही है। मैं राजस्थान से आता हूं, राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। मेरे क्षेत्र में भी श्रीडूंगरगढ़ मुख्यालय पर वन विभाग की नर्सरी में मोर मृत पाए गए और मेरे पड़ोस में ही नागौर जिला है, जहां पर पर्वतसर में मोरों की हत्याएं हुई हैं। इसके बाद 20 फरवरी को भरतपुर जिले की कामा तहसील में मोर मृत पाए गए और ग्रामीणों ने मोरों को गोली मारे जाने पर रास्ता रोका, प्रशासन को कानून-व्यवस्था की स्थिति का सामना करना पड़ा।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट, 1972 की धारा 44 के अनुसार मोर पंख का व्यापार करने की छूट है और विदेशों में मोर पंखों की डिमाण्ड बहुत बढ़ गयी है। अतः एक्ट में संशोधन किया जाए । इसलिए असामाजिक तत्वों ने मोर को मारना शुरू कर दिया है और बड़ी संख्या में मोर के अंगों और पंखों का निर्यात कर रहे हैं। इस तरह की जो घटनाएं हो रही हैं उससे हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर कहीं विलुप्त न हो जाए। इसलिए मेरी मांग है, वन और पर्यावरण मंत्रालय ने जिस तरह से बाघों के संरक्षण के लिए कानून बनाया है, उसी तरह मोर के संरक्षण के लिए भी कानून बनाया जाए, नहीं तो हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर, जिसका वेदों में भी महत्व है, हमारे कवियों ने भी मोर के बारे में कहा है, अगर मोर ही नहीं रहेगा तो मोर का पंख कैसे रहेगा इसलिए वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की धारा में संशोधन किया जाए। भगवान कृष्ण की कलगी में भी मोर पंख लगा होता था। कवियों ने भी कहा है – पंछी पंख बिना, हस्ती दंत बिना मंदिर दीप बिना। पक्षी का पंख अगर निकाल लेंगे तो वह जीवित न रहेगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में जो विश्नोई समुदाय के लोग हैं, जो जीव-जन्तुओं की रक्षा करने से सम्बन्धित एनजीओज़ हैं, वे इस दिशा में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इसलिए मैं सरकार को कहना चाहता हूं कि उन्हें भी संरक्षण दिया जाए, जिससे मोरों की रक्षा हो सके और वाइल्ड लाइफ को जिंदा रखा जा सके।

**श्री जगदानंद सिंह (बक्सर):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच सोन नदी के बंटवारे का समझौता भारत सरकार के नेतृत्व में हुआ था। बानसागर समझौते के पूर्व 100 वर्ष से भी अधिक सोम नदी पर बने बीअर बैराज से बिहार राज्य के पटना, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, रोहतास तथा कैमूर

जिलों में सुनिश्चित सिंचाई होती थी। उत्तर प्रदेश की सीमा में रिहंद जलाशय से लगातार पन बिजली बनाने के लिए निर्माण हुआ था। वहां बेस यूनिट के रूप में बिजली बनती थी। लगातार पानी इंदपुरी बैराज को मिलता था। लेकिन रिहंद जलाशय में पानी रुक गया। साथ ही बानसागर समझौते के पूर्व सोन बेसिन के पानी का शत-प्रतिशत प्रयोग बिहार राज्य द्वारा होता रहा। बान सागर समझौते में तय किया गया था कि सोन नदी में होने वाले जल प्रवाह से इंदपुरी में जल की मात्रा 5.57 मिलियन एकड़ फीट हर हालत में सिंचाई के लिए बिहार राज्य को प्राप्त होगी और बैराज पर जल प्रवाह को 13,000 क्यूसेक से कम नहीं होने दिया जाएगा। पूरे सोन बेसिन में जो पानी उपलब्ध था, उसमें फर्स्ट चार्ज सोन नहर की पुरानी प्रणाली के लिए तय किया गया। बानसागर बांध बन चुका है। रिहंद पन बिजली प्लांट में बिजली बनाने के लिए लगातार चलने के बजाए केवल पीक ऑवर्स में चलाया जा रहा है। दो-तीन वर्षों से इंदपुरी बैराज पर पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण बिहार का सबसे उपजाऊ भाग अकाल की मार झेल रहा है। खेतों को पानी और पेयजल की समस्या उस इलाके में उत्पन्न हो गई है। अतः केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी कि वह बिहार के हिस्से का पानी इंदपुरी बैराज पर आवश्यक जल प्रवाह को बनाए रखने के लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश पर अपने प्रभाव का प्रयोग करे और भारत की सबसे प्राचीन सोन नहर प्रणाली, जहां उस क्षेत्र की उत्पादकता पंजाब और हरियाणा के बराबर है, वहां के किसानों को अपने खेतों में उत्पादन करने के लिए सुनिश्चित पानी देने की व्यवस्था करे।

**श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो):** सभापति महोदय, मैं एक अति लोक महत्व के विषय को आपके समक्ष रखना चाहता हूं। भारत सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए विशेष पैकेज दे रही है। मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि 1999 में ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन स्वीकृत हुई थी। तब से लेकर आज तक पन्ना से खजुराहो और पन्ना से सतना के बीच के खंड पर एक नए पैसे का काम शुरू नहीं हो पाया है। इस वजह से पन्ना जिले के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वहां के लोग 16 जनवरी से निरंतर अपनी इस मांग को लेकर धरना, प्रदर्शन और आन्दोलन कर रहे हैं तथा बंद के आयोजन हो रहे हैं। बच्चों से लेकर बूढ़े तक इस आन्दोलन में साथ दे रहे हैं।

इस संबंध में वर्ष 2009-10 के पहले बजट में मैंने पूर्व में इस बात को उजागर किया था कि अगर सरकार बुंदेलखंड का विकास करना चाहती है तो ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन, जो एकमात्र बुंदेलखंड की रेलवे लाइन है, जो इसके बीच से डाली जा रही है, उसके लिए  बजट में प्रावधान किया जाए और खुजराहो जैसी जगह को ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन को बुंदेलखंड के मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पन्ना में रेलवे युवा संघर्ष समिति बनी हुई है, यह गैर-राजनैतिक संगठन है, जिसमें सारे दलों के लोग सामुहिक रूप से धरने पर बैठ रहे हैं। चाहे बीजेपी के लोग हों, कांग्रेस के या बीएसपी के लोग हों, सारे लोग भारत सरकार से आशा कर रहे हैं कि इस बार के बजट में पन्ना को सतना से जोड़ने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। इस शून्यकाल की चर्चा में मैं आपको इससे अवगत कराना चाहता हूं। धन्यवाद।

**श्री गणेश सिंह :** मान्यवर, श्री जितेन्द्र सिंह बुंदेला जी के मुद्दे के साथ मैं अपने को एसोसिएट करता हूं।

MR. CHAIRMAN : Shri Ganesh Singh is also associating with him.

DR. KIRIT PREMJIBHAI SOLANKI (AHMEDABAD WEST): Mr. Chairman, Sir, I want to draw the attention of this House to a very important issue of raising further the height of Sardar Sarovar Dam, which affects not only the entire country but is also the lifeline of Gujarat. Sardar Sarovar Project is a multi-purpose inter-State project. The height of the dam is raised from time to time with permission granted by NCA, that is, Narmada Control Authority. The last permission was granted by NCA in May, 2006 and the height of the dam had been raised up to 121.92 metres in December, 2006 by Gujarat Government. The ultimate height of the dam is to be raised up to 138.68 metres. It will help in the following ways. The storage capacity will get enhanced by 34 lakh acre feet. It would also facilitate irrigation of additional 6.8 lakh hectares of agricultural land. There would also be additional 40 per cent power generation from this project. Flood control is also a major benefit of it. The carry over storage would help mitigate drought, if subsequent years happen to be rain deficit years.

The environment sub-group of NCA has recommended further raising of height of the dam on 1st April, 2010 and similar recommendation from R&R sub-group is also received. The R&R sub-group of NCA is chaired by Secretary, Ministry of Social Justice and Empowerment. The Governments of Gujarat and Maharashtra have completed the R&R works and also completed the requisite consultations with respective Grievances Redressal Authority, GRA. However, similar consultation with GRA of Maharashtra is pending.

Considering the above status in this matter, it is necessary to expedite the consultation report from the GRA of Maharashtra and thereafter convene a meeting of R&R sub-group of NCA so that it can recommend further raising of height of Sardar Sarovar Dam to NCA.

Under these circumstances, the Secretary, Social Justice and Empowerment, Government of India would be required to take immediate action to call for the consultation report of GRA, Maharashtra and convene the meeting of R&R sub-group of NCA.

I also demand that Sardar Sarovar Project may be declared as a national project.

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** महोदय, मैं अति विलम्बनीय विषय को आपके माध्यम से सदन में उठाते हुए भारत सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। देश के धान के किसानों सहित उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के किसानों के धान की खरीददारी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और घोटाला हुआ है। सरकारी अधिकारियों एवं बिचौलियों, दलालों की मिलीभगत से किसानों का धान सस्ते दर पर बिकवाने के लिए मजबूर किया गया। धान के क्रय केंद्रों का समय से न खोलना तथा धान में भारी मात्रा में नमी का प्रतिशत बढ़ाने से किसानों की धान के क्रय में लूट की गई। सरकारी खरीद समय से न होने तथा क्रय केंद्रों पर बोरे आदि की उपलब्धता न होने से किसानों का धान औने-पौने दाम पर बिचौलियों तथा दलालों ने खरीद लिया और उसी धान को क्रय के अधिकारियों और मिल-मालिकों ने धान के सरकारी रेट पर क्रय केंद्रों के माध्यम से बेचने और लेने का काम किया। दो सौ रुपया प्रति क्विंटल बिचौलियों, दलालों एवं अधिकारियों ने मिल कर किसानों के धान की उपज की मूल्य की लूट की है। सरकार द्वारा समय से धान न खरीदे जाने से किसानों को बाध्य हो कर अपने उपज को 800-850 रुपए प्रति क्विंटल की दर से व्यापारियों, दुकानदारों और मिल-मालिकों को बेचना पड़ा। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जनपद चन्दौली को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां भारी लूट किसानों की पैदावार की हुई। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने एक आदेश के तहत 62 प्रतिशत चावल के स्थान पर 67 प्रतिशत चावल मिलों से लेने का आदेश प्रति क्विंटल की दर से लेने का दिया था, जिसके चलते 12 प्रतिशत नमी के स्थान पर 17 प्रतिशत नमी दिखाकर धान क्रय में कटौती करने के चलते किसानों के धान बिक्री में किसानों की भारी आर्थिक क्षति हुई है। यह लोक महतव का अविलम्बनीय विषय है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: No, he is only generalizing it.

… (*Interruptions*)

**श्री रामकिशुन :** मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार धान क्रय में बिचौलियों, दलालों एवं अधिकारियों को लाभ पहुंचाने के लिए किए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। धान खरीदने में की गई देरी की भी जांच कराई जाए। सरकार ने जो समर्थन मूल्य 1000 रुपए तय किया था, उससे नीचे दाम पर किसानों को धान बेचना पड़ा। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के किसानों को बोरे उपलब्ध नहीं थे। आपके माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के किसानों के साथ बहुत बड़ा घोटला हुआ है, भ्रष्टाचार हुआ है। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Bishnu Pada Ray -- not present.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No, your statement is over. Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

SHRI L. RAJAGOPAL (VIJAYAWADA): I thank the Chairman for the opportunity. I would like to raise the issue about BT Cotton. In India, a lot of farmers are sowing and cultivating BT in all the uplands and mostly dry lands after the BT hybrid variety has come in. In India more than 10 lakh hectares is under cultivation by the farmers by sowing BT Cotton.

I would like to give an example. In Andhra Pradesh, in my Parliamentary Constituency, there is a company called M/s. Bayer Crop Science Limited. They have assured the farmers that they would get a yield of 16 to 18 quintals with around 90 balls per tree. But in practice, after 120 days of sowing, they could hardly get 10 balls, which would result in a yield of hardly two quintals. The yield has dropped to two quintals from 16 to 18 quintals! We raised this issue with the District Administration and the State Government.

I am also happy that our hon. Minister of State in the Ministry of Textiles, Shrimati Panabaka Lakshmi, is present here. The Government has taken up the issue with the company saying that since they have assured the farmers that it would yield 16 to 18 quintals, but the yield has dropped to two quintals. So, there

* Not recorded.

has to be some proper compensation for them. I am saying this because for every acre of BT Cotton they have to invest around Rs. 45,000. Earlier, the market price used to be Rs. 3,000, and with 18 quintals the farmer used to get around Rs. 50,000 and they used to get Rs. 5,000 profit. Now, the yield has dropped to two quintal. Of course, the market rate has gone up and the market rate is around Rs. 6,000, but they are hardly getting Rs. 12,000. Hence, there is great loss to each farmer as they are losing around Rs. 35,000. M/s. Bayer Crop Science Limited says that they are not responsible, and they said that they are not responsible as they have got a yield for it.

I want the Ministry of Textiles and the Ministry of Agriculture to ensure that there is a proper mechanism and legislation in place. I am saying this because all these companies are multi-national companies, and they have advertised that they are going to get such and such yield, and innocent farmers -- thinking that they are going to get a better yield -- are buying from all these companies. So, whenever there is a drop in yield, that company should be made accountable and proper compensation has to be paid to these farmers, especially, in Vatsavai Mandal, Penuganchiprolu Mandal and Chandarlapadu Mandal of my Parliamentary constituency where farmers have cultivated BT Cotton in around 3,500 acres of land. I want the Government of India to take some action in consultation with the State Government and the District Administration so that farmers are adequately compensated.

SHRI P. KUMAR (TIRUCHIRAPPALLI): Thank you, Mr. Chairman, Sir. Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL), Tiruchirappalli, is one of the premier power plant equipment manufacturing companies and one of the largest public sector companies under the Ministry of Heavy Industries. It has one of the largest boiler manufacturing facilities. It is a profit-making *Navratna* public sector unit. I would like to submit that on an average in a year, this plant handles around five to six lakh metric tonnes of raw materials or finished component through the National Highway 67.

There are around 11,000 employees working in the BHEL unit at Tiruchirappalli. The employees' staff quarters and the BHEL factory are divided by NH-67 as south and north parts. The BHEL Factory Phase I & II, SSTP, and Kamarajapuram residential area are situated on the south part of the National Highway, while Kailasapuram and the above-mentioned staff quarters are situated on the north part of the National Highway. More than 20,000 people used to cross this National Highway 67 as pedestrians. Without proper underpass, they are facing a huge problem while crossing the road. The heavy traffic on National Highway 67 has caused more accidents. Last year, more than 20 people lost their lives in the accidents.

There is a long pending demand from the people for an underpass for easy access to the area on both sides of the National Highway. On behalf of the public, I appeal to the Government, through this House, for construction of an underpass near Township Main Entrance Training Centre, Tiruvarampur on the National Highway 67 and allow the traffic between the BHEL Factory and the Township through this underpass.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** महोदय, मैं पिछले एक साल से शून्यकाल में पत्र लिखकर प्रश्न करके सरकार के कृषि मंत्रालय का ध्यान इस ओर आकृष्ट कर रहा हूं। देश के किसानों के साथ बहुत बड़ी घोखाधड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा की जा रही है। जो कीटनाशक दवाएं एमएनसीज बनाती हैं, दुनिया के अन्य देशों में जिन दवाइयों को बैन कर दिया गया है, जो एक्सपायर हो चुकी हैं, ऐसी एक्सपायर तथा बैन्ड दवाइयों को गलत तरीके से हिन्दुस्तान में लाते हैं, उनको बेचते हैं, उसका नुकसान फसल पर होता है, पर्यावरण पर होता है, मिट्टी और पानी पर हो रहा है और भारत सरकार द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि फरीदाबाद में जो इनकी जांच प्रयोगशाला है, वहां इन्हें भेजकर हम इनकी सम्पूर्ण जांच कराते हैं। लेकिन आज तक एक साल में एक भी जांच का परिणाम नहीं आया और न किसी एमएनसी को पकड़ा गया और न ही उस पर कोई कार्रवाई की गई बल्कि देश के अंदर जो कीटनाशक बनाने वाली देशी कंपनियां हैं, उन देशी कंपनियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए कृषि मंत्रालय के कुछ वैज्ञानिक और इस कामधंधे में लगे हुए कुछ लोग किसानों के साथ अन्याय और अत्याचार कर रहे हैं।

इसलिए मैं सदन में इस बात की मांग करता हूं कि उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों की दवा की जांच कराई जाए जिनकी एक्सपायर्ड दवाइयां हैं, जिनकी नकली दवाइयां हैं और जो प्रतिबंधित दवाइयां हैं, उन विदेशी कंपनियों की जांच कराकर उन पर कार्रवाई की जाए, उन्हें पकड़ा जाए, उन्हें जेल में बंद किया जाए और हिन्दुस्तान के किसानों को जो लूटा जा रहा है, उससे किसानों की रक्षा की जाए। धन्यवाद।

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** सभापति महोदय, मैं आसन की स्वीकृति के आधार पर सदन में शून्यकाल के लिए एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आसन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं आपका समय ज्यादा नहीं लेना चाहता। इसलिए मैं उन बातों को पढ़ रहा हूं। देश में महिलाओं की जिन्दगी, उनकी अस्मिता लहूलुहान हो रही है। बलात्कार की अनंत घटनाएं प्रतिदिन प्रतिवेदित हो रही हैं। देश की राजधानी दिल्ली ऐसे मामले में नारकीय दृश्य उपस्थित कर रही है। विदेशों से यात्रा के क्रम में आने वाली लड़कियां, महिलाएं इसका भयानक रूप से शिकार हो रही हैं। देश में हर चार बलात्कार की घटनाओं में एक घटना दिल्ली में हो रही है। जहां देश की उच्चतम प्रशासनिक व्यवस्थाएं हैं, राजनीतिक कार्यपालिकाएं हैं और बड़ी-बड़ी हस्तियां हैं, महिलाओं की अस्मिता का क्षरण अत्यन्त निन्दनीय है। महिलाओं पर इन भीषण क्रूरतम हमलों से सम्पूर्ण राष्ट्र चिंतित है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा और अस्मिता की रक्षा के लिए गंभीरतम कदम उठाए। इस संबंध में राज्य सरकारों से विचार-विमर्श करे ताकि भारत की सांस्कृतिक ढाल पर कलंकित काला धब्बा समाप्त हो सके।

**श्री प्रेमदास (इटावा):** महोदय, मैं आपका ध्यान एक विशेष मुद्दे पर लेकर जाना चाहता हूं। पूरे देश में फोर लाइन सड़कें बनाई गई जिसका उद्देश्य था कि समय कम लगे, एक्सीडेंट न हों और गाड़ियों का मेंटेंनेंस सही रहे। लेकिन आज हम देख रहे हैं कि दिल्ली से कोलकाता के बीच एनएच -2 इतना खराब हो गया है कि टोल प्लाजा, कठफोरी जिला फिरोजाबाद में दो फुट के गड्ढे हो गए हैं। अनंतराम में और जिला औरेया में टोल प्लाजा के पास काफी गड्ढे हैं। मेरे लोकसभा क्षेत्र इटावा में एक साल में 386 एक्सीडेंट हुए जिनमें 90 परसेंट फोर लाइन के हैं। जब परियोजना अधिकारी से बात करने की कोशिश की जाती है तो उनका मोबाइल बंद रहता है। हमारी बात कोई सुनने वाला नहीं है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा कि 14000 सड़कों के काम की प्रगति होगी, यह वादा किया। मैं कहना चाहता हूं कि पुरानी सड़कों की मेंटेनेंस की जाए। यह सही बात है कि फोर लाइन द्वारा आने जाने के लिए समय की बचत हुई है लेकिन आगरा से कानपुर के बीच फोर लाइन बहुत खराब है। मैं मांग करता हूं कि इसकी जांच कराई जाए। एक गाड़ी निकलने के लिए केवल 30 सेकिण्ड समय निर्धारित है लेकिन टोल प्लाजा की वजह से घंटों जाम लगा रहता है। इस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए ताकि आम पब्लिक को आराम मिले। तमाम किसानों की

उपजाऊ भूमि फोर लाइन सड़कें बनाने में गई है। मेरी मांग है कि फोर लाइन बनाने के उद्देश्य को पूरा किया जाए।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Sir, I draw your attention towards an important issue pertaining to the inclusion of cultivators of tea, coffee, rubber, coconut and areca nut under the category of farmers in Bharat Census 2011. In the census notification 2011, it has been categorically stated that farmers who cultivate plantation crops such as tea, rubber, coffee, coconut and areca nut are not being considered as farmers. This is directly affecting the lives of thousands of farmers in Kerala. The fact is that a lot of ordinary farmers are depending upon these crops for their livelihood even though these crops are generally considered as plantation crops. There are farmers in this category holding even up to ten cents of land. Consequently, these farmers would not be getting benefits of loan waivers or any such incentives as they are being put in the category of 'other jobs'.

I would request the Government to take immediate measures to get it corrected and to protect the interest of farmers all over India.

SHRI KHAGEN DAS (TRIPURA WEST): I would like to draw the attention of the Government that Tripura being one of the Special Category States has been forced into critical economic crisis due to illogical norms adopted by the Central Government.

As per the award of the 13th Finance Commission, it will be hardly possible for the State to pay the committed liabilities like salary of employees, DA, pension etc. The salary expenditure for the award period has been projected at Rs.13,924.43 crore by the State whereas the 13th Finance Commission awarded Rs.7,727.90 crore.

The scenario is similar to payment of pension also. Against the State Government's liabilities of Rs.3,944.80 crore, the 13th Finance Commission approved only Rs.2,779.09 crore. The total shortfall for salary and pension stands at Rs.7,362.24.

As per the approved scheme of financing, the ceiling for `Open Market Borrowing' during 2010-11 is Rs.367.69 crore but the State Government has been allowed it to raise up to Rs.100 crore. Therefore, the total shortage further increased by Rs.267.69 crore.

I would, therefore, urge upon the Government for taking immediate corrective steps and provide necessary financial assistance to Tripura to meet the committed liabilities and maintain its pace of all round development.

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): I rise here today to raise an important issue relating to my State, Orissa. Around 12 lakh hectares of Agricultural land in more than 26,000 villages suffered crop loss of more than 50 percent due to heavy unseasonal rains from 6th December to 14th December, 2010. The loss to the farmers is estimated to be Rs.6,000 crore. More than 7 lakh hectares of cropped area in more than 11,000 villages incurred crop loss of more than 50 per cent due to acute drought that occurred in Orissa during August and September, 2010. The crop loss due to drought is estimated to be Rs.4,000 crore. Orissa Government has already submitted a Memorandum on drought with a request to release Central Assistance of Rs. 1,187.19 crore and the Inter-ministerial Central Team has admitted it to be genuine and just. I therefore demand that the Government of India to release the Central assistance on account of drought immediately.

During the year 2010, more than 37,000 villages out of total 51,000 villages of Orissa have been affected either by drought or unseasonal rain resulting in severe crop loss. The total loss is estimated to be Rs. 10,000 crore. Thus, Orissa has faced a calamity of rare severity during the year 2010.

The existing norms for the scale of assistance from the CRF to farmers affected by natural calamities need to be enhanced to Rs.25,000 per hectare in view of the escalating costs of modern agricultural practices. The Working Group on Agriculture Production headed by the Haryana Chief Minister, Shri Hooda have already made a similar recommendation to the Government of India.

Loss is not only economic; it is psychological as well. Because the ripe paddy and vegetable fields on the verge of harvesting create a sense of well being among the cultivators, crop loss at this critical juncture compounds to the plight of the farmers, both psychologically and economically.

During this year's procurement, the Government of India has not declared on the Minimum Support Price (MSP) a Bonus of Rs.100/- per quintal over and above the MSP for paddy. I urge the Government that the same should be declared immediately.

The Government of Orissa has submitted a memorandum to the Prime Minister. The Chief Minister had come to Delhi in the last week of December, 2010 and had also met the Agriculture Minister and had apprised him about the problems being faced by the farmers in Orissa. The demand from the Government of Orissa was to sanction Rs.1,027 crore out of the National Disaster Response Fund. The total amount of the Central assistance for floods, drought and unseasonal rains comes to Rs.2616.19 crore which may be released and sanctioned immediately. What has happened in-between? Already January has passed. The Central team had gone to Orissa and had visited the interior parts. They had divided themselves into 3-4 groups. Now, we are in the last week of February, not a single pie had been provided to our State. At the same time, Andhra Pradesh had been provided funds from the Central release. Maharashtra Government had been provided funds from the National Disaster Response Fund. Why is Orissa getting discriminated? I fail to understand this. … (*Interruptions*) I would only urge upon this Government to release the funds and not to play with the future of the farmers. With these words, I conclude.

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for permitting me to raise an important issue which is regarding construction of road over bridge across the railway line at Anaimedu in Salem Town in the State of Tamil Nadu, to ease the traffic congestion which hampers free flow of traffic resulting in traffic snarl. The construction of this bridge is very essential and it has to be taken up as

early as possible. Frequent movement of trains from Salem to Virudhachalam, causing the closure of the railway gate, and it hampers free flow of traffic. The general public is very much inconvenienced due to this problem. This is a long felt need of the people of Salem Town. Considering the importance and urgency of this issue, I would request the hon. Minister of Railways to give top priority to this pressing need and to make sufficient provision in this year's Railway Budget itself. The Government of Tamil Nadu may also be apprised to release its share of financial contribution immediately. Last year also, I raised this issue on the floor of this House under Rule 377, but there is no positive response came from the Ministry. Now, I hope that my request would evoke a positive response from the Ministry of Railways.

MR. CHAIRMAN: Shri Majumdar, please listen to me. The matter which you want to raise is still pending in the court. It is *sub judice.* Do you want to say anything on this?

SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT): I do not think so.

MR. CHAIRMAN: I want to inform you that this matter is *sub judice.* It may create problems.

SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR : I do not think so, it is a simple thing. Why can I not speak on this?

MR. CHAIRMAN: The matter is pending in the court. If you say something, it may create problems.

SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR : There is no harm in my speaking on this.

MR. CHAIRMAN: The matter is under court. You cannot speak. Please sit down.

SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR : Can I not speak? Okay.

**श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर मुझे अपने विचार रखने की आज्ञा प्रदान की है। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति से संबंधित सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण से संबंधित मुद्दा है। संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अन्तर्गत दिनांक 15-11-1992 तक सीधी भर्ती और पदोन्नति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों को

राजकीय सेवाओं में उनकी जनसंख्या के अनुपात में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आरक्षण प्रदान किया जाता रहा है।

इन्दरा साहनी प्रकरण में उच्चतम न्यायालय की नौ जज की संविधानिक पीठ ने दिनांक 16-11-1992 को संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए राजकीय सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण को सही नहीं माना तथा यह आदेश दिया कि इन वर्गों को पदोन्नति में आरक्षण केवल अगले 5 वर्ष तक ही यथावत रखा जाएगा। भारत सरकार ने इस विसंगति को दूर करने के लिए 77वें संविधान संशोधन के माध्यम से नया अनुच्छेद 16(4ए) दिनांक 17-06- 1995 से जोड़ा।

उच्चतम न्यायालय की दो जज पीठ ने दिनांक 10-10-1995 को वीरपाल सिंह चौहान प्रकरण, तीन जज पीठ ने दिनांक 01-03-1996 को, पांच जज पीठ ने दिनांक 16-09-1999 को सामान्य वर्ग के राजकीय कर्मचारियों को वरिष्ठता में "रिगैनिंग" का लाभ देते हुए "कैच अप रूल" प्रतिस्थापित किया, जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति के राजकीय कर्मियों को पदोन्नति तो मिलेगी, लेकिन पदोन्नति के साथ परिणामिक वरिष्ठता का लाभ नहीं मिलेगा। इस विसंगति को दूर करने के लिए भारत सरकार ने 85वें संविधान संशोधन को दिनांक 17-06-1995 से लागू किया।

उच्चतम न्यायालय की पांच जज पीठ के समक्ष 77वें व 85वें संविधान संशोधनों को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा चुनौती दी गयी। उच्चतम न्यायालय ने दिनोंक 19-10-2006 को एम.नागराज प्रकरण के नाम से अपना निर्णय दिया। जिसमें इन संवैधानिक संशोधनों को तो सही माना किन्तु कहा कि सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति के वर्गों के कर्मियों को पदोन्नति में आरक्षण देना चाहती है तो इस हेतु उसे इन वर्गों के पिछड़ेपन, राजकीय सेवाओं में अपर्याप्त प्रतिनिधित्व एवं सरकार के काम की दक्षता पर प्रभाव के संबंध में आंकड़े एकत्रित कर आधार तैयार करना होगा। इन शर्तों के कारण वर्ष 1995 से अब तक इन वर्गों के लोगों को पदोन्नति का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा इन वर्गों को सरकार की ओर से कोई मदद भी नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण इनमें निराशा का भाव व्याप्त हो रहा है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के हाई कोर्ट के द्वारा एम.नागराज के निर्णय का सहारा लेकर विपरीत निर्णय दिए गए हैं। उच्चतम न्यायालय के इन्द्रा साहनी केस में 9 जज बैंच के द्वारा दिए गए निर्णय की एम.नागराज मामले में सही व्याख्या नहीं की गयी है तथा अनावश्यक भ्रान्ति की स्थिति पैदा कर दी गयी है।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि एम.नागराज प्रकरण से उत्पन्न भ्रान्ति को दूर करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 16(4ए) के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के राजकीय कर्मचारियों को पदोन्नति के साथ परिणामिक वरिष्ठता का लाभ मिल सके, इस हेतु तत्काल प्रभाव से संविधान में संशोधन की सरकार पहल करे।

MR. CHAIRMAN : Shri Arjun Ram Meghwal's name may be associated with Shri P.L. Punia.

**श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर):** महोदय, मुझे यहां से बोलने की अनुमति दी जाये। जीवन-मृत्यु से जूझ रहे हमारे क्षेत्र के 222 भारतीय नागरिकों के हजारों किलोमीटर दूर लीबिया में फंसे होने का मामला मैं सदन और सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। चार महीने हो गये हैं, जब मैं क्षेत्र में जाता हूं तो देखता हूं कि उनके माता-पिता और बच्चे परेशान हैं। चूंकि वे भोजपुरी भाषा क्षेत्र के हैं और भोजपुरी में बोलने की यहां अनुमति नहीं है क्योंकि आज तक दुर्भाग्य से वह सूचीबद्ध नहीं हुई है, नहीं तो उनकी पीड़ा को मैं भोजपुरी में जरूर कहता।

महोदय, आज से चार महीने पहले सूफी ट्रैवल्स, बम्बई के माध्यम से आवर अलकरात जनरल कंट्रक्शन कंपनी पाकिस्तान- देवरिया, जनपद कुशीनगर, जनपद महाराजगंज, जनपद गोरखपुर जो यू.पी., बिहार का बार्डर और बहुत ही गरीब इलाका है। वहाँ के 35 वर्ष के, 30 वर्ष के और 28 वर्ष के नौजवान लीबिया में जाते हैं और यह कंपनी चार महीने से उनको तनख्वाह नहीं दे रही है, जबर्दस्ती काम करा रही है, यहाँ तक कि वे फोन से बता रहे हैं कि उनको चार महीने हो गए लेकिन आज तक वे दंतमंजन भी नहीं कर पा रहे हैं। उनको भोजन के रूप में केवल भात और चोखा दिया जा रहा है। उनको नहाने तक के लिए भी पानी नहीं दिया गया। जब उनके कुछ लोग वहाँ अपने आयोग से मिलने गए तो आयोग भी वहाँ ठीक साबित नहीं हुआ। मैं कहना चाहता हूँ कि 222 भारतीय नागरिक लीबिया में फँसे हुए हैं और सारे पत्र व्यवहार करने के बाद भी आज तक सरकार उनको नहीं छुड़ा पा रही है, और अब तो लीबिया में एक दूसरा संकट भी परसों से आया है जिससे हज़ारों भारतीय नागरिक लीबिया में फँसे हुए हैं। चार महीने से हमारे क्षेत्र के 222 गरीब, जो वहाँ मज़दूरी करने गए हैं, खाने के बिना मर रहे हैं, कपड़े के बिना मर रहे हैं, मैं उनके लिए सरकार से मांग करता हूँ कि जल्दी से जल्दी सरकार उन मज़दूरों को वहाँ से छुड़ाकर गुलामी से निजात दिलाए और भारत लाए। ...(व्यवधान)

**श्री गणेश सिंह (सतना):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान एक बहुत बड़े मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूँ। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और हमारे देश की खेती प्रकृति पर निर्भर है। इसे हम लोग गाँव में कहते हैं भगवान भरोसे। लगातार प्राकृतिक आपदाओं से किसान की फसलों को भारी मात्रा में नुकसान होता आ रहा है। अभी जनवरी के प्रथम सप्ताह में भीषण ठंड हुई और ठंड के कारण मध्य प्रदेश सहित उत्तर भारत के कई राज्यों के किसानों की फसलों को बहुत भयंकर नुकसान हुआ। किसानों की दलहनी फसल, सब्ज़ियाँ और फलों को बहुत भयंकर नुकसान हुआ है। दुर्भाग्य इस बात का है कि इतनी बड़ी प्राकृतिक आपदा आई और भारत सरकार कह रही है कि यह नैचुरल कैलेमिटी नहीं है। इससे

बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है? मैं अपने राज्य का उदाहरण बता रहा हूँ। मेरे राज्य में 50 जिले हैं। 50 जिलों में से 46 जिलों के किसानों की फसलों को नुकसान हुआ। लगभग 35 लाख हैक्टेयर भूमि में बोई हुई अरहर की फसल, चने की फसल, मसूर की फसल और सब्ज़ी तथा फलों को नुकसान हुआ और लगभग 7642 करोड़ रुपये की फसलों को नुकसान हुआ है। सरकार कह रही है कि यह प्राकृतिक आपदा में नहीं आता। हमारे मध्य प्रदेश की सरकार ने नए आरवीसी एक्ट में संशोधन करके प्रति किसान को 11हजार रुपये प्रति हेक्टेयर से अधिकतम 40हज़ार रुपये प्रति किसान तक और इस प्रकार 650 करोड़ रुपये अभी तक उन्होंने किसानों को देने का काम किया। भारत सरकार से हम लोगों ने केन्द्रीय अध्ययन दल के वहाँ जाने की मांग की। हमारे मुख्य मंत्री जी अनशन पर बैठ गए। प्रधान मंत्री जी ने फोन करके उनको बुलाया और कहा कि आइए हम बातचीत करने को तैयार हैं। यहाँ पर जब मुख्य मंत्री जी आते हैं तो योजना आयोग के उपाध्यक्ष, वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और प्रधान मंत्री जी के साथ उनकी बैठक होती है और वे कहते हैं कि पाला हमारे यहाँ नैचुरल कैलेमिटी में नहीं आता। इससे बड़ा मज़ाक और क्या हो सकता है? वहाँ के किसानों के साथ ज़बर्दस्त अन्याय हुआ। मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि आखिरकार किसान आत्महत्या क्यों कर रहा है? किसान के आत्महत्या करने का क्या कारण है? हम उन विषयों की ओर क्यों नहीं ध्यान दे रहे हैं? तमाम दुनिया भर में सब चीज़ों का बीमा होता है, जो राष्ट्रीय फसल बीमा योजना बनी हुई है उसमें क्रैडिट कार्ड वाले किसानों को आज तक पैसा नहीं मिला। मेरा निवेदन है कि राष्ट्रीय फसल बीमा योजना की एक नयी नीति बनाई जाए जिसमें किसान के खेत को ईकाई माना जाए और जो बाज़ार का दाम हो और जितना उत्पादन होता है, उसके अनुपात में उसको फसलों के नुकसान पर बीमा मिले। सवाल यह है कि किसान प्रीमियम कहाँ से जमा करेगा? उसमें यह प्रावधान किया जाए कि प्रीमियम का पैसा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार अपने खजाने से जमा करे, तब किसानों का रिस्क कवर होगा और किसानों की आत्महत्याएँ रुकेंगी, अन्यथा माफ़ करिये, किसानों की आत्महत्या रुक नहीं सकती। इस देश का बहुत बड़ा दुर्भाग्य है कि कृषि प्रधान देश होने के बावजूद भी किसान मर रहा है और सरकार आराम से बैठी हुई है। भारत सरकार को पता ही नहीं है कि किसान किस मुसीबत में है। किसान कर्ज़ के बोझ से लदा हुआ है, रोज़ मर रहा है, आत्महत्या कर रहा है, उसके बच्चे भूखे मर रहे हैं और किसानों की फसल को नुकसान होता है तो वे कहते हैं कि प्राकृतिक आपदा में नहीं आता। मेरी बहुत स्पष्ट मांग है। आप चाहें तो इस पर सदन से वोट करा लीजिए। हिन्दुस्तान के किसी भी कोने से आने वाले सभी सांसदों की एक ही राय है। इस पर सरकार को नयी नीति बनाने का काम करना चाहिए, मेरी यह मांग है। मध्य प्रदेश की सरकार ने जो 2442 करोड़ रुपये का पैकेज मांगा है, वह पैकेज उनको दिया जाए ताकि किसानों को राहत दी जा सके ।

**श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला :** सभापति जी, मैं श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए मुद्दे से अपने को संबद्ध करता हूँ।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** महोदय, मैं श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए मुद्दे से अपने को संबद्ध करता हूँ।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** मैं श्री गणेश सिंह द्वारा रखे गए विचारों से अपने को संबद्ध करता हूँ।

**20.00 hrs.**

मेरी बहुत स्पष्ट मांग है और आप चाहें तो इस पर सदन में वोट करा सकते हैं, हिन्दुस्तान के सभी सांसदों की एक ही राय है, इसलिए इस पर सरकार को नई नीति बनाने का काम करना चाहिए। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि मध्य प्रदेश सरकार ने जो 2442 करोड़ रूपये की मांग की है, उसे दिया जाए...(व्यवधान)

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): Mr. Chairman, Sir, as the House would know extension of age of retirement for the Central Government employees has been on the anvil for some time now. Such a vital policy affecting a large number of work force cannot be delayed and should be announced in the ensuing Budget Session.

With the advent of modern medical technology, the average span of Indian life has increased beyond 62 years long back. The proposed extension, if implemented, may not be an impediment to the National Employment policy as apprehended and it would increase productivity by keeping the experienced and dedicated people in service as was done earlier from 55 to 58, 58 to 60 and from 60 to 65 and recently from 65 to 70 years in case of Government doctors. A large number of categories with extended age limit do exist in today's society like security, academicians like teachers, professors, lecturers, judges and recently medical officers were added to the list whose experience and wisdom are being utilized for the common good of the country at large.

While agreeing with the opportunities for younger generation, it is worth mentioning that the recruitments are time-consuming and fraught with complex problems of hurdles now-a-days and involve `in service training' to the fresh candidates together with financial element in some categories which can be eliminated and avoided to certain extent by age extension for retirement.

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity to raise an important point about the recent political developments in Libya during `Zero Hour'. It is shocking to learn that an Indian national died while trying to escape from strife-torn Libya. A resident of Tirunelveli, Shri Murugaiah was said to have been shot dead by protesters. Hundreds of employees from my Theni Parliamentary constituency, particularly from the Periakulam area, are stranded in their places of work. It is learnt that they are without bare essentials like food, safe shelter and security. The families are worried about the whereabouts of their beloved. The Government of India must take the evacuation steps immediately. There are conflicting reports from stranded Indian community that the rescue operations are still inadequate as compared to quick action initiated by other countries. The relief operations initiated by Government of India are not up to the mark. In view of the prevailing conditions in the Gulf, West Asian and North African regions, the Foreign Ministry has to set up a control room to provide necessary facilitation to members of the Indian community who are working abroad. Indian Embassy in Libya should give adequate protection to the stranded Indians and give them shelter in protected areas. They have to be evacuated immediately and those who are evacuated should be given a job in India.

I would like to urge upon the Government to rush a team of special emissaries to Libya to oversee the rescue and relief operations. It is also necessary for the arrangements for their evacuation.

MR. CHAIRMAN Shri Majumder, your matter will be referred to the hon. Speaker for his consideration. I cannot allow this subject to be raised because it is *sub judice*. Your matter is being referred to the hon. Speaker for consideration and then it will be decided. .

Now, the House stands adjourned to meet again at 11 a.m. on Thursday, February 24, 2011.

**20.04 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*on Thursday, February 24, 2011/Phalguna 5, 1932 (Saka).*